रविवार

03 मार्च 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




तेजस्वी को मिले अपार जन समर्थन से घबराहट में है भाजपा 2



## प्रधानमंत्री मोदी ने औरंगाबाद में 21 हजार करोड़ की परियाजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया, बोले...

# बिहार विकसित होगा, तो देश भी विकसित होगा

- पीएम मोदी ने बेगुसराय में करीब 1.62 लाख करोड़ की 45 राष्ट्रव्यापी परियोजनाओं का किया उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण
- इन परियोजनाओं में 27345 करोड़ रुपये की लागत वाली बिहार की 13 परियोजनाएं भी शामिल
- प्रधानमंत्री ने स्वर्ण सिंधु तेल टैंकर और 4 ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी





केटी न्यूज/पटना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को बिहार के औरंगाबाद और बेगूसराय दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले औरंगाबाद में 21 हजार करोड़ की परियाजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास कर जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद वह बेगुसराय पहुंचे। जहां पीएम ने करीब 1.62 लाख करोड़ रुपये की 45 राष्ट्रव्यापी परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास व लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं में लगभग 27,345 करोड़ रुपये की लागत वाली बिहार की 13 परियोजनाएं भी शामिल हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वर्ण सिंधु तेल टैंकर और 4 ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज के ये प्रोजेक्ट, भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने का माध्यम बनेंगे। आज की ये परियोजनाएं बिहार में सुविधा और समृद्धि का रास्ता बनाएंगी। इसके साथ ही उन्होनें बताया कि इतिहास गवाह रहा है, जब-जब बिहार और ये पूर्वी भारत समृद्ध रहा है, तब-तब भारत भी सशक्त रहा है। जब बिहार में स्थितियां खराब हुईं, तो देश पर भी इसका बहुत बुरा असर पड़ा इसलिए मैं बेगुसराय से पूरे बिहार की जनता को कहता हूं- बिहार विकसित होगा, तो देश भी विकसित होगा...यह वादा नहीं है- यह मिशन है, यह संकल्प है।

### बिहार का विकास, कानून-व्यवस्था का राज मोदी की गारंटी

औरंगाबाद में प्रधानमंत्री मोदी के साथ मंच पर बिहार के सीएम नीतीश कुमार भी मौजूद रहे। वहीं, पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार को 3 गारंटी दी। औरंगाबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज यहां करीब 21.5 हजार करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास हुआ है। इन परियोजनाओं में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी कई परियोजनाएं हैं, इनमें रेल इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े काम भी हैं और इनमें आधुनिक बिहार की मजबूत झलक भी है। यही एनडीए की पहचान है। हम काम की शुरूआत भी करते हैं, काम पूरा भी करते हैं और हम ही उसे जनता-जनार्दन को समर्पित भी करते हैं। ये मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, आज बिहार की धरती पर मेरा आना कई मायनों में खास है। अभी कुछ दिन पहले ही बिहार के गौरव कपूरी ठाकुर जी को देश ने भारत रत्न दिया है। ये सम्मान पूरे बिहार का सम्मान है। उन्होंने कहा, बिहार का विकास- ये मोदी की गारंटी है। बिहार में शांति और कानून व्यवस्था का राज- ये मोदी की गारंटी है। बिहार में बहन-बेटियों को अधिकार-ये मोदी की गारंटी है। तीसरे टर्म में हमारी सरकार इन्हीं गारंटियों को पूरा करने और विकसित बिहार बनाने के लिए काम करेगी। पीएम मोदी ने कहा कि एक ही कार्यक्रम में सरकार का इतना बड़ा निवेश ये दिखाता है कि भारत का सामर्थ्य कितना बढ़ रहा है। इससे बिहार के नौजवानों को यहीं पर नौकरी के अनेकों नए अवसर बनेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज के ये प्रोजेक्ट, भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने का माध्यम बनेंगे।

### हाशिए पर जाने लगी है परिवारवादी राजनीति

विपक्ष पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, एनडीए की शक्ति बढ़ने के बाद बिहार में परिवारवादी राजनीति हाशिए पर जाने लगी है। परिवारवादी राजनीति की एक और विडंबना है। मां-बाप से विरासत में पार्टी और कुर्सी तो मिल जाती है, लेकिन मां-बाप की सरकारों के काम का एक बार भी जिक्र करने की हिम्मत नहीं पड़ती है। ये है परिवारवादी पार्टियों की हालत। कहा, बिहार में जब पुराना दौर था, राज्य को अशांति, असुरक्षा और आतंक की आग में झोंक दिया गया था। बिहार के युवाओं को प्रदेश छोड़कर पलायन करना पड़ा। एक आज का दौर है, जब हम युवाओं का कौशल विकास कर रहे हैं। बिहार के हस्त शिल्प को बढ़ावा देने के लिए हमने 200 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले एकता मॉल की नींव रखी है। ये नए बिहार की नई दिशा है। ये बिहार की सकारात्मक सोच है। ये इस बात की गारंटी है कि बिहार को हम वापस पुराने दौर में नहीं जाने देंगे।

### उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना को जल्द पूरा किया जाएगा

पीएम मोदी ने औरंगाबाद में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एक बार फिर बिहार ने डबल इंजन सरकार के जरिए विकास की रफ्तार पकड़ ली है और आज औरंगाबाद की धरती से बिहार के विकास का एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में विकास की गंगा बहने वाली है और यह आपके विश्वास, उत्साह और संकल्प की ताकत से ही संभव हो रहा है। इसी विश्वास के लिए मैं आपको धन्यवाद देने के लिए यहां आया हूं। प्रधानमंत्री ने कहा आज शुरू की जा रही विकास योजनाएं नए बिहार की नई दिशा की परिचायक हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं विकसित हो रही हैं और इसी के तहत वंदे भारत ट्रेनें, अमृत भारत स्टेशन योजना जैसी बड़ी योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। पीएम ने कहा कि वर्षों से लंबित उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना को जल्द पूरा करने के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है और इसके पूरा होने से बिहार और झारखंड के कई जिलों को की एक लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि को पानी मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि आमस दरभंगा फोरलेन सड़क बनने से गया, जहानाबाद, नालंदा, पटना, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा आदि जिलों को आधुनिक यातायात की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो जाएगी और इसके जरिए विभिन्न स्थानों पर पर्यटक सुविधाएं भी विकसित की जा सकेंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि बनारस-कोलकाता एक्सप्रेस वे से औरंगाबाद के लोगों को न केवल उत्तर प्रदेश पहुंचने में भी आसानी होगी बल्कि कोलकाता भी कुछ घंटे में पहुंच सकेंगे। मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना से बिहार के 9 करोड़ गरीबों को लाभ पहुंच रहा है तो यहां की एक करोड़ महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत मुक्त रसोई गैस कनेक्शन दिया गया है। इसी प्रकार बिहार के 90 लाख किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिया जा रहा है और 80 लाख परिवारों को आयुष्मान कार्ड के तहत 5 लाख रुपए की मुफ्त इलाज की गारंटी दी गई है।

### नीतीश बोले... अब हमेशा एनडीए के साथ बने रहेंगे

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आश्वासन दिया कि वह हमेशा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ बने रहेंगे। औरंगाबाद में आयोजित समारोह के अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम नीतीश कुमार ने कहा, मुझे विश्वास है कि राजग गठबंधन आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें जीतेगा। मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि अब मैं हमेशा एनडीए में रहूंगा। नीतीश कुमार ने पिछले महीने राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन को छोड़ अपने पुराने सहयोगी भाजपा नीत एनडीए में लौट आए थे। नीतीश कुमार ने कहा कि हम बिहार में प्रधानमंत्री मोदी जी का स्वागत करते हैं। बिहार में खूब विकास हो रहा है। मुझे विश्वास है कि अब चीजें तेजी से आगे बढ़ेंगी और राज्य विकास की नयी ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। प्रदेश के लोग अब आर्थिक रूप से अधिक सशक्त महसूस करेंगे।

# पीएम मोदी वाराणसी से, अमित शाह गांधीनगर से लड़ेंगे चुनाव

### भाजपा ने 195 सीटों के उम्मीदवार तय किए

एजेंसी/नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 का शंखनाद कर दिया है। पार्टी ने शनिवार को अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने बताया कि 16 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 195 सीटों के उम्मीदवार तय कर दिए गए हैं। बाकी सीटों पर मंथन चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे। अमित शाह गांधीनगर से चुनावी मैदान में होंगे। 34 केंद्रीय एवं राज्य मंत्रियों के नाम भी इस सूची में हैं। इसके अलावा दिवंगत सुषमा स्वराज की बेटी को भी लोकसभा का टिकट दिया गया है। विनोद तावड़े ने बताया कि उत्तर प्रदेश की 51, पश्चिम बंगाल की 26, मध्य प्रदेश की 24, गुजरात की 15, राजस्थान की 15, केरल से 12, तेलंगाना से नौ, असम से 11, झारखंड से 11, छत्तीसगढ़ की 11, दिल्ली की पांच, जम्मू-कश्मीर की दो, उत्तराखंड की तीन और अरुणाचल, गोवा, त्रिपुरा, अंडमान-निकोबार और दमन और दीव की एक-एक सीट पर प्रत्याशी तय किए गए हैं। गुरुवार को नरेंद्र मोदी, जेपी नड्डा, अमित शाह और राजनाथ सिंह सहित अन्य सदस्यों ने कई नामों को अंतिम रूप दिया था।

# एनआईए ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया से जुड़े दो लाख रु. के इनामी को किया गिरफ्तार

एजेंसी/नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने तेलंगाना के निजामाबाद में प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) द्वारा युवाओं को भर्ती करने और उन्हें आतंक व हिंसा को अंजाम देने के मामले में एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। बता दें, आरोपी पर दो लाख रुपये का इनाम था। उसके खिलाफ चार्जशीट भी दायर की जा चुकी है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पीएफआई तेलंगाना उत्तर के राज्य सचिव अब्दुल सलीम को गिरफ्तार किया है। वह इस मामले में पकड़ा जाने वाला 15वां आरोपी है। उसके खिलाफ पिछले साल जुलाई में निजामाबाद पुलिस स्टेशन में राज्य पुलिस ने मामला दर्ज कराया था।

पिछले साल जून में निजामाबाद जिले में वीआई टाउन पुलिस ने मामला दर्ज किया था, लेकिन एनआईए ने इस मामले को अपने पास ले लिया। उन्होंने सबसे पहले पिछले साल दिसंबर में 11 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर किया था। इसके बाद मार्च में पांच आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर किया गया था।

### आरएसएस नेता की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आरएसएस नेता आर रुद्रेश की आठ साल पहले हुई हत्या के मामले में मुख्य साजिशकर्ता मुंबई के हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। आरोपी पीएफआई का सदस्य है और विदेश से लौट रहा था। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि 2016 से फरार गौस नयाजी को तंजानिया के दार-ए-सलाम से यहां पहुंचने के तुरंत बाद शुक्रवार को मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर एक विशेष टीम ने गिरफ्तार कर लिया। बंगलूरू के शिवाजीनगर इलाके से आरएसएस के प्रमुख नेता रुद्रेश की 16 अक्तूबर 2016 को प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के चार सदस्यों ने हत्या कर दी थी।






## प्रदेश में 1,100 अन्नपूर्णा भवनों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया लोकार्पण

# बिना भेदभाव सुशासन का मॉडल ही रामराज्य है: योगी

- 79,000 उचित दर दुकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण का सीएम ने किया शुभारंभ
- बोले सीएम -अन्नपूर्णा भवनों से कोटे का राशन भी मिलेगा, जन्म-मृत्यु, आय, जाति प्रमाणपत्र भी बनाए जाएंगे



केटी न्यूज/लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकारी कार्यों में अधिकाधिक टेक्नोलॉजी के उपयोग से आम जनमानस की जिंदगी में तेजी से बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मंशा के अनुरूप जीवन के हर क्षेत्र में रिफॉर्म से न केवल पारदर्शिता बढ़ी है बल्कि भ्रष्टाचार भी समाप्ति की ओर है। उन्होंने कहा कि जहां शासन की सुविधा का लाभ बिना भेदभाव हर नागरिक तक पहुंच सके वही सुशासन है और सुशासन का यही मॉडल रामराज्य है। सीएम योगी शनिवार को लोकभवन में खाद्य रसद विभाग और ग्राम्य विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में 1100 अन्नपूर्णा भवनों और 79000 उचित दर दुकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों का लोकार्पण और शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सतत प्रयास से हर गरीब को खाद्यान उपलब्ध कराने में हम सफल हुए हैं। 2014 से पहले जरूरतमंदों को राशन नहीं मिल पाता था। उनके नाम पर राशन कार्ड तो होता था, मगर राशन कोई और ही डकार जाता था। यहां तक कि 2017 से पहले प्रदेश के कई जनपदों में भूख से भी मौतें होती थीं। मगर, हमने पहले ई पॉश मशीन और अब ई वेइंग मशीन जैसी तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया है। इससे राशन वितरण के क्षेत्र में व्यापक रिफॉर्म हुए हैं। खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से प्रदेश के लगभग 80 हजार राशन कोटे की दुकानों में हुए इस रिफॉर्म का लाभ 15 करोड़ लाभार्थियों लोगों को प्राप्त हो रहा है।

**भूखमरी की समस्या का हुआ समाधान:** मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक आधरित खाद्य वितरण प्रणाली से न केवल भूखमरी की समस्या का समाधान हुआ, बल्कि हम कलंक से मुक्त भी हुए हैं। पहले राशन एफसीआई गोदामों से निकलने के बाद बीच से ही गायब हो जाता था, मगर अब लखनऊ से ही बैठकर मॉनीटरिंग होगी कि राशन वास्तव में जिस कोटे की दुकान तक जाना था, वहां तक पहुंचा या नहीं। यह परिवर्तन ही सबका साथ सबका विकास है। यही मोदी जी का मंत्र है जो जमीनी धरातल पर उतरता हुआ दिखाई दे रहा है। 2014 से पहले यह असंभव था।

**अन्नपूर्णा भवनों से जेनरिक दवाएं भी मिलेंगी, बनेंगे जरूरी प्रमाणपत्र:** मुख्यमंत्री ने लोकार्पित हुए 1100 अन्नपूर्णा भवनों के बारे में बताते हुए कहा कि अब राशन कोटे के लिए अन्नपूर्णा भवन स्थाई भवन हो गए हैं। अब कोटेदार के बदलने पर भी राशन की दुकानें नहीं बदलेंगी। राशन के साथ ही अन्नपूर्णा भवनों से अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। यहां से सस्ती जेनरिक दवाएं और घर की अन्य आवश्यक वस्तुओं की भी पूर्ति की जाएगी। यहां राशन के लिए गोदाम भी रहेगा। इसके अलावा यहीं पर कॉमन सर्विस सेंटर भी होगा, जहां से जन्म, मृत्यु, आय, जाति प्रमाणपत्र जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी।

## राजद प्रवक्ता और राज्य सभा सांसद ने भाजपा पर साधा निशाना

# तेजस्वी को मिले अपार जन समर्थन से घबराहट में है भाजपा: मनोज झा

**केटी न्यूज/पटना**



तेजस्वी यादव की जन विश्वास यात्रा में बिहार की जनता के मिले अपार जन समर्थन से भाजपा घबराहट में है। इसी कारण अब गुजरात के शहंशाह बिहार में थैली खोल रहे हैं। यही कारण है कि अब साइकोलॉजी तौर पर तेजस्वी को तोड़ने की कोशिश की जा रही है लेकिन तेजस्वी यादव ने एक लंबी लकीर खींच दी है। अब 3 मार्च को होने वाली जन विश्वास महारैली शुरू कड़ी में एक और इतिहास बनाएगी। ये बातें शनिवार को राजद प्रवक्ता और राज्य सभा सांसद मनोज झा ने कही। उन्होंने कहा कि 20 फरवरी को शुरू हुई तेजस्वी यादव की जन विश्वास यात्रा में बिहार के हर हिस्से में लोगों का विश्वास दिखा। 3500 किलोमीटर की यात्रा में हर जाति, हर वर्ग, हर समुदाय के लोग सड़क पर थे। खास कर युवा सड़क पर थे, महिलाएं सड़क और थी।

मनोज झा ने कहा कि बिहार के आम लोगों में यह भरोसा जगा है कि नौकरी मतबल तेजस्वी, अस्पताल मतलब तेजस्वी, भरोसा मतलब तेजस्वी और ये बिहार के गांव गांव के लोग कह रहे हैं। पीएम मोदी का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि तेजस्वी यात्रा को मिले इसी भरोसे से गुजरात के शहंशाह घबराए हुए हैं। तेजस्वी ने बिहार की राजनीति में जो लंबी लकीर खींची है, अब इसी पर बिहार में राजनीति होगी। यहां मंदिर, मस्जिद गिरजाघर के मुद्दे पर सियासत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जन विश्वास यात्रा में जो लोग आए उसे भीड़ मत कहिए क्योंकि जो लोग आ रहे हैं उनकी आंखों में भरोसा है उन्हें आज और अभी तेजस्वी चाहिए मुख्यमंत्री के तौर पर चाहिए।

**राहुल गांधी के आगमन का खुलासा :** 3 मार्च को पटना के गांधी मैदान में होने वाली जन विश्वास महारैली में महागठबंधन के कौन कौन नेता शामिल होंगे इस पर मनोज झा ने बड़ा संकेत दिया। उन्होंने कहा कि यह महागठबंधन बिहार की रैली है. इसमें हमने अलग से किसी को इनविटेशन नहीं भेजा है। जो भी लोग शिरकत करना चाहेंगे उनका स्वागत है। रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी आएंगे या नहीं इसे लेकर मनोज झा ने साफ कहा कि हमने किसी को अलग से निमंत्रण नहीं भेजा है।

### पाप में सहभागी ना बनें स्पीकर

नीतीश कुमार के महागठबंधन से अलग होकर एनडीए सग सरकार बनाने के बाद से अब तक 5 राजद विधायक पाला बदल चुके हैं। उनकी विधानसभा की सदस्यता समाप्त होने से जुड़े सवाल पर मनोज झा ने कहा कि हमारी पार्टी से जो विधायक टूटे हैं, उनके लिए स्पीकर को हमने पत्र लिखकर आग्रह क्या है कि आप इस पाप का भागीदार मत बनिए। लोग भी दल बदल किए हैं उनकी सदस्यता जानी चाहिए और स्पीकर यह पहल करेंगे। अगर स्पीकर की ओर से इसमें देरी की जाती है तो हमलोग सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे। राजद विधायक प्रहलाद यादव, चेतन आनंद, नीलम देवी, संगीता कुमारी और भरत बिंद ने पार्टी छोड़कर एनडीए का दामन थामा है।

**पद की गरिमा बनाए रखें पीएम मोदी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शनिवार के औरंगाबाद और बेगूसराय दौरे पर मनोज झा ने तंज कसा। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री से हम हमेशा अपेक्षा करते हैं उद्घाटन किए हुए चीजों का उद्घाटन ना करें। देश के प्रधानमंत्री को उस पद की भी गरिमा रखना चाहिए। उन्होंने कटाक्ष किया कि जिन योजनाओं का आज पीएम मोदी बिहार की धरती से उद्घाटन करने का दावा करेंगे उसमें कई योजनाएं पहले से क्रियान्वित है। इसलिए उद्घाटन किए हुए चीजों का उद्घाटन पीएम ना करें।

# दरभंगा जिले में युवक की गला दबाकर हत्या

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार के दरभंगा जिले के लहेरियासराय थाना क्षेत्र के मदारपुर निवासी एक युवक की गला दबाकर हत्या कर दिए जाने का मामला सामने आया है। युवक की हत्या का आरोप परिजनों ने होटल मालिक रामबाबू गुप्ता पर लगाया है। सूचना मिलने के बाद बेंता थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फिर मामले की तहकीकात करने में जुटते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार, मृतक सोनू (17) करीब एक वर्ष से लहेरियासराय थाना क्षेत्र के रहमगंज स्थित महालक्ष्मी स्वीट्स में काम किया करता था। वह वहीं रहा करता था।

बीती रात होटल मालिक के बेटे ने मृतक की मां को फोन कर कहा कि उसके बेटे की तबीयत बहुत खराब है, आप लोग डीएमसीएच पहुंचिए। इसके बाद सोनू की मां अपने अन्य परिजनों के साथ डीएमसीएच पहुंची। तब तक सोनू की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया है। बताया जा रहा है कि सोनू चार भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक की मां अंजली देवी ने बताया कि सोनू होटल मालिक के यहां ही रहकर काम किया करता था। कल रात करीब 12 बजे होटल मालिक के बेटे का फोन आया कि आपके बेटे की तबीयत ज्यादा खराब हो गई है। उसे डीएमसीएच में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जब हम लोग अस्पताल पहुंचे तो होटल का कोई भी आदमी वहां मौजूद नहीं था। बल्कि मेरे बेटे का शव वहां पड़ा हुआ था। उसके गले दाग के गहरे निसान थे। उन्होंने होटल मालिक पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### सीतामढ़ी में 425 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

बिहार के सीतामढ़ी जिले के मेजरगंज थाना क्षेत्र के बीओपी हरपुरकला के बीपी नंबर 340 के पास एसएसबी 20वीं बटालियन ने गश्त के दौरान शुक्रवार की रात भारी मात्रा में प्रतिबंधित गांजा बरामद किया है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने स्कॉर्पियो गाड़ी में लदा 425 किलो गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में 1.50 करोड़ से अधिक कीमत आंकी जा रही है। उक्त कार्रवाई का नेतृत्व रइ कैंप कमांडर संदीप कुमार ने किया। इस दौरान जवानों ने वाहन चला रहे तस्कर को भी दबोच लिया। जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार तस्कर की पहचान सोनबरसा थाना के सोनबरसा वार्ड संख्या 5 निवासी हरिश्चंद्र राय के बेटे अविनाश पटेल के रूप में की गई है। एसएसबी 20वीं बटालियन के कमांडेंट गिरीश चंद्र पांडे ने बताया कि गिरफ्तार चालक सह तस्कर से पूछताछ के अनुसार पता चला कि उक्त माल को नेपाल के सलार्ही जिला हथिओल निवासी संतोष कुमार ने रुन्नीसैदपुर प्रखंड के सैदपुर निवासी रोहन कुमार को देने के लिए कहा था।

### पीएम मोदी के कार्यक्रम में नहीं आए चिराग

**बेगूसराय।** देश के पीएम नरेंद्र नोदी शनिवार को बिहार के दौरे पर थे। पहला सरकारी कार्यक्रम औरंगाबाद और दूसरा कार्यक्रम बेगूसराय में हुआ। कार्यक्रम में सीएम नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, जीतनराम मांझी, सांसद प्रिंस राज मौजूद रहे। पर पीएम मोदी के हनुमान चिराग पासवान कहीं नजर नहीं आए। जिसके बाद अब कई तरह की चर्चा भी शुरू हो गई है। ऐसा नहीं है कि चिराग पासवान को न्यौता नहीं मिला था। चिराग पासवान को प्रोग्राम में आने का न्यौता भी दिया गया था। चिराग पासवान को कार्यक्रम में आना भी था। बेगूसराय वाले कार्यक्रम में जो सिटिंग ऐरेजमेंट बनाया गया था। उसमें एक कुर्सी चिराग पासवान के लिए भी रखी गई थी, पर चिराग पासवान नहीं आए।




### नई ट्रेन के लिए पीएम मोदी को दी बधाई

**फारबिसगंज।** आजादी के बाद पहली बार जोगबनी भाया फारबिसगंज दरभंगा रेल खण्ड पर ट्रेन परिचालन के साथ साथ सीमावर्ती अररिया जिला को कोसी मिथिला और चंपारण और उत्तर बंगाल जाने के लिए सीधी रेल सेवा प्रदान करने के लिए आम लोगों सहित भाजयुमो नेता विधानसभा प्रभारी प्रवीण कुमार जिला महामंत्री प्रताप नारायण मंडल एवं पूर्व नगर अध्यक्ष धीरज पासवान ने हर्ष व्यक्त करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के प्रति आभार जताया है। जारी प्रेस बयान में भाजयुमो नेता प्रवीण कुमार ने कहा कि लंबे समय से जिस पल का इस क्षेत्र के वासी बाट जोह रहे थे उस आशा को पीएम द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जरिये उदघाट्न करके पूरी की गई है। जिससे इससे क्षेत्र के व्यवसाईंयों किसानों छात्रों सहित आमयात्री को बहुत राहत मिलेगी कहा कि आज का दिन इतिहास के पन्नों में पिरोया जाएगा। कुमार ने इस ऐतिहासिक पल को लाने के लिए आवाज बुलंद करने वाले समाजिक कार्यकर्ता युवाओं पत्रकारों और स्वयंसेवी संगठनों के लोगों को भी बधाई दिया है।

### रेणु महोत्सव चार मार्च को, जिला प्रशासन ने निर्धारित किया कार्यक्रम

**अररिया।** आंचलिक साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु के जन्म दिवस समारोह, 2024 के अवसर पर हाई स्कूल, अररिया के प्रांगण में रेणु महोत्सव 2024 का आयोजन किया जायेगा। जिला पदाधिकारी अररिया श्रीमती इनायत खान के दिशा निर्देश में रेणु महोत्सव 2024 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की पूर्व तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसको लेकर मुख्य कार्यक्रम स्थल हाई स्कूल अररिया के प्रांगण सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित की जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारी ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वहीं रेणु जी के समाधि स्थल (औराही हिंगना) में पुष्प अर्पित किये जाने एवं सिमराहा चौक एवं उ०म०वि० औराही हिंगना में स्थित रेणु जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किये जाने का कार्यक्रम निर्धारित है। सदर थाना, अररिया के निकट रेणु कुंज स्थित प्रतिमा पर भी माल्यार्पण का कार्यक्रम निर्धारित है। इसके अलावा रेणु जी पर आधारित निबंध पेंटिंग/भाषण प्रतियोगिता सभी विद्यालयों में आयोजित करने का निर्देश दिया गया, जिसमें अंतिम रूप सफल प्रतिभागियों को रेणु महोत्सव में पुरस्कृत किया जायेगा। वहीं मुख्य कार्यक्रम स्थल हाई स्कूल अररिया में साहित्यिक परिचर्चा का आयोजन किया जायेगा।

# ब्रजेश मेहरोत्रा बिहार के नए मुख्य सचिव नियुक्त किए गए

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार सरकार ने सीनियर आईएएस अधिकारी ब्रजेश मेहरोत्रा को नया मुख्य सचिव नियुक्त किया। 1989 बैच के अधिकारी ब्रजेश मेहरोत्रा वर्तमान में राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त होने के अलावा, सामान्य प्रशासन और संसदीय मामलों के अतिरिक्त प्रभार के साथ राजस्व और भूमि सुधार के अतिरिक्त मुख्य सचिव हैं। अधिसूचना के मुताबिक ब्रजेश मेहरोत्रा 4 मार्च को अपना नया कार्यभार संभालेंगे। आमीर सुबहानी का स्थान लेंगे, जो अप्रैल में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। मगर, उससे पहले ही उन्होंने वीआरएस ले लिया। उन्हें बिहार लोक सेवा आयोग या राज्य के विद्युत नियामक प्राधिकरण का अध्यक्ष बनाए जाने की अटकलें हैं।

बिहार के नए मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। फिलहाल राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के साथ संसदीय कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव के पद पर तैनात हैं। बिहार सरकार ने उन्हें 4 मार्च 2024 से राज्य का नया मुख्य सचिव बनाया है। इसके अलावा विकास आयुक्त के पद पर चैतन्य प्रसाद की पोस्टिंग की गई है।

### पटना स्टेशन पर टीटी को चाकू मारनेवाला आरोपी गिरफ्तार

**पटना।** बिहार के पटना जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर टिकट की जांच कर रहे एक सीनियर टीटी को एक युवक ने चाकू मार दिया था। इस घटना के 24 घंटे के अंदर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम दीपक कुमार झा उर्फ पंडित जी (21) बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी के पास से कांड में प्रयुक्त किए गए चाकू को भी बरामद कर लिया है। मामले की पुष्टि शनिवार को रेल एसपी अमृतसर चंद्रशेखर ठाकुर ने पटना में की। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को पटना जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर टिकट चेकिंग के दौरान एक युवक ने डिप्टी सीआईटी देवेश कुमार सिंह पर चाकू से हमला कर दिया था। इस हमले में देवेश कुमार सिंह घायल हो गए थे, जिन्हें इलाज के लिए रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पटना के जीआरपी थाना में इसकी लिखित शिकायत की गई थी।









# पुलिस प्रशासन के लाख प्रयास के बावजूद नहीं थम रहे जमीन विवाद

- नया भोजपुर में कपड़ा व्यवसायी पर फायरिंग के बाद गहराया विवाद
- जमीन की खरीद बिक्री में बिचौलिए की संस्कृति के बाद विवाद की बन रही मुख्य वजह

**केटी न्यूज/ डुमरांव**

अनुमंडल इलाके में जमीन विवाद के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे है। जमीन की खरीद बिक्री में बिचौलिए की संस्कृति इस विवाद की मुख्य वजह बन रही है। शुक्रवार को नया भोजपुर चौक के पास स्थित कपड़ा व्यवसायी कमलेश सिंह पर भी जानलेवा हमला इसी बिचौलिए की भूमिका निभाने पर हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार वे किसी विजय शंकर पांडेय के डेढ़ कट्ठा की जमीन को बेचने के लिए पुराना भोजपुर के अमन कुशवाहा से दो लाख रूपए लिए थे। लेकिन डेढ़ महीना बाद भी उसे जमीन नहीं मिला और पैसा मांगने पर कमलेश उससे समय ले रहे थे। जिस कारण अमन ने उन्हें धमकाने के लिए उनके दुकान के बाहर हवाई फायरिंग कर दिया। संयोग से गोली कमलेश को नहीं लगी तथा वह पकड़ा गया। ग्रामीण सूत्रों की मानें तो अमन कमलेश सिंह से बार बार अपने पैसे की मांग कर रहा था। जबकि ये जमीन की बिक्री होने के बाद पैसा वापस करने की बात कह रहे थे। जिस कारण विवाद ने बड़ा रूख अख्तियार कर लिया। हाल के दिनों में अनुमंडल इलाके में मारपीट के कई मामले सामने आए है, जो जमीन विवाद से उत्पन्न हुए है। हालांकि, राज्य सरकार व स्थानीय प्रशासन द्वारा जमीन विवाद को रोकने के लिए कई हथकंडे अपनाए गए है। इसी कड़ी में प्रत्येक शनिवार को थानों में जनता दरबार आयोजित कर जमीन विवाद के मामलों का निपटारा करवाया जा रहा है। वही हाल ही में जमीन की रजिस्ट्री के निमयमों को भी और सख्त किया गया है, ताकी जमीन विवाद में हो रहे हिंसक झड़प को रोका जा सकें। बहरहाल नया भोजपुर की घटना ने यह साबित कर दिया है कि जमीन विवाद के मामले थमने के नाम नहीं ले रहे है।



## डोमन झखरा नदी से बरामद हुई युवक की सिर कटी लाश

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शनिवार को सिमरी व कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके बड़का में एक 30-35 वर्षीय युवक का सिर कटी लाश मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। युवक का शव बड़का ढकाईच गांव के उत्तर तथा दुरासन गांव के दक्षिण से बहने वाली डोमन झखरा नदी के किनारे पड़ा था। इसकी जानकारी मिलते ही ही सिमरी व कृष्णाब्रह्म थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान दोनों थानों की पुलिस सीमा विवाद को लेकर देर तक उलझी रही। बाद में सिमरी थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा। समाचार लिखे जाने तक युवकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव को देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि चार-पांच दिन पहले उसकी हत्या की गई है। शव से बदबू निकल रहा था। बदबू के आधार पर ही खेतों में काम करने वाले किसानों को इसकी जानकारी हुई। सिमरी थानाध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

## खबरें फटाफट

### बिजली पोल में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**केसठ।** शनिवार की सुबह स्थानीय बस पड़ाव वार्ड 6 में अचानक एक बिजली के पोल में आग लग गयी। जिसके बाद देखते ही देखते बिजली के तार जल कर नीचे गिरने लगे। जिसके बाद उक्त जगह अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने अगलगी की सूचना तत्काल बिजली विभाग को दी। तब बिजली विभाग द्वारा बिजली को काट दिया गया। तब जाकर धीरे-धीरे आग पर काबू पाया गया। वही तार को मरम्मत किया गया। आग कैसे लगी इसकी सूचना नहीं मिल पाई है, लेकिन ग्रामीणों के माने तो आगे शॉर्ट सर्किट से लगी है।

### नरबतपुर मार्ग से 194 पीस देशी शराब बरामद

**चौसा।** मुफ्फसिल पुलिस ने शराब के विरूद्ध अभियान चलाते हुए नरबतपुर माईनर मार्ग से भारी मात्रा में देशी शराब बरामद किया है। जबकि पुलिस के आने से पहले ही शराब तस्कर फरार होने में सफल रहे। मुफ्फसिल थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि चौसा पशु मेला से पुरब उक्त नहर मार्ग के पास लावारिस हालत में कुछ सामान रखा हुआ है। पुलिस बलों ने जब उसकी जांच की तो पता चला कि देशी शराब से भरा हुआ है।

## डुमरांव थाना क्षेत्र के चतुरशालगंज की है घटना, ब्लेड का किया गया उपयोग

# प्रेमिका ने प्रेमी को बुलाया घर, परिवार के साथ मिलकर काटा गुप्तांग, तीन गिरफ्तार

- डुमरांव के चतुरशालगंज की है घटना, प्रताप सागर का रहने वाला है पीड़ित
- परिजनों का आरोप लड़की ने साजिश के तहत उसे फोन कर बुलाया, दूर के रिश्तेदार है आरोपित व पीड़ित परिवार

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शनिवार को डुमरांव में एक बड़ा ही लोमहर्षक मामला सामने आया है। अपनी प्रेमिका के बुलाने पर उसके घर गए एक प्रेमी युवक को लड़की के घरवालों ने पकड़ बेरहमी से पिटाई करने के साथ ही ब्लेड से उसके गुप्तांग को काट दिया है। खास यह कि प्रेमी-प्रेमिका आपस में दूर के रिश्तेदार भी है। गंभीर अवस्था में युवक किसी तरह भागकर खुद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचा। जहां प्राथमिक इलाज के दौरान उसके परिजन भी आ गए तथा बेहतर इलाज के लिए लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। उसकी चिंताजनक स्थिति को देख वहां से भी उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। इसके बाद परिजन जिला मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल में उसका इलाज करवा रहे है। उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें पिंकी कुमारी, ओम प्रकाश कुमार उर्फ बंगाली और जितेन्द्र कुमार शामिल हैं।

पीड़ित युवक की पहचान नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के प्रताप सागर गांव के भरत गोंड के 25 वर्षीय पुत्र अनिल गोंड के रूप में हुई है। अनिल के चाचा गुड्डु गोंड ने बताया कि वह शनिवार की दोपहर किसी लड़की के बुलाने पर उसके घर डुमरांव के चतुरशालगंज गया था। जहां, लड़की के परिजनों ने उसकी ये हालत की है परिजनों ने पुलिस को इसकी सूचना विलंब से दी। सूचना मिलते ही डुमरांव थाने की पुलिस टीम जख्मी युवक का बयान दर्ज करने बक्सर के लिए रवाना हो गई। थानाध्यक्ष अनिशा राणा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताई की घटना की जानकारी मिली है। जख्मी का बयान दर्ज करवाने के लिए पुलिस टीम भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है। इधर इसकी जानकारी मिलते ही शहर में चचाओं का बाजार गर्म हो गया है। समाचार लिखे जाने तक युवक की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। इधर अस्पताल में युवक तथा उसके परिजनों के बयान दर्ज कर पुलिस एफआईआर दर्ज करने की तैयारी में जुट गई है।

**परिजनों का आरोप युवती भी है साजिश में शामिलः** इस मामले में जख्मी युवक के चाचा गुड्डु की मानें तो उसकी कथित प्रेमिका भी इस साजिश में शामिल है। उसने ही फोन कर अनिल को अपने घर बुलाया था। जहां उसके भाईयों तथा अन्य परिजनों ने पहले बेरहमी से पीटा तथा बाद में गुप्तांग काट दिया। वहीं ग्रामीण सूत्रों की मानें तो पिछले दो-तीन वर्ष से उक्त युवक का उस युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों स्वजातिय है।

**दूर के रिश्तेदार है आरोपित व पीड़ितः** इस मामले में सबसे बड़ा ट्वीट्स यह है कि पीड़ित युवक व आरोपित परिवार दोनों आपस में रिश्तेदार है। मिली जानकारी के अनुसार जख्मी अनिल के चाचा गुड्डु की ससुराल चक्की गांव में है तथा गुड्डु के साले की शादी चतुरशालगंज में हुई थी। इसी रिश्ते के आधार पर अनिल अक्सर चतुरशाल गंज जाता था। जहां उसके चाचा के साले की साली से अवैध संबंध बन गया था। बताया जा रहा है कि शनिवार को भी वह उससे मिलने गया था, इसी दौरान उसके घर वालों ने दोनों को आपत्ति जनक स्थिति में देख लिया था।

**80 प्रतिशत तक क्षतिग्रस्त हो गया है गुप्तांगः** युवक का इलाज करने वाले बक्सर के वीके ग्लोबल अस्पताल के डॉ. बीके सिंह ने बताया कि उसका गुप्तांग 80 प्रतिशत तक क्षतिग्रस्त हो गया है। स्थिति काफी क्रिटिकल है। आपरेशन कर दिया गया है। उसके शरीर के कई हिस्सों में अंदरूनी चोटें भी है।

**क्या कहती है थानाध्यक्ष**

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम को युवक का बयान लेने बक्सर भेजा गया। इस मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी का प्रयास शुरू कर दिया गया है। उन्हें जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। - **अनिशा राणा, थानाध्यक्ष, डुमरांव**

# अनुमंडल में शुरू हुआ आयुष्मान कार्ड बनना, लाभुकों की उमड़ी भीड़

**केटी न्यूज/डुमरांव**



राज्य सरकार के निर्देश पर जिले के सभी राशन कार्ड धारियों का आयुष्मान कार्ड बनना शुरू हो गया है। शनिवार को डुमरांव अनुमंडल के सभी पीडीएस दुकानों पर आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए ऑन लाइन आवेदन करने वाले लाभुकों की भीड़ लगी रही। पहले दिन डुमरांव प्रखंड क्षेत्र में कुल 1251 लोगों ने अपना ऑनलाईन आवेदन करवाया। प्रखंड में यह अभियान एमओ विजय कुमार तिवारी के नेतृत्व में चलाया गया। वे खुद कई जगहों पर जा निरीक्षण करते रहे। बता दें कि आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए सरकार के सचिव डॉ एन श्रवण कुमार ने सभी जिलों के डीएम को जविप्र विक्रेताओं को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनाके अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड बनवाने का निर्देश दिया है। निर्देश के मद्देनजर शनिवार से सभी राशन लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनना शुरू हो चुका है। मिली जानकारी के अनुसार डुमरांव प्रखंड में कुल 18 पीडीएस दुकान है, सभी दुकानों पर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैंप लगाया गया था। प्रखंड में राशन लाभार्थियों की संख्या लगभग डेढ़ लाख है। एमओ ने बताया कि शनिवार से राशन कार्ड बनवाने का शुरू हुआ कैंप अब लगातार चलता रहेगा। उन्होंने सभी राशन लाभार्थियों से अपील किया है कि वो स्वयं आगे आकर आयुष्मान योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन कराएं।

# शिक्षा का अलख जगाने के लिए प्रोफेसर अखिलेश दुबे ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**केटी न्यूज/केसठ/चौगाई**



शिक्षा का अलख जगाने के लिए जनसंपर्क के माध्यम से बक्सर के चौगाई, केसठ, कोरानसराय, सिकरौल लख के अनेकों गांव में लोगों से संपर्क किया गया तथा लोगों को आधुनिकतम शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग कर नई शिक्षा क्रांति लाना है। यह बातें दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अखिलेश दुबे ने प्रेस वार्ता में बताया। उन्होंने आगे कहा कि बक्सर क्षेत्र भगवान राम और लक्ष्मण की कर्म भूमि व शिक्षा स्थली रही है। इसकी शुरुआत बक्सर स्थित रामरेखा घाट से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए किराए पर भवनों की व्यवस्था कर उच्च कोटि के विद्वानों द्वारा शिक्षा प्रदान कराया जाएगा। कहा की आज के परिवेश में समुचित शिक्षा के अभाव में बेरोजगारी की समस्या दिन व दिन बढ़ती जा रही है। जिसके चलते पढ़े लिखे युवा दर-दर भटक रहे हैं। यह बिहार जैसे राज्य के लिए कलंक है। यहां बेरोजगारी दर काफी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने के लिए मैं संकल्पित हूं। तथा इसी के उद्देश्य से क्षेत्र भ्रमण का कार्य कर रहा हूं। इस क्रम में कई जगह जनसभा को भी उनके द्वारा संबोधित किया गया। इस दौरान विभिन्न जगहों पर फूल माला व अंग वस्त्र से लोगों द्वारा उनका स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश गौतम, नंदलाल पंडित, देवी दयाल सिंह, नरेंद्र पांडे, मनोज तिवारी, रमेश कुमार पांडे, राधेश्याम तिवारी, संतोष पांडे, धर्मदेव तिवारी, हनुमान दूबे, पूर्व प्रमुख कमलेश गुप्ता, रमेश गुप्ता, वरिष्ठ कार्यकर्ता भाजपा विजय प्रताप सिंह, सुमन तिवारी आदि शामिल रहे।

## महाकाल शिव मंदिर में होगी शादी, तैयारी जोरों पर

# ढोल-नगाड़े की थाप के साथ होगा शिव-पार्वती का मिलन

- भगवान भोले शंकर और मां पार्वती की प्रतिमा को रंग-रोगन के साथ अंतिम रूप देने में जुट है कलाकार

**केटी न्यूज/डुमरांव**



महाशिवरात्रि पर परंपरा के अनुसार शहर के चर्चित महाकाल महादेव मंदिर में पूजा महोत्सव की तैयारी जोरों पर चल रही है। यहां शुक्रवार आठ मार्च को मांगलिक गीतों और ढोल-नगाड़ों की थाप के साथ शिव-पार्वती का मिलन होगा। मंदिर को रंग-बिरंगे बल्बों से सजाया जा रहा है। भगवान शंकर और मां पार्वती की प्रतिमा को कलाकर रंग-रोगन के साथ अंतिम रूप देने में जुटे है। मंदिर में आकर्षक ढंग से फूलों का मंडप बनाया जायेगा। मंडप में वैवाहिक गीत और भजनों के बीच भगवान शंकर और माता पार्वती की शादी होगी। तत्पश्चात महाभंडारा आयोजित किया गया है, जहां सैकड़ो लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे। मंदिर के आयोजनकर्ता राजेन्द्र सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं के सहयोग से पिछले 12 वर्षों से शिव-पार्वती विवाह महोत्सव और हरिकीर्तन का आयोजन किया जाता है। भक्तों द्वारा मटकोर, मड़वा से लेकर शादी-विवाह की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। साथ ही शहर के अन्य प्रमुख शिवालयों में भी महाशिवरात्रि पर भगवान शिव के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। निर्जला व्रत रखने वाले श्रद्धालु भगवान महाकाल महादेव की आराधना करेंगे। बताया जाता है कि महाशिवरात्रि पर चारों पहर पूजा करने का विधान है। बाबा जंगलीनाथ महादेव मंदिर, शिव मंदिर महरौरा, लंगटू महादेव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में सुबह से लेकर शाम तक शिव पूजा अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहेगा।

**महरौरा व कचईनियां में लगता है मेलाः** दूसरी तरफ महाशिवरात्रि पर नगर के महरौरा शिव मंदिर व कचईनियां गांव से बाहर विनोवा वन में स्थित कंचनेश्वर धाम शिव मंदिर में विशाल मेले का आयोजन होता है। दोनों मंदिर प्रबंधनों द्वारा मेले की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके अलावे अनुमंडल क इटाढ़ी प्रखंड स्थित प्रसिद्ध सोखा धाम शिव मंदिर में भी तीन दिनों तक चलने वाला मेला आयोजित होता है। महाशिवरात्रि के साथ ही मेले के आयोजन से भी प्रशासनिक तैयारियां बढ़ गई है। वही महाशिवरात्रि नजदीक आते ही शिव भक्तों का उत्साह भी चरम पर पहुंचने लगा है। वहीं दूसरी ओर मेला के लिए भी आयोजकों ने तैयारी शुरू कर दी है। इस तरह की व्यवस्था बनायी जा रही है कि मंदिरों में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। वाहनों की लंबी कतार नहीं लगे।

## मुक्ति का साधन है भागवत कथा : हरी प्रकाश महाराज

**बक्सर।** चरित्रवन स्थित स्वामी सहजानंद सरस्वती आश्रम में चल रहे सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के दूसरे दिन शनिवार को कथावाचक दंडी स्वामी देवानंन्द सरस्वती के कृपापात्र शिष्य हरी प्रकाशजी महाराज ने कहा कि इस कली काल में मुक्ति का सिर्फ एक ही साधन है और वो है भगवत कथा जिसका श्रवण पान करके सभी जीव इस संसार से मुक्ति पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद भागवत का वर्णन पद्म पुराण में भी किया गया है। भगवान व्यासजी ने देव दुर्लभ भागवत की रचना इसीलिए किये कि सभी भगवत प्रेमी इसकथा रस को गाकर और सुनकर सदैव के लिए हरी चरण का रसभोगी बने।

## एक नजर

### समारोह आयोजित कर विद्यालय का हुआ उद्घाटन



**केसठ।** प्रखंड के स्थानीय गांव स्थित पुराना बजार में संत कांवेंट सेन्ट्रल स्कूल ब्रांच टू का शनिवार को समारोह आयोजित कर उद्घाटन किया गया। उद्घाटन पूर्व प्रमुख अरविन्द कुमार उर्फ रमेश गुप्ता, रामेश्वर मिश्र एवं अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व प्रमुख ने कहा कि केसठ जैसे सुदूर ग्रामीण इलाकों के बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा उपल्बंध कराने के उद्देश्य से इस विद्यालय को खोला गया है। ताकि इच्छुक क्षेत्र के बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा के लिए बाहर नही जाना पड़ेगा। वही इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल बच्चो ने अपने प्रस्तुति से ऐसा समां बांधा की पंडाल में उपस्थित आगंतुक भाव विभोर हो उठे। मौके पर मुख्य रूप से रामपुकार ओझा, कमलेश गुप्ता, शशिकांत पांडेय, राजेन्द्र कुमार, अमित कुमार ठाकुर, शांति पांडेय, काजल कुमारी, गुड़िया शर्मा, रिया कुमारी, नेहा कुमारी आदि शामिल रहे।

### 400 के पार नारे को युवा साथी करेंगे साकार



**डुमरांव।** भारतीय जनता युवा मोर्चा बिहार प्रदेश के युवा नेता दीपक यादव के नेतृत्व में डुमरांव नगर में युवा चौपाल का कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम 25 फरवरी से 2 मार्च तक अनवरत चलता रहेगा। कार्यक्रम में भाजपा नेता शक्ति राय नगर अध्यक्ष चुनमुन वर्मा महामंत्री रोहित सिंह उपाध्यक्ष दिलीप श्रीवास्तव हेमंत केसरी ने संबोधित किया। युवा चौपाल का संचालन युवा मोर्चा के जिला प्रवक्ता गोल्डन पांडेय ने किया। युवा चौपाल को संबोधित करते हुए युवा भाजपा नेता दीपक यादव ने कहा कि एक बार फिर भाजपा सरकार, अब की बार 400 के पार नारे को युवा साथी साकार करेंगे। भारत के युवाओं की ओर पूरी दुनिया की नजर है। कारगिल का जब युद्ध हो रहा था, तब युवाओं ने रक्त दान किया और ब्लड बैंक में रक्त रखने की जगह तक नहीं थी। इस भावना युक्त भारत के युवाओं को सम्मान के नजरिये से देखा जाता हैं। रोजगार के क्षेत्र में भी युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए स्टैंड योजना, मुद्रा योजना के तहत लोन दिया जा रहा है ताकि युवा अपने दम पर खड़ा हो सके। 18 वर्ष के जो युवा साथी हैं, उनके दमों पर हम 2024 की लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। युवाओं के बल-बूते बिहार में 40 सीट जीतकर भारतीय जनता पार्टी की झोली में भरने का काम करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर अध्यक्ष चुनमुन वर्मा ने कहा कि भाजपा विचाधारा प्रेरित और कैडर आधारित पार्टी है। अन्य दल नेता प्रेरित और व्यवस्था आधारित दल है। भाजपा पार्टी त्याग, तपस्या, संघर्ष, राष्ट्रवाद, विकासवाद की मजबूत नींव पर खड़ी है। इस मौके पर मोहन केसरी, रमेश प्रसाद गोंड, अनिल कुमार, सुरेंद्र प्रसाद, हरेंद्र कुमार, मुखिया सिंह कुशवाहा, राजकिशोर सिंह, शुभम कुमार, सोनू कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### पंचायत में शिविर लगाकर बनाये जायेंगे परिवारिक बंटवारा हेतु वंशावली

**बक्सर।** परिवारिक बंटवारा के वंशावली हेतु अंचल कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पडेगा। उच्च न्यायालय के पारित आदेश के आलोक में नए नियम के अनुसार विक्रेता एवं दानकर्ता के नाम से जमाबंदी कायम होने की स्थिति में ही संबंधित भूमि एवं संपत्ति का निबंधन किया जायेगा.सभी डीसीएलआर, एसडीओ पूर्व से सृजित जमाबन्दी में छूटे हुए खाता, खेसरा, रकवा एवं लगान को अद्यतन करने, पारिवारिक बंटवारा हेतु वंशावली शिविर लगाकर निष्पादन करें। उक्त निर्देश मे बक्सर सदर सीओ प्रशांत शांडिल्य ने कहा है कि सप्ताह में कम से कम चार दिन यथा मंगलवार, बुधवार गुरुवार एंव शुक्रवार को हल्का मुख्यालय में प्रचार-प्रसार कर शिविर का आयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी उपरोक्त दिन के अतिरिक्त सुविधा अनुसार अन्य दिन भी शिविर का आयोजन कर सकते है। साथ ही साथ उन्होंने एक माह का हल्कावार रोस्टर तैयार करने का निर्देश दिया। सीओ ने कहा कि शिविर के आयोजन के लिए वैसे राजस्व कर्मचारी जो एक से अधिक हल्का के प्रभार में है, वे किस दिन किस हल्का में शिविर का आयोजन करेंगे। शिविर का आयोजन हल्का अंतर्गत पंचायत भवन, ग्राम कचहरी एवं सामुदायिक भवन इत्यादि चिन्हित स्थलों पर किया जायेगा.उन्होंने सभी कर्मचारियों को ससमय शिविर के लिए रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया। शिविर का आयोजन नहीं करने वाले कर्मचारी पर विभागीय कार्रवाई करने को भी आदेश दिया।



# बेलगाम ट्रक और बाइक की ठोकर से रिटायर दारोगा की मौत, सिपाही भाई जख्मी

♦ ससुराल में आयोजित शादी समारोह से लौट रहे थे दोनों भाई, आक्रोशित लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर की सड़क जाम

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे पर पीरो थाना क्षेत्र के केशवा और अवरैया टोला गांव के बीच शनिवार की सुबह बेलगाम ट्रक ने एक बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। उसमें शादी समारोह से लौट रहे रिटायर दारोगा की मौत हो गई। हादसे में उनके भाई भी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनका इलाज पीरो स्थित अस्पताल में कराया जा रहा है। मृत दारोगा धनगाई थाना क्षेत्र के महुरही गांव निवासी 61 वर्षीय कामेश्वर सिंह थे। वह 2023 बिहिया थाना से रिटायर हुए थे। जख्मी भाई जनेश्वर सिंह हैं। वह शाहपुर थाना में सिपाही हैं। उधर, घटना के बाद ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। ग्रामीण ट्रक चालक की गिरफ्तारी और मुआवजे को लेकर सड़क पर उतर गये। ग्रामीणों ने शव के साथ केशवा और अवरैया टोला गांव के बीच ढाबा के पास सड़क जाम कर दिया। उसबे करीब डेढ़ घंटे तक सड़क




जाम रहा। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष सुबोध कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और समझा कर लोगों को शांत कराया। उसके बाद आवागमन सुचारू रूप से चालू हुआ। तब पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। दारोगा के भतीजे चंदन कुमार ने बताया कि उसके ननिहाल में शादी थे। उसमें उसके पिता और चाचा बाइक से उस शादी में भाग लेने गुरुवार शाम पीरो थाना क्षेत्र के उडनडीह गांव गए। शुक्रवार की सुबह दोनों भाई बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। तभी केशवा और अवरैया टोला गांव के बीच स्थित ढाबा के समीप अज्ञात बेलगाम ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसके चाचा रिटायर दारोगा कामेश्वर सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी और पीछे बैठे उसके पिता जनेश्वर सिंह गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

पुलिस सेवा से रिटायरमेंट के एक साल बाद ही दारोगा कामेश्वर सिंह की तेज रफ्तार के शिकार हो गये। बताया जा रहा है कि रिटायर दारोगा चार भाई और चार बहनों में दूसरे स्थान पर थे।

## खबरें फटाफट

### पांच अपराध कर्मी हथियार गोली के साथ गिरफ्तार

**आरा।** सिन्हा थाने की पुलिस की सक्रियता से अपराधियों की डकैती की बड़ी साजिश विफल हो गई। पुलिस ने शुक्रवार की शाम डकैती की फिराक में गजियापुर बांध पहुंचे पांच अपराधियों को धर दबोचा। उनके पास से एक देसी पिस्टल, दो गोली और एक मोबाइल बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में गजियापुर गांव निवासी संदीप कुमार, मंदीप कुमार, विकास कुमार, विनय कुमार और महाराज कुमार शामिल हैं। इनमें विनय कुमार मूल रूप से बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा गांव का रहने वाला है। टीम गजियापुर बांध के पास पहुंची, तो अपराध कर्मी पुलिस देख भागने लगे। हालांकि पुलिस ने खदेड़ कर सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक देसी पिस्टल, दो गोली और एक मोबाइल बरामद किया गया। पूछताछ में सभी ने डकैती के लिए जमा होने की बात स्वीकार की। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए पांचों को जेल भेज दिया गया। टीम में पीटीसी राजीव रंजन कुमार, सिपाही चंदन कुमार, अरविंद कुमार, जीतेंद्र कुमार और संजीव कुमार शामिल थे।

### विवाहिता की हत्या करने में पति-ससुर दोषी करार

**जहानाबाद व्यवहार न्यायालय ।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय जावेद अहमद खान की अदालत ने दहेज के लिए मिट्टी का तेल डालकर विवाहिता को जलाकर मारने वाले अभियुक्त पति एवं ससुर को दोषी करार दिया है। मामले में सरकार की ओर से पैरवी कर रहे हैं अपर लोक अभियोजक शारदानंद कुमार ने बताया कि यह मामला महिला थाना कांड संख्या 08/14 से संबंधित है । उन्होंने आगे बताया कि शकूराबाद थाना क्षेत्र के सलेमपुर ग्राम निवासी अखिलेश्वर प्रसाद सिंह ने 29 जनवरी 2014 को पीएमसीएच में अपना बयान दर्ज करते हुए बताया था कि वो अपनी पुत्री ममता कुमारी की शादी वर्ष 2012 में भीमपुरा मखदुमपुर थाना क्षेत्र निवासी गजेंद्र शर्मा के साथ किया था । शादी के बाद पुत्री का पति,सास, ससुर चंद्रेश शर्मा दहेज में मोटरसाइकिल एवं 50000 रूपए की मांग कर उत्पीडन करने लगे, एवं ममता कुमारी के साथ बराबर मारपीट किया करते थे।

## रिश्ते का कत्ल: नगर थाना क्षेत्र के महादेव रोड मोहल्ले की वारदात

# संपत्ति के विवाद में पत्नी और पुत्री के सामने चाकू घोंप चाचा को मार डाला





♦ मामले की छानबीन व आरोपित की धरपकड़ में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**

नगर थाना क्षेत्र के महादेव रोड मोहल्ले में संपत्ति विवाद में रिश्ते का कत्ल कर दिया गया। शनिवार की शाम संपत्ति विवाद में भतीजे ने अपने ही चाचा को उनकी पत्नी और बेटी के सामने चाकू घोंपकर मार डाला। उसने अपने चाचा पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सीने, पेट और कंधे सहित चार जगहों पर चाकू लगने से उसके चाचा की मौत हो गई। मृतक महादेव रोड वार्ड नंबर 20 निवासी 41 वर्षीय पुत्र मंजर प्रसाद थे। वह पेशे से मोबाइल मिस्त्री थे। हत्या का आरोप उसके भतीजे विशाल कुमार पर लगाया जा रहा है। वह काफी सालों से मौलाबाग मोहल्ले में किराये के मकान में रहता था। एक माह पहले वह महादेव रोड आया था और संपत्ति की मांग करने लगा। उसे लेकर उसने नीचे वाले घर में ताला भी लगा दिया था। घटना को अंजाम देने के बाद वह मौके से भाग निकला।

हत्या की खबर से पूरे मोहल्ले में सनसनी मच गयी। सूचना मिलने पर प्रशिक्षु डीएसपी रश्मि कुमारी, नगर थानाध्यक्ष देवराज राय और एसआई सुमंत कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। एएसपी परिचय कुमार भी सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजन से घटना की पूरी जानकारी ली। इधर, एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि महादेव रोड के रहने वाले मंजर प्रसाद की उनके भतीजे द्वारा संपत्ति विवाद में चाकू मार कर हत्या कर दी गयी। सूचना पर पुलिस अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। आरोपित भतीजे की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है। उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**पत्नी बोली: घर को लॉज बनाने की जिद कर रहा था भतीजा, विरोध करने पर कर दी हत्या:** इधर, मंजर प्रसाद की पत्नी किरण देवी ने बताया कि उनके जेठ अरुण सिंह का बेटा विशाल कुमार करीब 20 साल से अपने परिवार के साथ नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग मोहल्ले में किराए का मकान में रहता था। करीब एक माह पूर्व वह आया था और संपत्ति में हिस्सा मांगने लगा। उसे लेकर उसने नीचे वाले घर में ताला भी मार दिया था। शनिवार की दोपहर वह उनके घर आया और कहने लगा कि लड़की लेकर आयेगा। घर को लॉज बनाकर रखेगा।उनके पति ने विरोध किया, तो विशाल ने उसके और उसकी बेटी के सामने उसके पति की चाकू से गोदकर उनकी हत्या कर दी। उसके बाद वह मौके से फरार हो गया। किरण देवी ने अपने भतीजे विशाल कुमार पर संपत्ति विवाद और घर में लड़की रखने का विरोध करने पर चाकू से गोदकर अपने पति की हत्या करने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि मंजर प्रसाद अपने तीन भाई और दो बहनों में छोटे थे। वह करीब दो वर्षों से बीमार चल रहे थे। उसके कारण वह घर पर ही रहा करते थे। उनके परिवार में मां कौशल्या देवी,पत्नी किरण देवी, पुत्री भावना कुमारी, कोमल कुमारी और पुत्र गणेश कुमार है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है। मां, पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एक नजर

### जहानाबाद पुलिस दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन, 25 ने दिया रक्त




**जहानाबाद।** पूरे बिहार में पुलिस सप्ताह दिवस मनाया जा रहा है ,इस अवसर पर जिले की पुलिस द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन सदर अस्पताल में किया गया जिसमें 25 पुलिसकर्मी ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। पुलिस विभाग के पदाधिकारी ने बताया कि रक्तदान महादान है इसलिए कभी-कभी ऐसा होता है कि रक्त नहीं रहने के कारण कई बार जरूरतमंदों की की मौत हो जाती है। जरूरत के समय लोगों को रक्त मिल सके ताकि उनकी जिंदगी को बचाया जा सके इसके लिए पुलिस विभाग ने यह बीड़ा उठाया है। कैसे लोगों को रक्त देकर मदद किया जा सकता है। इसीलिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा जो यह कदम उठाया गया है एक काफी सराहनीय है। कभी-कभी अस्पताल में ऐसी समस्या हो जाती है की किसी को रक्त की अति आवश्यकता हो जाती है और उसे कहीं नहीं मिलता है जिसके कारण उसकी मौत हो जाती है ।इस शिविर में जो रक्त जमा किया जाएगा उसे गरीबों को मदद किया जाएगा और कई लोगों को इसे जान बचाई जा सकती है ।उन्होंने कहा कि इसके लिए जिले के एसपी को मैं तहे दिल से धन्यवाद देता हूं जिन्होंने इस तरह के कार्य करने के लिए पुलिस पदाधिकारी को प्रेरित किया है।

### पीएम मोदी के आगमन पूर्व संयोजक ने की रेलवे प्राक्कलन की पूर्ण राशि की मांग

**औरंगाबाद।** बिहटा औरंगाबाद अरवल रेल लाइन संघर्ष समिति के मुख्य संयोजक सह अरवल जिला वरिष्ठ बसपा नेता मनोज सिंह यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के औरंगाबाद में कार्यक्रम के दौरान भाजपा सांसद सुशील कुमार सिंह और जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री को अपने समिति के लोगों के साथ पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा। इसके बाद उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार काफी भीड़ और सुरक्षा की दृष्टिकोण को समझते हुए कार्यक्रम के पहले रेलवे संघर्ष समिति के माध्यम से ज्ञापन दे दिया गया है।मांग पत्र में औरंगाबाद अरवल बिहटा रेल लाइन का नव निर्माण के लिए प्राक्कलन के अनुसार 3900 करोड़ की राशि देने की मांग माननीय प्रधान मंत्री जी से की गई है। यह भी बताया की उक्त रेल लाइन में सर्वे के काम पूरा होने के पश्चात पुल पुलिया का कार्य मिट्टी जांच का कार्यक्रम हो रहा है लेकिन भूमि अधिग्रहण एवं अन्य काम जल्द से करने के लिए अनुरोध किया गया है। 43 वर्षो से विचाराधीन पड़े रेल लाइन परियोजना में पिछले वर्ष फरवरी में सर्वे का आदेश निर्गत करते हुए 2023 अप्रैल में टेंडर कर केंद्रीय बजट वर्ष 2024 में शामिल कर 276 करोड़ की राशि की स्वीकृति देकर काम को आगे बढ़ाया जा चुका है। फिर भी परियोजना के अनुकूल प्राक्कलन से 3900 करोड़ राशि की आवश्यकता है उक्त परियोजना चार संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद काराकाट जहानाबाद और पटना और तीन जिलों का मामला बनता है। जिसमे बिगत 9 साल से लगातार रेल लाइन संघर्ष समिति के संयोजक मनोज सिंह यादव पूरे समिति के साथ जंतर मंतर से लेकर पटना दिल्ली धरना प्रदर्शन जारी रखने के बाद काफी मसक्कत से ये परियोजना का मुहूर्त सामने आने से पूरे क्षेत्रवासी में उत्साह और भरोसा जताया जा रहा है की अब सरकार के द्वारा लंबित परियोजना में सफलता पूर्ण काम होगा।

# होटल में लगी आग से पांच लाख की संपत्ति हुई खाक

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

राजा बाजार मोहल्ले में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक होटल धु,धु कर जलने लगा बताया जाता है कि संतुष्टि स्वीट्स नामक होटल में शुक्रवार की रात्रि अचानक आग लग गई, होटल संचालक राजू कुमार ने बताया कि हमारे घर में शादी समारोह का कार्यक्रम था इसी समारोह में भाग लेने के लिए हम अपने घर चले गए थे, मेरा होटल बंद था अचानक रात्रि को मुझे आसपास के लोगों ने सूचना दिया कि होटल में आग लगी हुई है, इसी सूचना के आधार पर हम घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि होटल में आग लगी हुई है इस घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दिया गया मौके पर पहुंचकर कड़ी मस्तक के बाद आग पर काबू पाया गया होटल संचालक का कहना है कि इस आग लगी कि घटना में लगभग 5 लाख रुपए की समान जलकर खाक हो गया होटल का सारा सामान जल



गया। उसका कहना है कि आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल रहा है शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगा कि किसी द्वारा लगाया गया है यह जांच का विषय है जांच के बाद ही स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा आसपास के लोगों का कहना है कि अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ी दुर्घटना भी हो सकती थी ,आग कि लपेट कई घरों को नुकसान पहुंचा सकता था लेकिन समय रहते आग पर काबू पा लिया गया इसके कारण बड़ी दुर्घटना होने से बच गई।

### शॉर्ट सर्किट के कारण किसान के खलिहान में लगी आग

**जहानाबाद।** नगर थाना क्षेत्र के लालसे बीघा गांव में शॉर्ट सर्किट के कारण दो किसान के खलिहान में आग लग गई। बताया जाता है कि लालसे बीघा के निवासी कमलेश यादव एवं रिंकू यादव अपने खलिहान में कृषि कार्य कर रहे थे तभी अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। धान लगे हुए पुंज धू-धू कर जलने लगे। इस बात की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। फायर ब्रिगेड गाड़ी लेकर घटनास्थल पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वार्ड पार्षद संजय यादव ने कहा कि अगलगी से करीब 700 नेवारी जलकर राख हो गया। इससे किसान को लगभग दो लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ है। जिला प्रशासन से उन्होंने मुआवजा की मांग की है।

# 40 ग्राम हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

♦ नगर थाना क्षेत्र के गौसगंज के समीप शुक्रवार की रात पकड़ा गया तस्कर

♦ बुधवार को भी गौसगंज इलाके से सौ पुड़िया के साथ पकड़े गए थे तस्कर

**केटी न्यूज/आरा**

नगर थाना पुलिस ने शुक्रवार को गांगी गौसगंज में हेरोइन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 40 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया है। गिरफ्तार तस्कर गौसगंज निवासी शशि रंजन राम है। उसे गौसगंज चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है। एएसपी परिचय कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि शुक्रवार की शाम करीब आठ बजे सूचना मिली कि गौसगंज त्रिमुहानी चौराहा के रास्ते गौसगंज निवासी चेतन पासवान अपने चाचा शशिरंजन राम के माध्यम से अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाला है। उस आधार पर मादक पदार्थ की बरामदगी और तस्कर की गिरफ्तारी के लिए थानाध्यक्ष देवराज राय के नेतृत्व में



सुमंत कुमार, कॉस मोबाइल एव सशस्त्र बलों के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गौसगंज त्रिमुहानी चौराहा के पास सघन वाहन चेकिंग शुरू की गयी। तब एक व्यक्ति पुलिस टीम देखकर भागने लगा, जिसे खदेड़ कर पकड़ लिया गया। तलाशी के क्रम में उसके पास से 40 ग्राम हेरोईन बरामद किया गया। एएसपी ने बताया कि उसके गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान और धरपकड़ की कोशिश की जा रही है। बता दें कि बुधवार को भी गौसगंज इलाके से सौ पुड़िया हेरोइन के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया था।

# जिला अधिकारी ने आयुष्मान कार्ड निर्माण शिविर का लिया जायजा



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

शनिवार के दिन मखदुमपुर प्रखंड के सभी ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत में आयुष्मान कार्ड निर्माण को लेकर शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में पहुंचे लाभुकों का आयुष्मान कार्ड का निर्माण किया गया। वहीं शिविर का जायजा लेने जिलाधिकारी रिची पांडेय बेला बिर्रा पंचायत के ताजपुर गांव पहुँचे। जहा आयोजित शिविर में पहुचकर जायजा लिया एवं उपस्थित लोगों से कार्ड निर्माण प्रक्रिया का फीडबैक लिया। मौके पर जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को कार्ड की खूबी बताया एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस योजना का लाभ लेने की बात कही। वहीं मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश भी दिया। इस बाबत बीडीओ प्रभाकर सिंह ने बताया कि राज सरकार एवं जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रखंड के सभी ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत में शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में आए लोगों का आयुष्मान कार्ड का निर्माण किया गया।






## खबरें फटाफट

### घायल अधिवक्ता की इलाज के दौरान मौत

**चंदौली।** विगत एक सप्ताह पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल अधिवक्ता बृजेश कुमार शर्मा की ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से परिजन सदमे में हैं। कटसिला गांव निवासी 45 वर्षीय बृजेश कुमार शर्मा चंदौली न्यायालय में अधिवक्ता थे। विगत एक सप्ताह पूर्व कचहरी से घर लौट रहे थे। कटसिला के समीप हाईवे पर ट्रक ने टक्कर मार दी। उन्हें इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। वो कोमा में थे। सप्ताह भर से जिंदगी और मौत के बीच उनका संघर्ष जारी था। शुक्रवार की रात जिंदगी की जंग हार गए। बृजेश की असामयिक मृत्यु से उनके अधिवक्ता साथी भी काफी मर्माहत हैं।

### कैश रीसायकलर मशीन का उद्घाटन

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य शाखा में कैश रीसायकलर मशीन व एटीएम का शुभारंभ शनिवार को किया गया। इसका शुभारंभ अंचल प्रमुख, वाराणसी अंचल, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया गिरीश चंद्र जोशी फीता काट कर किया। साथ ही बैंक कर्मचारियों को उपभोक्ताओं से बेहतर समन्वय स्थापित करने का आवाहन किया। इस दौरान गिरीश चंद्र जोशी ने कहा कि यूनियन बैंक उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने के लिए कटिबंध है। ग्राहकों को कोई भी असुविधा ना होने पाए इसके लिए हम सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रयास करना चाहिए।

### विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान शुरू

**गाजीपुर।** जखनियां विधानसभा -373 के जखनियां मंडल प्रथम में विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान के तहत लोगो का आम लोगो का सुझाव पेटिका में डाला गया। इस दौरान भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर विकसित भारत संकल्प पत्र अभियान शुरू किया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जन-जन की आकांक्षाओं को सीधे प्रधानमंत्री मोदी तक पहुंचना है।

# मनरेगा के तहत कराया कार्य की जांच करने पहुंची टीम

- मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों में गड़बड़ी की शिकायत पर स्टेट क्वालिटी मॉनीटर जांच करने पहुंचे
- नगसर मीर राय ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर का बारीकी से किया स्थलीय सत्यापन, अभिलेखों की पड़ताल

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

जनपद के रेवतीपुर विकास खंड मुख्यालय पर शनिवार को शासन के निर्देश एवं ग्राम्य विकास विभाग के प्रमुख सचिव के आदेश पर तीन अलग-अलग गांवों में मनरेगा के तहत कराए गए विभिन्न कार्यों में गड़बड़ी की शिकायत पर स्टेट क्वालिटी मॉनिटर (एसक्यूएम) सीताराम मौर्य अचानक ब्लाक मुख्यालय धमक पड़े। सबसे पहले वह टीम के साथ नगसर मीर राय ग्राम पंचायत में बने अमृत सरोवर का बारीकी से स्थलीय सत्यापन करने के साथ ही अभिलेखों की भी पड़ताल किया। साथ उन्होंने सरोवर की नाप-जोख भी कराई। इसके उपरांत वहां से नूरपुर पंचायत में उच्च प्राथमिक परिषदीय विद्यालय की बनाई गई बाउंड्रीवाल की लंबाई-चौड़ाई के साथ ही प्रयुक्त निर्माण सामाग्रियों की जांच पड़ताल की गई। इसके उपरांत वह सीधे डेढ़गांव पहुंचे। जहां मनरेगा के जरिए कराए गए इंटरलाकिंग के कार्यों का भौतिक सत्यापन कराने के साथ ही उसकी नाम जोख भी कराई गई। इन तीनों गावों में जांच पड़ताल करने के बाद उन्होंने जरूरी अभिलेख व जांच रिपोर्ट को सीलबंद कर अपने साथ लेते गए। पूरे जांच प्रक्रिया के दौरान अधिकारियों की सांसें फूलती रही। इस दौरान अधिकारी पूरी तरह सहमे



रहे। जांच अधिकारी एवं एसक्यूएम सीताराम मौर्य ने निर्देश दिया कि शासन की मंशा के अनुरूप कराए जा रहे विभिन्न कार्य मानक के अनुसार निर्माण सामाग्रियों का प्रयोग करने का निर्देश दिया। मालूम हो कि मनरेगा के कार्यों में गड़बड़ी को लेकर आ रही शिकायतों पर शासन ने कराए गए कार्यों की गुणवत्ता की जांच स्टेट क्वालिटी मॉनीटर से कराने का निर्णय लिया है। गांवों में जरूरतमंदों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) लागू है। प्रत्येक पंजीकृत परिवार को 100 दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है। मनरेगा के तहत कार्य कराने की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत के अलावा अन्य कार्यदायी विभागों को सौंपी गई है। इस अवसर पर एपीओ विनय दूबे, सचिव मीनू राय, रजनीकांत पांडेय, सुधीर प्रताप आदि मौजूद रहे। स्टेट क्वालिटी मानीटर सीताराम मौर्य ने बताया कि शासन के निर्देश पर तीनों गांवों में कराए गए कार्यों की जांच कर रिपोर्ट सीलबंद कर दी गई है, जो शासन को प्रेषित की जाएगी। वहीं दूसरी ओर जनप्रतिनिधियों सहित मनरेगा विभाग के संबंधित पंचायत रोजगार सेवक, पीटीए, जेई व कार्यक्रम प्रबंधक मनरेगा के बीच हड़कंप मच गया है। सभी को इस बात का डर सताने लगा है कि कहीं कोई बड़ी कार्रवाई नहीं हो जाए। वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोग इससे काफी खुश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मनरेगा के तहत मजदूरों को रोजगार व ग्रामीण में विकास कार्य करने का लक्ष्य रखा गया था। परंतु मनरेगा लूट का बड़ा माध्यम हो गया है। यदि सही तरीके से जांच की जाए। तब सारी सच्चाई खुलकर सामने आ जाएगी। इसमें कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि चपेट में जाएंगे। सभी को रिपोर्ट का इंतजार है।

## बलिया जनपद में सीएम योगी ने 30 अन्नपूर्णा भवन का किया उद्घाटन

# जनपद के हर गांव में होगा अन्नपूर्णा भवन का निर्माण : सांसद नीरज शेखर

- गुरवां गांव में सीएम द्वारा अन्नपूर्णा भवन और ई-वेइंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों का शुभारंभ कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

**केटी न्यूज/ बलिया**

राज्यसभा सांसद नीरज शेखर और जिलाधिकारी रवींद्र कुमार की उपस्थिति में शनिवार की दोपहर गुरवां गांव में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा अन्नपूर्णा भवनों और ई-वेइंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण के शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में जनपद के 30 अन्नपूर्णा भवनों का लोकार्पण मुख्यमंत्री ने किया। वहीं गुरवां गांव के अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन राज्यसभा सांसद और डीएम ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब लोगों को उनकी सुविधा के लिए मुफ्त राशन





उपलब्ध करवा रही है। उसी के संदर्भ में जनपद में 75 अन्नपूर्णा भवन का निर्माण होना हैं। लोगों की सुविधा के लिए जनपद में 30 अन्नपूर्णा भवन का आज लोकार्पण हुआ है। ऐसे भवनों का निर्माण जनपद के हर गांव में होना है। प्रधानमंत्री बार-बार राशन के वितरण में माप तौल में पारदर्शिता की बात करते हैं। इसीलिए अब उचित दर की दुकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों के माध्यम से ही राशन वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। जिससे लोगों को मिलने वाले राशन में घटतौली संभव नहीं हो सकेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने संकल्प लिया है कि भारत का कोई भी नागरिक भूखा नहीं सोएगा। इस संकल्प के साथ उनके द्वारा कोरोना के बाद से ही भारत के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने के लिए योजना बनाई गई। कहा कि यह मुफ्त राशन उन गरीबों को तब तक दिया जाएगा, जब तक उनकी जरूरत हो।

## वेईंग स्केल व ई-पॉस मशीनों का हुआ लोकार्पण

**चंदौली।** जनपद में 15 ग्राम पंचायतों में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवनों का विकास खंड चकिया के ग्राम पंचायत सिकंदरपुर में राबर्ट्स गंज सांसद पकौड़ी लाल कोल, विधायक चकिया कैलाशे आचार्य, मुख्य विकास अधिकारी एस एन श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष भाजपा की उपस्थिति में भव्य कार्यक्रम में लोकार्पण किया गया। इसके पहले मुख्यमंत्री ने लोक भवन सभागार, लखनऊ में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन तथा ई वेईंग स्केल युक्त ई पॉस मशीनों का लोकार्पण किया। जिला पूर्ति अधिकारी मनीष विक्रम ने बताया कि जनपद में उचित दर दुकानों को चिन्हित कर उनमें व्यापक परिवर्तन लाते हुए महात्मा गांधी नरेगा योजना के अन्तर्गत उन्हें मॉडल शॉप के रूप में विकसित जाना था। जनपद के विकास खंड शहाबगंज में 04, विकास खंड चकिया में 06, विकास खंड धानापुर 02, विकास खण्ड चहनिया में 01, विकासखंड सकलडीहा में 02 अन्नपूर्णा भवन का शुभारम्भ हुआ। बताया कि नव निर्मित मॉडल उचित दर दुकान के माध्यम से पीएम वाणी के अन्तर्गत ब्रॉड बैंड एवं सीएससी सेवा पर आय, जाति, निवास आदि प्रमाण पत्र बनवाने एवं विद्युत देयकों के भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ आम जनमानस की रोजमर्रा की आवश्यकता की वस्तुओं के बिकी की भी अनुमति प्रदान की गयी है। डीएसओ ने यह भी अवगत कराया कि जनपद में पूर्व से ही ई-पॉस मशीनों के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से वितरण कराया जा रहा है। ई-पॉस मशीनें, ई-वेईंग स्केल आपस में लिंक होने से कार्डधारकों को अनुमन्य मात्रा प्राप्त हो सकेगी तथा ई-वेईंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों के माध्यम से वितरण होने से कतिपय क्षेत्रों -विकेताओं के घटतौली किए जाने संबंधित शिकायतों पर पूर्ण विराम लग जायेगा।

## एक नजर

### महिला प्रधान को मिली जान से मारने की धमकी



**गाजीपुर।** जखनियां के बेलहरा ग्राम प्रधान शिव देवी सिंह ने शनिवार को जखनियां तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर उप जिलाधिकारी को आवेदन दे न्याय की गुहार लगाई है। आए दिन सरकारी गौ आश्रय स्थल पर चार-पांच की संख्या में अराजकतत्व पहुंचकर गौ आश्रय स्थल में तोड़फोड़ के साथ ही पशुओं के रस्सी काटकर भागने का कार्य कर रहे हैं। जब इसका विरोध करते हैं, तो एसडीएम और डीएम बनकर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उपजिलाधिकारी कमलेश यादव ने आवेदन को तत्काल बहरियाबाद थानाध्यक्ष को प्रेषित करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिए है। पत्रकारों से वार्ता करते हुए महिला ग्राम प्रधान शिव देवी सिंह ने कहा कि इसके पूर्व में भी अराजकतत्वों ने गौ आश्रय स्थल सहित गांव के कई विकास योजनाओं को क्षतिग्रस्त करने के साथ ही 90 मीटर केबल तार काटकर लेकर चले गए थे। वहां समरसेबल,पंप स्टार्टर भी चुरा ले गए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। लेकिन पुलिस ने आश्वासन दिया पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। बीते दो दिन पूर्व कुछ लोग गौ आश्रय स्थल पर गए वहां पर भी गौ आश्रय स्थल की देख-रेख करने वालों को धमकी देने के साथ ही मौजूद गौ वंश के रस्सी काट दिए और जान से मारने की धमकी दी। इस सिलसिले में ग्राम प्रधान ने उप जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिए।

### मुंबई बमकांड के पीड़ितों को मिलेगी आर्थिक सहायता

**गाजीपुर।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मुंबई में सन 1992-93 के दंगों-बम विस्फोटों के पीड़ितों के वारिसों को लंबित अर्थिक सहायता प्रदान किए जाने के लिए निर्देशित किया गया था। साथ ही पारित निदेशों के अनुपालन के लिए महाराष्ट्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन भी किया गया है। बताते चलें कि 19 दिसंबर 2023 को उक्त समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दंगों/बम विस्फोटों में मृत-लापता व्यक्तियों के वारिसों को प्रलंबित आर्थिक सहायता प्रदान किया जाना जरूरी है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजीपुर ने अपील किया है कि संबंधित व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में सम्पर्क कर समस्त जानकारी ले सकते हैं। जिससे की उन्हे आर्थिक सहायता प्राप्त हो सके।

### मामले आए 91, समाधान हुआ सिर्फ दो का

**बलिया।** सरकार के मंशानुरूप जन समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जनपद के सभी तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने तहसील रसड़ा में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आए लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस मौके पर राजस्व, पुलिस, खाद्य एवं रसद , चकबंदी, विकास , विद्युत , समाज कल्याण, कृषि,मार्केटिंग,लोक निर्माण,एवं शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के कुल 91 मामले आए, जिनमें से दो का मौके पर निस्तारण किया गया।इसके अलावा सभी मामलों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए जिलाधिकारी ने समय सीमा के अंदर निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद संबंधी मामलों को पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण सत्यापन कर मामले को निस्तारित करने के निर्देश दिए।अधिकतर मामले भूमि विवाद और खाद्य एवं रसद विभाग से संबंधित थे। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जन समस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य होगी। अधिकारी जन समस्याओं को गंभीरतापूर्वक लें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें। कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता एवं पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस और राजस्व से जुड़ी समस्याओं पर जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी प्राथमिक स्तर पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करें, ताकि लोगों को यहां-वहां भटकना न पड़े। उन्होंने कड़े तेवर में चेतावनी दी कि संवेदनहीन और लापरवाह अधिकारियों को कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# लोकसभा चुनाव -2024 : जमानिया तहसील में अधिकारी तैयारी में जुटे

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

केंद्रीय चुनाव आयोग ने 18वीं लोकसभा चुनाव के तारीखों या आदर्श आचार संहिता की घोषणा अभी भले ही न किया हो, मगर जनपद के जमानियां अंतर्गत विभिन्न जगहों पर प्रशासनिक तैयारियां पूरी तरह से तेज हो गई है। शनिवार को एसडीएम संजय यादव, सीओ अनूप कुमार सिंह मय भारी पुलिस बल के साथ रेवतीपुर, नवली आदि जगहों पर स्थित स्कूलों में पहुंचे जहां अधिकारियों ने चुनाव के दौरान बाहर से आने वाली पैरामिलिट्री एवं अन्य फोर्स के जवानों को ठहरने के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के कैंम्पस का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि बाहर से आने वाली फोर्स के ठहरने के लिए विद्यालयों का अधिग्रहण किया जाना है। ऐसे में उन्होंने मिली कमियों को चिह्वित करते हुए उन्हें समय रहते दूर करने का सख्त निर्देश



दिया। स्वच्छ पेयजल, प्रकाश, शौचालय सहित अन्य आवास की व्यवस्था दुरस्त कर ली जाए। एसडीएम संजय यादव ने बताया कि होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शान्ति व्यवस्था बनाए रखने एवं चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल की कंपनियों का आना प्रस्तावित है।

# कपड़ा व्यापारी को बदमाशों ने मारी गोली, जख्मी

**केटी न्यूज/ चंदौली**

अलीनगर थाना क्षेत्र के तारापुर रेलवे फाटक के पास शुक्रवार की देर शाम हमलावरों ने कपड़ा व्यवसायी ज्ञान प्रकाश मिश्रा 50 वर्ष को गोली मार दी और फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने घायल व्यापारी को इलाज के लिए स्थानीय चौराहे स्थित एक निजी चिकित्सालय ले गए। जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। गोली चलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महादेवपुर गांव निवासी ज्ञान प्रकाश मिश्रा काफी लंबे समय से कपड़ों की सप्लाई जनपद के बाजारों में करते हैं। दुकानदार देर शाम अपनी दुकान से घर बाईक से वापस जा रहे थे। जैसे ही रेलवे फाटक तारापुर पार किया कि पहले से घात लगाए बदमाशों ने फायर कर दिया। गोली इनके पीठ पर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं सुनसान स्थान होने के कारण बदमाश आसानी से रेलवे किनारे से होते हुए भाग निकले। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोगों में अफरा तफरी का माहौल बन गया। किसी प्रकार हिम्मत जुटाकर स्थानीय लोगों ने इनका इलाज निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर देख वाराणसी के लिए रेफर कर दिया।

# जहां है नारी का सम्मान, वहां है देवता का निवास: फलाहारी बाबा

- संत ने कहा द्रौपदी यदि अग्नि कन्या है, तो सीता धरती पुत्री है, द्रौपदी बोलकर सही है, और सीता मौन होकर सही है।

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के बाराचवर ब्लॉक के शिव मंदिर पर चल रहे भागवत कथा के पांचवें दिन शिव परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। अयोध्या से पधारे श्री श्री 1008 शिवराम दास फलाहारी बाबा ने भागवत कथा के एक प्रसंग को सुनते हुए कहा कि जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता। नारी का सदा सम्मान करना चाहिए। नारी चाहे तो गरीबी में भी घर को स्वर्ग बना सकती है और नारी चाहे तो अमीरी को भी नरक बन सकती है। नारी का जीवन परमार्थ का जीवन होता है। शास्त्रों में नारियों की पूजा करने के लिए कहा गया है, पुरुषों का नहीं। इसलिए की नारी का एक-एक श्रृंगार पति के लिए समर्पण होता है। गले में मंगलसूत्र भी पति के नाम का होता है। ललाट पर बिंदिया भी पति के नाम का होता है। पैर में बिछिया भी पति के नाम का होता है। मांग मेरा है, लेकिन सिंदूर पतिदेव आपके नाम का ही होता है। जब मैं प्रणाम करती हूं तो ब्राह्मण या साधु सौभाग्यवती भव का आशीर्वाद देता




है। प्रणाम मेरा है लेकिन आशीर्वाद पति को मिलता है। रामायण की सीता और महाभारत के द्रौपदी दोनों पर अत्याचार हुआ। द्रौपदी यदि अग्नि कन्या है, तो सीता धरती पुत्री है। द्रौपदी बोलकर सही है, और सीता मौन होकर सही है। पांचवें दिन का व्यास पूजन और आरती भागवत कथा के मुख्य यजमान ब्लॉक प्रमुख बृजेंद्र सिंह ने किया। शिवराम दास फलहारी बाबा ने कहा कि आज के समाज के स्त्रियों को उसका सम्मान नहीं मिल पा रहा है। साथ ही स्त्रियों को भी अपनी गरीमा बनकर रखनी होगी। जब भी स्त्री अपनी गरीमा भुलती है उसके पूरे परिवार का पतन होता है। इसलिए अपने को बचाते हुए पूरे परिवार को बचाना चाहिए। तभी परिवार और समाज का उत्थान होता है। इस दौरान कथा में देवेंद्र कुमार सिंह, रमेश काका, दीपक सिंह, संजय पांडेय, दयानंद कुशवाहा, दामोदर सेठ, चुन्नू सेठ, मुकेश शर्मा, मनीष सिंह, गौतम सिंह, बृजेश शर्मा, शिवाजी यादव, संजय राय, पप्पू कनौजिया, मयंक सिंह सहित सैकड़ों की तादाद में नर- नारी कथा का श्रवण कर रहे हैं।



# आठ लाख से अधिक धान किसानों से हुई 53.79 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद

♦ योगी सरकार ने 11,745 करोड़ से अधिक का किया भुगतान

**केटी न्यूज/लखनऊ**

योगी सरकार ने आठ लाख एक हजार से अधिक धान किसानों को 11745 करोड़ का भुगतान किया। धान खरीद 2023-24 के अंतर्गत प्रदेश में 53.79 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई। सरकार ने कॉमन धान का समर्थन मूल्य 2183 रुपये व ग्रेड ए धान का समर्थन मूल्य 2203 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया था। धान खरीद में लखनऊ मंडल शीर्ष पर रहा। यहां 7.52 लाख मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीद हुई। बरेली में छह लाख 49 हजार मीट्रिक टन तो वाराणसी में छह लाख 18 हजार मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीद हुई। वहीं लखनऊ व रामनगरी अयोध्या मंडल के एक लाख से अधिक किसानों से धान की खरीद की गई।



**धान खरीद में लखनऊ शीर्ष व बरेली मंडल दूसरे नंबर पर :** धान खरीद में लखनऊ मंडल शीर्ष पर रहा। यहां कुल 7.52 लाख मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीद हुई। बरेली मंडल में 6.49 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई। वाराणसी मंडल में 6.18 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीद हुई। गोरखपुर मंडल में 5 लाख 9 हजार मीट्रिक टन धान खरीद हुई। अयोध्या मंडल में 5.78 लाख मीट्रिक टन, मुरादाबाद मंडल में 4.61 लाख मीट्रिक टन, प्रयागराज मंडल में 4.53 लाख मीट्रिक टन, देवीपाटन मंडल में 3.38 लाख मीट्रिक टन, बस्ती मंडल में 2.89 लाख मीट्रिक टन, मीरजापुर मंडल में 2.68 लाख मीट्रिक टन, आजमगढ़ मंडल में 2.12 लाख मीट्रिक टन, कानपुर मंडल में 1.81 लाख मीट्रिक टन, चित्रकूट धाम मंडल में 42 हजार मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीद हुई।

**आठ लाख एक हजार से अधिक किसानों से की गई धान खरीद :** योगी सरकार ने धान खरीद में किसानों को काफी सहूलियत दी थी। इसका लाभ उठाते हुए किसानों ने अपने धान की बिक्री की। सर्वाधिक खरीद लखनऊ मंडल के किसानों से की गई। यहां एक लाख पांच हजार 925 किसानों से खरीद हुई। वहीं रामनगरी अयोध्या के एक लाख दो हजार 908 किसानों से धान खरीद हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर के 91409 किसानों से धान की खरीद की गई, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के 90145 किसानों से धान खरीद हुई। बरेली मंडल में 79960 किसान, प्रयागराज मंडल में 78933 किसान, मुरादाबाद में 54604, देवीपाटन में 47242 किसान, मीरजापुर में 40831 किसान, आजमगढ़ में 38079 किसान, बस्ती मंडल में 36252 किसान, कानपुर में 24035 किसान, चित्रकूट में 7650 किसानों से धान खरीद की गई। पूर्वी व पश्चिमी उत्तर प्रदेश मिलाकर 5207 केंद्रों से कुल 801624 (आठ लाख एक हजार 624) किसानों से धान खरीद हुई।

## एक नजर

### 17 वर्षीय अनूसुचित छात्र की हुई हत्या के मामले में सौपा पत्र

**सोनभद्र।** कांग्रेस पार्टी पदाधिकारी में शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर राजपाल नामित ज्ञापन संबंधित विभाग अधिकारी को सौप वहीं जिला अध्यक्ष रामराज गोंड़ ने बताया कि कि जनपद रामपुर के सिलाईबारा गाँव के पार्क में बाबा साहब डा० भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर लगाने को लेकर हुये विवाद में 17 वर्षीय अनूसुचित जाति के सुमेश नाम के लड़के की पुलिस ने गोली मारकर हत्या कर दी, जो दसवीं बोर्ड की परीक्षा देकर घर लौट रहा था। सुमेश की मौत की परिस्थितियों को देखते हुये अधिकारियो ने गहन जाँच की आवश्यकता पर जोर दिया, लेकिन पुलिस ने सबूत छिपाने के लिये जल्दबाजी में अंतिम संस्कार कर दिया। सुमेश के परिजन रोते बिलखतें रहें, लेकिन उन्हे शव तक देखने को नही मिला। ऐसी स्थिति में जिला कांगेस कमेटी सोनभद्र ज्ञापन के माध्यम से आप से मॉग करती है कि दोषियों के खिलाफ तत्काल आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जावें। ताकि मृतक सुमेश के परिजनों को न्याय मिल सके। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष जगदीश मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष निगम मिश्रा ,ब्लॉक अध्यक्ष बंशीधर पांडेय, विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद चौधरी, दयाशंकर पांडे जिला सचिव, नाम वर कुशवाहा पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष पीसीसी सदस्य आदि लोग मौजूद रहे।

### दो ट्रकों की आमने-सामने की भीषण टक्कर में एक की मौत, तीन घायल

**जौनपुर।** मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के जौनपुर रायबरेली हाइवे पर बीती रात लगभग 1 बजे दो ट्रको के आमने सामने की भिड़ंत में एक की मौत हो गई। जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से इलाज के लिए सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। जौनपुर से प्रतापगढ़ की तरफ चावल लादकर जा रही ट्रक जैसे ही रायबरेली जौनपुर नेशनल हाईवे पर नौवड़ाडी गांव के पास पहुंची भुसावल से केला लादकर जौनपुर की तरफ आ रही डीसीएम ट्रक की आमने सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी किट्रक नीचे खाई में जाकर पलट गई उसमे लदा केला भी गिरकर बिखर गया। इन दोनो ट्रको के चालक और खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में घायल खलासी ग्राम मोहतरिम थाना आदर्श नगर जिला अयोध्या निवासी प्रशांत पांडेय (21) की मौत हो गई। जबकि डीसीएम चालक दीपक निवासी आदर्श नगर अयोध्या (25) की हालत गंभीर बनी हुई है। ट्रक चालक बरिया कला थाना मौजगंज जिला रीवा निवासी अमित जायसवाल (22) व उसी थाना क्षेत्र के निवासी सुभाष जायसवाल (23) वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद अफरातफरी का माहौल हो गया। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया.इस बाबत थानाध्यक्ष संजय वर्मा ने बताया कि दो ट्रकों की टक्कर हुई जिसमें एक की मौत हो गई है जबकि तीन घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### दुद्धी को जिला बनाने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन व नारेबाजी

**सोनभद्र।** दुद्धी को जिला बनाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारी तथा बार संघ व सिविल बार संघ के अधिवक्ताओं ने शनिवार की दोपहर लगभग 1 बजे कचहरी गेट के मुख्य द्वार पर जमकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी किया। मोर्चा के पदाधिकारियों का कहना है कि दुद्धी को जिला बनाये जाने की मांग पिछले तीन दशक से किया जा रहा है और 30 घण्टे का भूख हड़ताल भी किया जा चुका है। इसके साथ ही दुद्धी जिला बनने के सभी मानक को भी पूरा कर रहा है और सरकार को भारी मात्रा में रेवेन्यू दुद्धी से मिलता है फिर भी दुद्धी को जिला नही बनाया गया। मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि विधान सभा चुनाव के दौरान प्रदेश व केंद्र के मंत्रियों व नेताओं ने दुद्धी को जिला बनाने का वादा किया था। इसलिए चुनावी वादा पूरा करते हुए दुद्धी को जिला बनाया जाए और विकास कराया जाए। इस अवसर पर अधिवक्ता प्रभु सिंह कुशवाहा, राकेश कुमार अग्रहरी, आशीष कुमार, अधिवक्ता रेणु कुमारी, सन्नो बानो, अमरावती देवी, सुधीर कुमार, श्रीचंद सहित काफी संख्या में अधिवक्ता गण व मोर्चा के पदाधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

## खबरें फटाफट

### महिला फुटबॉल प्रतियोगिता 03 से 07 मार्च तक

**मऊ।** जिला क्रीड़ाधिकारी मुकेश कुमार सब्बरवाल ने बताया कि राज्य आमंत्रण महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 03 मार्च से 07 मार्च 2024 तक डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मऊ में संपन्न होगा। प्रतियोगिता खेल निदेशालय द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप लीग कम नॉक आउट के आधार पर किया जाएगा, खिलाड़ियों की संख्या 16 एवं टीम मैनेजर 01 कुल 17 निर्धारित है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील किया कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें।

### यूपी में लचर कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं ने दिया ज्ञापन

**जौनपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी जौनपुर सदर के कार्यकर्ताओं ने



जिला अध्यक्ष फैसल हसन तबरेज के नेतृत्व में डीएम कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम डीएम को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष फैसल हसन तबरेज ने मीडिया के समक्ष यूपी में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर जमकर भड़ास निकाली। जिला अध्यक्ष फैसल हसन ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से लचर है इसका सबसे बड़ा उदाहरण है कि कहीं पेड़ से लटकती नाबालिग बहनों के शव ,कभी ईंटो से कुचलकर अंजाम दिया जा रहा है। कहीं भाजपाइयों द्वारा आईआईटी बीएचयू केम्पस में गैंग रेप का दुस्साहस तो कहीं न्याय न मिलने पर महिला जज को आत्महत्या करने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

### कोविन की तर्ज पर यूविन पोर्टल 10 मार्च को होगा लांच

**मऊ।** जिले में गर्भवती और 5 वर्ष तक के बच्चों के नियमित टीकाकरण की तारीख याद रखना या डायरी में नोट करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके लिए एक आधुनिक पोर्टल लॉन्च होगा। इसके प्रतिरक्षण करने वाले कर्मचारियों को कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षित कर तैयार किया जाएगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दी।

## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कैबिनेट के सदस्यों ने रामलला का किया दर्शन-पूजन

# रामलला का दर्शन कर भावविभोर हुई गुजरात की भूपेंद्र सरकार

♦ सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सहजता से कराया गया दर्शन, सुरक्षा व्यवस्था थी चुस्त-दुरुस्त

♦ योगी सरकार के मंत्री समेत स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने किया गुजरात सरकार का भव्य स्वागत

**केटी न्यूज/ अयोध्या**

गुजरात के सीएम भूपेंद्रभाई पटेल के नेतृत्व में उनका मंत्रिमंडल शनिवार को श्रीरामलला का दर्शन करने अयोध्या पहुंचा। 25 सदस्यीय डेलिगेशन सुबह महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विशेष विमान से पहुंचा।





**योगी सरकार के मंत्री ने किया स्वागत**

योगी सरकार में कृषि मंत्री व अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही व संगठन की तरफ से शैलेंद्र कोरी ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल व उनके कैबिनेट मंत्रियों, अधिकारियों को माला पहनाया एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। वहीं सांस्कृतिक मंच के कलाकारों ने उनके स्वागत में लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गुजरात प्रदेश से आए अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे।

**यह अवसर हम सबके लिए भावुक और श्रद्धापूर्ण : भूपेंद्र पटेल**

गुजरात के उट भूपेंद्र पटेल ने कहा ₹मुझे मेरे मंत्री परिषद के सभी सदस्यों के साथ प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यह अवसर हम सभी के लिए बहुत ही भावुक और श्रद्धापूर्ण है।" उन्होंने कहा ₹विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या मंदिर में प्रभु श्रीराम चंद्र जी का औलौकिक प्राण प्रतिष्ठा देश में नए काल चक्र का उद्घोष है। इतना ही नहीं अगले एक हजार वर्ष के लिए रामराज्य की स्थापना का यह संकल्प भी है। राम मंदिर भारत की दृष्टि के दर्शन का मंदिर बन गया है। सही अर्थो में यह मंदिर राष्ट्र के चेतना और नव जागरण का मंदिर बना है। श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का समारोह राष्ट्र उत्सव के रूप में मनाया गया, जो एक नए युग की शुरूआत है। हर एक हिंदू का संकल्प था कि अयोध्या में राम मंदिर का भव्य निर्माण होना चाहिए। आज यह पूर्ण हो गया है।

**अयोध्या में बनेगा यात्री निवास**

सीएम ने कहा कि देश भर से लाखों श्रद्धालु राम मंदिर में प्रभु के दर्शन के लिए अयोध्या आ रहे हैं। हमारी सरकार में गुजरात के यात्रियों के लिए विशेष आस्था ट्रेन शुरू की है, जिसके माध्यम से हजारों लोगों को रामलला का दर्शन का अवसर प्राप्त हुआ है। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को रात्रि विश्राम की सुविधा प्राप्त हो इसके लिए यात्री निवास बनाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए राज्य के बजट में 10 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। अयोध्या में भविष्य में निर्मित होने वाले यात्री भवन के लिए जमीन उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया हे।

### कार्यक्रम में न बुलाए जाने से श्याम सिंह यादव का छलका दर्द

**जौनपुर।** एक मार्च को लाइन बाजार क्षेत्र के बीआरपी इंटर



कॉलेज में हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के कार्यक्रम में न बुलाए जाने पर जौनपुर सदर से बसपा सांसद श्यामसिंह यादव ने मीडिया के सामने अपना दर्द बयां किया। उन्होंने कहा कि सरकारी प्रोटोकॉल के अनुसार एक सांसद को उसके क्षेत्र के सरकारी कार्यक्रम में बुलाया जाता है लेकिन गडकरी के कार्यक्रम में मुझे नही बुलाया गया। उन्होंने प्रेसवार्ता कर मीडिया से कहा कि बहुत सारे कार्य के लिए मैंने नितिन गडकरी को जौनपुर के विकास के लिए जो भी प्रस्ताव दिया उनमे से उन्होंने ज्यादातर कार्यो को मंजूर किया और गडकरी जी ने मुझसे वादा भी किया था कि मैं आपके कहने पर जौनपुर जरूर आऊंगा।

## फोलिक एसिड के सेवन से मानसिक बीमारियों से होगा बचाव

**केटी न्यूज/जौनपुर**

दुर्ग में शुक्रवार को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन अगली पीढ़ी के जीवन के लिए जैविक परिवर्तनों और अनुप्रयोग₹ में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के प्रो वंदना राय व प्रो प्रदीप कुमार ने आमंत्रित व्याख्यान दिया। कहा कि सही मात्रा में फोलिक एसिड का सेवन न केवल कई मानसिक बीमारियों बल्कि कैंसर से भी बचाता है व किसी भी एडिक्शन के लिए मनुष्य के जींस 50% तक जिम्मेदार हो सकते हैं। प्रो. वंदना राय के ग्रुप ने सिजोफ्रेनि, डॉअन्स सिंड्रोम ओ सी डी के जीन पोलिमोर्फिसम- के रिस्क फैक्टर होने की संभावनाओं की उत्तर प्रदेश की जनसंख्या में स्टडी की है। मस्तिष्क पर शराब के प्रभाव को मध्यस्थ करने में सेरोटोनिन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ।मनोदशा, अनुभूति, इनाम, सीखना, स्मृति, और उल्टी और वाहिका संकीर्णन जैसी कई शारीरिक प्रक्रियाएं शामिल हैं। सेरोटोनिन एक रसायन है जो मस्तिष्क और आपके पूरे शरीर में तंत्रिका कोशिकाओं के बीच संदेश पहुंचाता है। सेरोटोनिन मूड, नींद, पाचन, मतली, घाव भरने, हड्डियों के स्वास्थ्य, रक्त के थक्क व अन्य कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## प्रेरणा कोचिंग का 11 वां स्थापना दिवस समारोह हुआ आयोजित

**केटी न्यूज/ जौनपुर**

देवकली के पंचायत भवन में प्रेरणा कोचिंग के 11 वे स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया ' अध्यक्षता वी.बी.एस पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह जी ने की ' बच्चों के कार्यक्रम को देखा और उनका उत्साहवर्धन किया ' उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा ग्रामीण बच्चों के लिए यह सेवा निरंतर जारी रहेगी ऐसी मुझे पूरी उम्मीद है। इस कोचिंग की सफलता विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के समर्पण की देन है। मुख्य अतिथि के तौर पर इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल दिल्ली के डॉ आर पी सिंह जी ने इस पुनीत कार्य की प्रशंसा की और हर तरह का सहयोग देने का आश्वासन दिया' उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने आस पड़ोस के ग्रामीण बच्चों को निशुल्क कोचिंग देकर बहुत ही पुनीत कार्य कर रहा है. उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य अभियंता जगदीश ठकराल ने कार्यक्रम के आए ग्रामीण महिलाओं से आग्रह किया कि अपने बच्चों में अच्छे संस्कार डालें ' उन्हें महापुरुषों की कहानिया सुना कर प्रेरित करते रहे 'अतिथियों का परिचय विश्वविद्यालय के चीफ वार्डन डॉ मनीष प्रताप सिंह जी ने किया ' प्रो0 राज कुमार, चीफ प्रॉक्टर ने प्रेरणा कोचिंग की आख्या प्रस्तुति की'।




## मुख्यमंत्री ने किया एम्स गोरखपुर में ब्लड बैंक और डायलिसिस यूनिट का लोकार्पण

# डॉक्टर के अच्छे व्यवहार से दूर हो जाती है मरीज की आधी बीमारी : सीएम

♦ नोट करने की डालें आदत व्यावहारिक अनुभव ही वास्तविक ज्ञान

**केटी न्यूज/गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), गोरखपुर में ब्लड बैंक और 10 बेड की डायलिसिस यूनिट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने इन दोनों सुविधाओं को जनता के लिए महत्वपूर्ण सौगात बताने के साथ डॉक्टरों को मरीज के साथ अच्छ व्यवहार करने, सकारात्मक प्रतिस्पर्धी बनने तथा निरंतर रिसर्च करते को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसी मरीज की आधी बीमारी डॉक्टर के अच्छे व्यवहार से ही दूर हो जाती है। इसलिए ऐसा व्यवहार हो कि मरीज डॉक्टर से प्रभावित होकर जाए। ब्लड बैंक, डायलिसिस यूनिट के उद्घाटन और दोनों का निरीक्षण करने के बाद एम्स के ऑडिटोरियम में आयोजित लोकार्पण समारोह में सीएम योगी ने कहा कि नकारात्मकता किसी को कभी भी आगे नहीं बढ़ाती है। दूसरों का पैर खींचने वाला कभी खुद इसी कृत्य का शिकार हो जाता है। जबकि सकारात्मकता हमेशा आगे बढ़ने की राह दिखाती है। यदि कोई चिकित्सक नकारात्मक सोच का है तो मरीज का बेहतर उपचार नहीं कर सकता। डॉक्टर को सदैव यह ध्यान रखना होगा कि वह मानवता की सेवा से जुड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री ने इंसेफेलाइटिस और कोरोना नियंत्रण में अंतर विभागीय समन्वय वाले टीम वर्क मॉडल का अनुभव साझा करते हुए कहा एम्स जैसे मेडिकल संस्थान में श्रेष्ठ परिणाम के लिए सकारात्मकता और टीम वर्क जरूरी है।

सीएम योगी ने चिकित्सकों से मेडिकल सर्विस क्वालिटी और रिसर्च पर फोकस करने का आह्वान किया। कहा कि किताबी ज्ञान परीक्षा पास कराने के काम आता है जबकि मरीज के इलाज के दौरान मिला अनुभव ही डॉक्टर के लिए वास्तविक ज्ञान होता है। अधिकाधिक व्यावहारिक अनुभव हासिल करने के लिए डॉक्टर को ओपीडी की संख्या सीमित नहीं करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर मरीज के इलाज के दौरान उससे जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों को नोट करने की आदत डालनी चाहिए। इसका अध्ययन कर जो निष्कर्ष निकले, उस पर सरकार के साथ मिलकर आगे बीमारियों के इलाज और उन्मूलन की कार्ययोजना को आगे बढ़ाना चाहिए। सीएम योगी ने एम्स और बीआरडी के चिकित्सकों के मध्य स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की जरूरत बताई। कहा कि प्रतिस्पर्धा में जो आगे बढ़ेगा, वह लंबी दूरी तय करेगा।

**एम्स एक ब्रांड, साबित भी करना होगा :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा एम्स एक ब्रांड है और उसके अनुरूप कार्य दिखने भी चाहिए। जन सामान्य की धारणा होती है कि एम्स के नाम से ही बीमारी दूर भागती है। इसे साबित भी करना होगा। पूरे देश में एम्स की बहुत डिमांड है। नई दिल्ली में पहले एम्स की स्थापना के बाद दशकों तक दूसरा एम्स नहीं बना था। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने अपने प्रधानमंत्री काल में देश को 6 एम्स दिए। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में एम्स की संख्या अब 22 हो चुकी है।

## सुभाषितम्

दंड द्वारा प्रजा की रक्षा करनी चाहिए लेकिन बिना कारण किसी को दंड नहीं देना चाहिए। - रामायण

## डब्लूटीओ की नीतियों को लेकर अमेरिका और चीन पर भड़का भारत

विश्व व्यापार संगठन डब्ल्यूटीओ की 13वीं बैठक अबू धाबी में संपन्न हुई। इस बैठक में भारत ने अमेरिका और चीन को आडे.हाथों लिया। चीन की ओर से पेश किए गए आइएफडी प्रस्ताव पर सदस्य देशों ने असहमति जता दी। भारत के विरोध करने पर इस प्रस्ताव का उल्लेख नहीं होगा। चीन की सरकार वैसे तो विश्व व्यापार संगठन की सदस्य नहीं है, लेकिन विश्व व्यापार के कारण वह बैठक में शामिल होता है। चीन की ओर से जो प्रस्ताव आया था, उसके अनुसार महत्वाकांक्षी परियोजना और उससे जुड़े चीन के हितों का विरोध बैठक में शामिल देशों ने किया। विश्व व्यापार संगठन के विवादों को निपटाने के लिए जो अपीलेट ट्रिब्यूनल बननी थी। इस अपीलेट ट्रिब्यूनल के गठन में अमेरिका लगातार बाधा उत्पन्न करता रहा है। अबू धाबी में हुई बैठक में जब तक अपील ट्रिब्यूनल का गठन नहीं होता है तब तक के लिए प्रस्तावों के बारे में कोई सहमति नहीं बनी। सदस्य देशों का कहना था कि पहले अपीलेट ट्रिब्यूनल का गठन पहले होना चाहिए। विश्व व्यापार संगठन में विकसित देश, विकासशील देशों पर भारी दबाव बनाते हैं। भारत की ओर से कहा गया कि अमेरिका के नेतृत्व में विकसित राष्ट्र गरीब देश के निर्यात में तरह-तरह के प्रतिबंध लगाते हैं। समय-समय पर कई व्यापारिक रोक लगाकर अनुचित लाभ कमाते हैं। बैठक में यह भी कहा गया कि मुक्त व्यापार में यह सबसे बड़ी बाधा है। दुनिया भर के सभी बाजारों में बे-रोकटोक व्यापार और आयात निर्यात की अनुमति होनी चाहिए। भारत ने विश्व व्यापार संगठन की इस बैठक में सब्सिडी, मछली पालन, उसके आयात-निर्यात, कृषि क्षेत्र में सब्सिडी को लेकर भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भारत का पक्ष रखा। ट्रिब्यूनल के गठन को लेकर अमेरिका द्वारा लगातार बाधा डालने पर भारत ने आप?त्ति जताई है। 2019 के बाद से अपीलीय ट्रिब्यूनल निष्क्रिय पड़ा हुआ है। अमेरिका न्यायाधीशों की नियुक्ति पर लगातार अड़ंगेबाजी कर रहा है। जिसके कारण विश्व व्यापार संगठन की विश्वसनीयता और मुक्त व्यापार के क्षेत्र में सभी देशों को नियमों का पालन करना था, वह नहीं हो पा रहा है। सारे मामले आपसी विवाद में पिछले कई वर्षों से लंबित पड़े हुए हैं। विकसित राष्ट्र विकासशील देशों का ताकत और पैसे के बल पर शोषण कर रहे हैं। भारत ने किसानों और मछुआरों को लेकर बैठक में चिंता जाहिर की। कृषि के क्षेत्र में सारी दुनिया के देशों में विश्व व्यापार संगठन के नियमों का विरोध शुरू हो गया है। वैश्विक नीतियों के कारण सारी दुनिया के किसान सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। कृषि भूमि और कृषि उपज पर बहुराष्ट्रीय कंपनियों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। कृषि के क्षेत्र में मेहनत किसान करता है, खाद्यान्न उत्पन्न करता है। ?किसान की लागत मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण दुनिया भर के देशों में विश्व व्यापार संगठन से कृषि के क्षेत्र को बाहर करने की मांग तेजी के साथ उठाई जा रही है। लगभग एक दर्जन से ज्यादा देशों के किसान आंदोलनरत हैं। इसमें यूरोप के देश भी शामिल हैं। भारत के ?किसान भी अब डब्लूटीओ के खिलाफ सड़कों पर आकर विरोध कर रहे हैं। अबू धाबी में विश्व व्यापार संगठन की जो बैठक हुई, इसमें किसी भी मामले में सदस्य देशों के बीच कोई सहमति नहीं बन पाई। एक तरह से यह बेनतीजा बैठक रही। चीन और अमेरिका की नीतियों को लेकर सदस्य देशों के बीच में तलखी भी देखने को मिली। विश्व व्यापार संगठन के सदस्य देशों के बीच में जो संधि हुई है। उसका बड़ा खामियाजा भारत स?हित दु?निया के किसानों को भुगतना पड़ रहा है। किसान कर्ज के भारी बोझ से दब गए हैं। वहीं वैश्विक स्तर पर जिस तरह से बेरोजगारी और महंगाई बढ़ी है। इसका असर भी अब विकासशील देशों में दिखने लगा है। पिछले 20 वर्षों में विकासशील देशों के ऊपर कर्ज तेजी के साथ बढा है।

## चिंतन-मनन

### सफलता चाहिए तो पहले ये सीखें

किसी भी काम में लगन का अपना महत्व होता है, सफलता आपकी एकाग्रता पर ही निर्भर करती है। आप संसार को पाने की दौड़ में हो या परमात्मा को, जब तक हम ध्यान लगाकर काम नहीं करेंगे कभी ठीक परिणाम नहीं मिलेगा। इसके लिए जरूरी है कि आप पहले अपने मन को एकाग्र करें, फिर सफलता खुद आपको मिल जाएगी। एक बार की बात है। राजा एक बार युद्ध पर गया। शाम के समय युद्ध के बाद राजा अपने युद्ध के बाद शिविर से थोड़ी दूर जाकर एक वीरान स्थान पर ध्यान लगाकर बैठ गया ताकि उसे थोड़ी शांति मिल सके। अभी राजा नदी के किनारे पर बस ध्यान की मुद्रा में बैठा ही था। वहां से एक युवती दौड़ती हुई निकली, जिसका ध्यान उस ओर तक ना गया कि राजा बैठा है। ना जाने कहां जाने की जल्दी थी। वह राजा से टकराती हुई निकल गई। राजा का ध्यान भंग हो गया उसे बहुत गुस्सा आया। उसने तुरंत शिविर मैं लौटकर आदेश दिया। उस औरत को ढूंढ कर लाया जाए जिसने ये गुस्ताखी की है। उस युवती को इतना भी नहीं दिखा कि देश का राजा ध्यान में बैठा है और वह उसे कुचलती हुई चली जा रही है। सिपाही गए और थोड़ी ही देर में उस युवती को पकड़कर ले आए। राजा ने उस युवती से कहा- बदतमीज लड़की इतना भी नहीं जानती कि ध्यान में बैठे हुए व्यक्ति को इस तरह धक्का लगाकर उसका ध्यान भंग करना कितना बड़ा पाप है। उस युवती ने राजा को पहले ऊपर से नीचे तक देखा और कहा - आपको धक्का लगा जरूर होगा लेकिन मुझे याद नहीं। मैं अपने प्रेमी से मिलने जा रही थी। मुझे कुछ नहीं पता कि आप कहां ध्यान लगा रहे थे लेकिन मुझे आश्चर्य होता है कि मैं तो अपने प्रेमी से मिलने जा रही थी। मेरा ध्यान सिर्फ अपने प्रेमी से मिलने पर केंद्रित था। मुझे पता ही नहीं चला कि आप परमात्मा के ध्यान में बैठे हैं। आपको मेरा पता चल गया? राजा को उसकी बात समझ आ गई और उसने उसे छोड़ दिया। क्योंकि यह साबित हो गया थी कि राजा के मन में वह समर्पण का भाव नहीं था जो उस प्रेमिका में था।

# आग्रह : विलुप्त होने से पहले हमें बचा लो !

-आयुषी दवे

जब हम वन्यजीव या वाइल्डलाइफ शब्द सुनते हैं तो अमूमन हमारे दिमाग में सबसे पहले जंगल और वहां रहने वाले शेर, चीता भालू जैसे बड़े जंगल जानवरों का ख्याल आता है दरअसल वन्यजीव उन सभी जीवों को कहा जाता है जिन्हें मनुष्यों द्वारा पालतू ना बनाया गया हो. वन्यजीवों में ना केवल जानवर बल्कि वो सभी पेड़ पौधे, कीड़े मकोड़े, कवक और सूक्ष्म जीव भी आते है जो अपने प्राकृतिक वातावरण में बिना मनुष्यों के दखल के रहते हैं। ये वन्यजीव पृथ्वी के हर महाद्वीप और लगभग सभी देशों में पाए जाते है. ये हमारी प्राकृतिक धरोहर का एक बहुत अहम हिस्सा हैं क्यूंकि पृथ्वी में पाए जाने वाले हर पारितंत्रों यानी इकोसिस्टम जैसे वन, रेगिस्तान, घासभूमि, मैदान, पर्वत, समुद्री क्षेत्र में इनकी अच्छी खासी संख्या देखी जा सकती है।

पर्यावरण को संतुलित करने में वन्यजीव महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वन्य जीवन प्रकृति की विभिन्न प्रक्रियाओं को स्थिरता प्रदान करता है। प्रत्येक जीवित वस्तु आपस में जुड़ी हुई है। यदि केवल एक जीव भी खतरे में पड़ जाता है या विलुप्त हो जाता है, तो इसका पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ता है। यह खाद्य श्रृंखला यानी फूड चेन को भी बाधित करता है, जिससे पर्यावरण में सदमे की लहर फैल जाती है। इसीलिए इन वन्यजीवों का संरक्षण बेहद अहम्‌ हो जाता है। इसीलिए इस हेतु विश्व की बहुत सारी सरकारी, गैर-सरकारी संस्थाए निरंतर प्रयासरत हैं। जो सभी अलग-अलग स्तर पर अपने-अपने ढंग से वन्यजीवों को ना केवल संरक्षित कर रही हैं बल्कि अपने तमाम कार्यक्रमों के माध्यम से लोगो में इनके संरक्षण के प्रति जागरूकता भी फैला रही है।

ऐसे ही एक प्रयास के अंतर्गत संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने 20 दिसंबर 2013 को हुए 68वें सेशन में हर साल 3 मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस मनाने की घोषणा की। 3 मार्च की तिथि इसलिए निर्धारित किया गया ताकि इसी दिन 1973 में आईयूसीएन यानी इंटरनेशनल यूनियन फॉर कन्सेर्वटिव ऑफ नेचर अर्थात प्रकृति संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संघ के 80 सदस्यों द्वारा सीआईटीईएस(साइट्स) समझौते पर हस्ताक्षर किये गए थे।



साइट्स जंगली जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन सरकारों के बीच एक अंतरराष्ट्रीय समझौता है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जंगली जानवरों और पौधों के नमूनों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा न हो। 2013 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की घोषणा के बाद से ही संयुक्त राष्ट्र विश्व वन्यजीव दिवस अब वन्यजीवों को समर्पित वैश्विक वार्षिक कार्यक्रम बन गया है जिसे हर साल 3 मार्च को मनाया जाने लगा। इसमें हर साल वन्यजीव से जुड़े किसी नए विषय या थीम के अंतर्गत मनाया जाता है। इस साल 2024 में इसका विषय है लोगों और ग्रह को जोड़ना: वन्यजीव संरक्षण में डिजिटल नवाचार की खोज इस वर्ष का पूरा एजेंडा इस बात पर केंद्रित रहेगा की कैसे डिजिटल नवाचार और तकनीकों की मदद से हम संरक्षण का काम कर सकते हैं और कैसे मनुष्य और वन्यजीवों के सहअस्तित्व का निर्धारण कर सकते हैं। विश्व वन्यजीव दिवस का उद्देश्य लोगों को प्रकृति से जोड़ना और उन्हें जानवरो और पेड़ पौधों के संरक्षण के लिए प्रेरित करना है।भारत में भी वन्यजीव संरक्षण की दिशा में बहुत से प्रयास किये जा रहे हैं जिसके तहत 1972 में वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट नामक सख्त कानून पारित किया गयो नेशनल पार्क, वन्यजीव अभ्यारण, टाइगर रिजर्व, हाथी रिजर्व जैसे बहुत से संरक्षित क्षेत्र भी घोषित किये गऐ समय समय पर इनकी गणना भी की जाती है इनकी संख्या बढ़ने के लिए विभिन्न कार्यक्रम जैसे प्रोजेक्ट टाइगर, प्रोजेक्ट एलीफैंट, प्रोजेक्ट राइनो, प्रोजेक्ट स्नो लेपर्ड, प्रोजेक्ट वल्चर आदि चलाये जा रहे हैं वन्यजीव और प्रकृति बड़े पैमाने पर भावनात्मक और सामाजिक कारणों से मनुष्यों से जुड़े हुए हैं। वन्य जीवन के महत्व को पारिस्थितिक, आर्थिक और खोजपूर्ण महत्व के साथ-साथ जैविक विविधताओं के संरक्षण आदि के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। एक स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र के लिए विविधता आवश्यक होती है। उदाहरण के लिए पौधों पर विचार करें। पौधों की विस्तृत विविधता का अर्थ है अधिक उत्पादकता और बेहतर स्वास्थ्य। यदि पौधों की प्रजातियाँ कम हैं, तो उन्हें प्रभावित करने वाली बीमारी तेजी से और अधिक प्रभावी ढंग से फैलती है। अधिक विविधता का अर्थ है बेहतर प्रतिरोध। वर्ल्ड इकनोमिक फोरम की एक रिपोर्ट के अनुसार विश्व की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा वन्यजीव और प्रकृति में माध्यम से आता है। बहुत से लोग अपनी जीविका के लिए कहीं ना कहीं वन और वन्यजीवों पर आश्रित हैं इसीलिए इनका संरक्षण और भी ज्यादा जरुरी हो जाता है। वन्यजीवों का न केवल आर्थिक और सामाजिक महत्व बल्कि सांस्कृतिक महत्व भी है। ये शुरू से ही हमारी सभ्यता और संस्कृति के अभिन्न अंग रहे हैं इतना ही नहीं एक बेहतर मानसिक स्वास्थ के लिए भी प्रकृति और वन्यजीवों के करीब रहने की सलाह दी जाती है हर जगह लोग भोजन से लेकर ईंधन, दवाएँ, आवास और कपडे तक अपनी सारी जरूरतों को पूरा करने के लिए वन्यजीवन और जैव विविधता आधारति संसाधनों पर निर्भर हैं। प्रकृति हमें और हमारे ग्रह को जो लाभ और सुंदरता प्रदान करती है उसका आनंद लेने के लिए, ये जरुरी है की लोग यह सुनिश्चित करें कि पारिस्थितिकी तंत्र फलने-फूलने में सक्षम हों और पौधों तथा जानवरों की प्रजातियां भविष्य की पीढ़ियों के लिए अस्तित्व में रहने में सक्षम हों।

निश्चित ही इस दिशा में वैसे तो बहुत से काम किये जा रहे है परन्तु पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बनाए रखने के लिए अभी और प्रयासों की आवश्यकता है। जरुरत यह भी कि हम वन्यजीवों के महत्व को समझें, उनका होना एक वरदान समझ कर उनके होने का जश्न मनाएं और उनके संरक्षण की बात को केवल कागजी बात ना मान कर उसे अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाते हुए इस दिशा में निरंतर प्रयास करते रहें और दुनिया भर की सरकारी. गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा किये हुए प्रयासों को सफल बनाने में हम भी अपनी एक सक्रिय भूमिका निभाएं।

**(लेखिका इलेक्ट्रॉनिक-कम्युनिकेशंस में इंजीनियर है)**

# अब भारत में चौतरफा धाम ही धाम....

-राकेश अचल

` हमारे घर वाले सनातनी है । देवी-देवताओं को मानते हैं, पूजते है। और परिवार के हर बूढ़े सदस्य की अंतिम इच्छा होती है कि उसे उसके बच्चे चार धाम करा दें ताकि जिंदगी सार्थक हो जाये। पुराने जमाने में चाहे पढ़ा -लिखा आदमी हो या अनपढ़ चार धाम जाने का सपना देखता ही था। जिंदगी भर पेट काटता ,लेकिन चार धाम की यात्रा पर जरूर जाता था। तब आज की तरह चार धाम यात्रा सहज नहीं थी। चार धाम पर जाने का मतलब अंतिम यात्रा पर जाना ही माना जाता था,क्योंकि देश के चारों धाम इतने दुर्गम स्थलों पर स्थित थे कि उन तक पहंच कर अपनी साध पूरा करना भगीरथ को पृथ्वी पर लाने जैसा होता था।

देश में जब से धर्म-धुरंधर और डबल इंजिन की सरकारें बनने लगीं हैं तभी से सब कुछ बदल रहा है । अब देश में जो स्थापित चार धाम थे उनसे कहीं ज्यादा खूबसरत और सम्पन्न धाम इधर-उधर बन गए हैं। हमारी नानी के भाई भगवानदास बताया करते थे कि हिंदू मान्यताओं के अनुसार चार धाम की यात्रा को बहुत ही पवित्र माना गया है। ऐसी मान्यता है कि चार धाम की यात्रा से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है।कक्का के मुताबिक चार धाम यात्रा को दक्षिणावर्त दिशा में पूरा करना चाहिए। इसलिए, तीर्थयात्रा यमुनोत्री से शुरू होती है, गंगोत्री की ओर बढ़ती है, केदारनाथ तक जाती है और अंत में बद्रीनाथ पर समाप्त होती है।

कलियुग में इन चार धामों के मुकाबिल अब सनातनी और गैर सनातनियों ने अपने परिश्रम और धन के बूते चार के मुकाबले चालीस धाम बना लिए है। इन धामों में देवता छोटे लेकिन उनके नाम पर दूकान चलाने वाले बड़े -बड़े साधू-सन्यासी बैठने लगे हैं। हर रोज ,हर राज्य में एक न एक नया धाम खुल जाता है। इन नए धामों में इतनी धमाधम होती है कि आप कल्पना नहीं कर सकते । इन धामों में कोई और जाये या न जाये लेकिन नेता ,मंत्री,विधायक,संसद और तो और प्रधानमंत्री जी जरूर जाते हैं। बाबा बागेश्वर ने अपना धाम बना लिया। पंडोखर वालों ने अपना धाम ठोंक दिया। प्रदीप मिश्रा का अपना धाम है और ऐसे ही किसी तीसरे का तीसरा,चौथे का चौथा धाम है। दक्षिण में तो धामों की लम्बी श्रृंखला है। भगवान खुद इतने सारे धाम देखकर चकित हैं। धाम का मोटा और महीन अर्थ एक ही है की वह स्थान जहाँ किसी देवता का निवास हो, देवस्थान या पुण्यस्थान,



मंदिर, तीर्थ हो वो ही धाम है। महाभारत के अनुसार धाम अपने अआप में एक प्रकार के देवता हैं।

शब्दकोश में धाम के लिए गृह, घर, मकानबागडोर, लगामदेह, शरीर, तन, स्वर्ग, बैकुण्ठ चारदीवारी, वैभव, ज्योति, किरण, शोभा, प्रभाव, तेज, विष्णु, ब्रह्म, जन्म और गति को भी धाम ही कहा जाता है। हंदुओं के धाम चार से ज्यादा नहीं होते और न हो सकते है। ठीक वैसे ही जैसे मक्का और मदीना मुस्लिमों के दो पवित्र स्थान है। ईसाइयों के लिए एक यरुशलम है। सिखों के लिए एक स्वर्ण मंदिर है। लेकिन कलियुग में खासतौर पर मोदी युग में नए -नए धाम खोलने की छूट है ।

पहले हर सक्षम हिन्दू चार धाम की तीर्थयात्रा करता था। ये चार धाम वे थे जिसका विधान आदि शंकराचार्य ने बताया था। जब आम हिन्दू बद्रीनाथ धाम जाता था तो उसमें केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री जाना भी शामिल रहता था। जैसे हर हिन्दू काशी, प्रयाग और गंगासागर नियमित रूप से से सुविधा व समयानुसार जाता रहता था। इसके अतिरिक्त समय और सामर्थ के अनुसार हर हिन्दू बारह ज्योतिलिंगों और बावन शक्तिपीठों का भ्रमण करता रहता था।लेकिन अब सब कुछ उलटा-पुल्टा हो रहा है। डबल इंजिन की सरकारों ने प्राचीन चारों धामों को तो पर्यटन केंद्रों में बदल ही दिया है साथ ही अयोध्या जैसे पुण्य स्थलों को भी चार धामों से ज्यादा प्रतिष्ठित कर दिया है ,क्योंकि नए धाम से वोट जुड़े हैं,पुराने धामों से वोट की जुगाड़ नहीं होती।अकेले यूपी सरकार धार्मिक पर्यटन से साल में 25 हजार करोड़ की कमाई करने का लक्ष्य बनाये बैठी है।

रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास को कलियुग में खासकर मोदी युग में धर्म की फजीहत की पूरी आशंका थी। इसीलिए उन्होंने सचेत किया था कि-

मारग सोइ जा कहुँ जोइ भावा। पंडित सोइ जो गाल बजाबा।

मिथ्यारंभ दंभ रत जोईं। ता कहुँ संत कहइ सब कोई।

अब बागेश्वर हो,या कांग्रेस से निकले गए एक बाबा आचार्य प्रमोद कृष्णम या कोई और। सब जगह गाल बजाने वाले जमे हुए हैं। हमारे मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक इन नए धामों का शिलान्यास कर रहे है। वहां माथा तक रहे हैं , कोई कल्कि धाम बना रहा है तो कोई किसी और नाम का धाम। धाम ही नहीं अब तो सरकारी संरक्षण में नए पांचवें, छठवें शंकराचार्य भी बन गए हैं। कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता ,क्योकि सत्ता का संरक्षण उनके ऊपर है। सवाल ये है कि नए धाम खोलने कि अनुमति कौन देता है ? कौन इनका प्रमाणीकरण करता है कि ये लूट के अड्डे नहीं हैं,व्यभिचार के केंद्र नहीं हैं। अभी भी ऐसे ही धामों के कथित संस्थापक आसाराम हों या राम-रहीम जेलों में पड़े हैं न ?

सरकार जैसे चिटफंड कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती उसी तरह इन स्वयंभू धामों के खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं करती और न करेगी ,क्योंकि ये दुधारू गायें हैं। आप तुलसीदास जी की मदद से ही इन नक्कालों को पहचान सकते है। तुलसी बाबा ने बहुत साफ शब्दों में लिखा है -

निराचार जो श्रुतिपथ त्यागी। कलिजुग सोइ ग्यानी सो विरागी

जाकें नख अरू जटा बिसाला। सोइ तापस प्रसिद्ध कलिकाला।

असुभ वेस भूसन धरें भच्छाभच्छ जे खाहिं

तेइ जोगी तेइ सिद्ध नर पूज्य ते कलिजुग माहिं।

मेरे कहने का मतलब है कि देश में आजकल केवलोकतंत्र और संविधान ही नहीं बल्कि धर्म भी खतरे में है। धाम भी खतरे में हैं। इन्हें बचाना ही सच्चा धर्म है । धर्म के नाम पर नकली धाम बनाने में मददगार नेताओं और पार्टियों को वोट देना देशहित नहीं है। देशहित पहचानिये और अपने चार धामों के बाद जितने भी धाम बने दिखाई दें वहां झांकिए तक नहीं ,अन्यथा पाप के भागीदार बनेगे आप। मेरा काम आपको सचेत करना था ,सो कर दिय। अब आप जानें और आपका काम जाने। आप को चार धाम करना है या चालीस धाम ! आप कूद तय करें।

# तो पेरेंटिंग के तरीके में सुधार की जरूरत

अगर आपको ऐसा लगता है कि आपके बच्चे में उत्साह की कमी है, वह अपनी इच्छा से आगे बढ़कर कोई भी नया काम करने को तैयार नहीं होता, पढ़ाई या छोटे-छोटे घरेलू कार्यों के लिए उसे बार-बार टोकना पड़ता है तो आपको अभी से सचेत हो जाना चाहिए। बच्चे के व्यवहार में ऐसी परेशानी इस बात का संकेत है कि आपको अपनी पेरेंटिंग के तरीके में सुधार की जरूरत है। कुछ बच्चे दूसरों को देखकर बहुत जल्दी उनके गुणों को अपनाने की कोशिश करते हैं, पर कुछ ऐसा नहीं कर पाते। ऐसे बच्चों को प्रेरित करने की जरूरत होती है, ताकि वे जल्द से जल्द अच्छी आदतें सीख सकें। बच्चों के पहले शिक्षक माता-पिता ही होते हैं और वे उन्हीं के व्यवहार का अनुसरण करते हैं। अगर अपनी रोजमर्रा की दिनचर्या में आप हमेशा सक्रिय, उत्साही और ऊर्जावान रहेंगे तो आपको देखकर छोटी उम्र से ही आपके बच्चे में भी स्वतः ऐसी अच्छी आदतें विकसित होंगी। अगर आप किसी काम को लेकर उत्साहित नहीं हैं तो बच्चे में भी उत्साह की कमी होगी। इसलिए जरूरी है कि जब भी आप कुछ नया सीखें, उसे बच्चे के साथ साझा करें। इसके अलावा नियमित रूप से उसके साथ खेलने और प्यार भरी बातें करने के लिए थोड़ा समय जरूर निकालें। अपने घर में ऐसा खुशनुमा मा माहौल बनाए रखें कि आपका बच्चा निडर होकर आपसे अपने दिल की बातें शेयर कर सके । इससे वह स्वतः प्रेरित होना सीख जाएगा। रोजमर्रा के छोटे-छोटे कार्यों के बहाने उसे कामयाबी की अहमियत समझाएं। शुरूआत में उसे कोई भी जिम्मेदारी सौपें। मसलन, स्टडी टेबल को सही ढंग से व्यवस्थित करना, पौधों को पानी देना, गणित के सवाल हल करना, अपनी हैंडराइटिंग सुधारना आदि। कार्य चाहे छोटा हो या बड़ा, अगर आपका बच्चा उसे सही ढंग से पूरा करने की कोशिश करता है तो उसके इस प्रयास की सराहना जरूर करें। इससे उसका उत्साह दोगुना हो जाएगा और वह कामयाबी हासिल करने की दिशा में कड़ी मेहनत करेगा। जब भी उसे सफलता मिले, उसे भरपूर शाबाशी दें, ताकि वह हमेशा आगे बढने. के लिए प्रेरित हो। हर बच्चा अपने आप में खास होता है। हमें अपने बच्चे की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। हमेशा उपदेश देने के बजाय उसकी बातें भी ध्यान से सुननी चाहिए। बेहतर यही होगा कि आप अपने परिवार से जुड़े छोटे-छोटे मुद्दों पर उसे भी अपनी राय रखने का अवसर दें। मसलन, लंच या डिनर का मेन्यू क्या हो, वीकेंड पर कहां घूमने जाएं, उसके कमरे की दीवारों का रंग कैसा हो जैसे विषयों पर उसकी राय जरूर मांगे। इससे उसे ऐसा लगेगा कि उसके सुझाव भी आपके लिए अहमियत रखते हैं। आपकी यह छोटी सी कोशिश उसका आत्मविश्वास बढ़ाने में भी मददगार होगी। बच्चे के भीतर जिम्मेदारी की भावना विकसित करें, ताकि वह रोजाना सही समय पर अपना होमवर्क पूरा कर सके। होमवर्क पूरा करने के बाद ही उसे टीवी देखने की इजाजत दें। उसके पढने.के लिए एक अलग जगह बनाएं।

## आज का राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** आज आर्थिक लाभ होगा और हर कार्य में उत्तम सफलता प्राप्त होगी। आप जनता के प्रिय बनेंगे। | **तुला** लाभ होगा और यदि आप किसी कार्य में मेहनत कर रह थे तो उसमें सफलता प्राप्त होगा। |
| **वृषभ** आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी। आज किसी मामले में निर्भीक होकर आप फैसला करेंगे। | **वृश्चिक** आज का दिन काफी मिलाजुला रहेगा। आमदनी से ज्यादा खर्च की स्थिति रहेगी। |
| **मिथुन** काम को ही सावधानी से करने का दिन है। आपकी कोई बात सामने वाले को बुरी न लगे। | **धनु** आज के दिन विद्या बुद्धि और ज्ञान की प्राप्ति होगी। आपके कठिन प्रयासों से इच्छा की पूर्ति होगी। |
| **कर्क** आर्थिक लाभ होगा और आपको किसी मामले में सहयोगियों से निराशा हो लग सकती है। | **मकर** आज आर्थिक लाभ होगा और आज आपको पूर्वजों से धन मिलने की संभावना है। |
| **सिंह** आपके अंदर परोपकार की भावना बढ़ेगी। आज आपका अधिक समय धार्मिक कार्य में बीतेगा। | **कुंभ** आज आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी और भाग्य साथ देगा। आमदनी ठीक होगी। |
| **कन्या** आज आर्थिक लाभ होगा और भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहेगा। | **मीन** आज दिन शुभ है। आपकी अपनी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल से भी मान सम्मान मिलेगा। |

## विशेष

### मकड- जाल में फंसी ममता

पश्चिम बंगाल में संदेशखाली मामले में ममता बनर्जी भाजपा के बनाये हुए मकड जाल में फंस गई हैं। लोकसभा चुनाव के पहले भारतीय जनता पार्टी ने ममता बनर्जी के लिए जो जाल बुना था। उसमें वह फंसकर फड़फड़ा रही है। निकलने का कोई रास्ता उन्हें नहीं मिल रहा है। जिस तरह से नंदीग्राम का मुद्दा ममता जी ने लेफ्ट के खिलाफ बनाया था। उसी तरह का मुद्दा भारतीय जनता पार्टी ने संदेशखाली का बना दिया है। शाहजहां शेख अभी तक गिरफ्तार नहीं हुआ है। गिरफ्तार हो भी जाता, तो यह मुद्दा दबने वाला नहीं था। रही सही कसर हाईकोर्ट और राज्यपाल पूरी कर रहे हैं। कांग्रेस और लेफ्ट भी विरोध में खड़े हुए हैं। ममता बनर्जी को अकेले ही अपनी लड़ाई लड़नी पड़ रही है। लोकसभा चुनाव में इसका बड़ा असर हो सकता है। यह संभावना व्यक्त की जाने लगी है।

### दल बदल आम जनता के साथ गद्दारी?

पार्टी सिंबल से चुनाव जीतकर जो जनप्रतिनिधि अपने निजी फायदे के लिए पार्टी बदल लेते हैं। अब उन्हें गद्दार कहा जाने लगा है। मतदाता उन्हें पार्टी के सिंबल पर वोट देता है। चुनाव जीतने के बाद निर्वाचित प्रतिनिधि, निजी फायदे के लिए नैतिकता निष्ठा और दल बदल कानून को ठेंगा दिखाकर दल बदल कर लेता है। दल बदलू लाखों करोड़ों रुपए कमाकर घर बैठ जाते हैं। लोकतंत्र में संख्या बल का यह खेल बड़े पैमाने पर चल रहा है। अब आम मतदाताओं के साथ-साथ दलबदल करने वाले को गद्दार कहा जाने लगा है। इस तरह के गद्दारों के कारण अब लोकतंत्र के स्थान पर धन-तंत्र स्थापित हो गया है। कोई भी जीत कर आए,धन या पद देकर खरीद लो।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1778 : फ्रांस ने अमरीकी स्वतंत्रता को मान्यता दी. 1818 : शिवाजी के पुत्र संभाजी की ताजपोशी रायगढ़ किले में हुई. 1818 : उदयपुर के राणा ने अंग्रेजों के साथ संधि की. 1911 : प्रसिद्ध विद्वान महादेव गोविंद रानाडे का निधन. 1920 : अमरीका में मद्य निषेध की शुरूआत हुई. 1925 : रूस की क्रांतिकारी परिषद के अध्यक्ष पद से लियोन ट्रास्की को बर्खास्त किया गया. 1938 : बंगला भाषा के उपन्यासकार शरतचंद्र चट्टोपाध्याय का निधन हुआ. 1955 : खड़कवासला रक्षा अकादमी का उद्घाटन हुआ. 1966 : नाइजीरिया में सेना ने सत्ता संभाली. 1973 : अमरीका और दक्षिण वियतनाम ने युद्ध विराम की घोषणा की. 1979 : ईरान के शाह मुहम्मद रजा पहलवी देश छोड़कर भागे.

## दैनिक पंचांग

**03 मार्च 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.57 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मेष | 08.28 बजे से |
| मंगल | मकर में | वृष | 10.08 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.06 बजे से |
| गुरु | मेष में | कर्क | 14.19 बजे से |
| शुक्र | मकर में | सिंह | 16.36 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.47 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.58 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 23.13 ब.से |
| राहुकाल | 4.30 से 6.00 बजे तक | धनु | 01.29 बजे से |
| | | मकर | 03.34 बजे से |
| | | कुंभ | 05.21 बजे से |

**रविवार** 2024 वर्ष का 63 वां दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** सप्तमी 08.45 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** अनुराधा 15.55 बजे को समाप्त।
**योग** हर्षण 17.24 बजे को समाप्त।
**करण** बव 08.45 बजे तदनन्तर बालव 20.54 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 22.1 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 06° 43'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871907
**जूलियन दिन** 2460372.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सावान **तारीख** 21
**विशेष** शबरी जयंती, कालाष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक | |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक | |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक | |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक | |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक | |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक | |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक | |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



स्कूली पढ़ाई पूरी होने के बाद छात्र बीटेक इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग में अपना करियर बना सकते हैं। न सिर्फ देश बल्कि विदेशों में भी आर्किटेक्चर्स की डिमांड काफी बढ़ी है। इस कोर्स को कर आप भी अपने करियर को नई उड़ान दे सकते हैं।

# आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग में बनाएं अपना करियर
# विदेशों में भी है डिमांड

अगर आप भी स्कूली पढ़ाई पूरी होने के बाद अन्य स्टूडेंट्स की तरह मेडिकल आदि अपना करियर नहीं बनाना चाहते हैं तो आपके पास कई ऑप्शन हैं। जिनमें आप बेहतर करियर बना सकते हैं। इन्हीं में से एक आर्किटेक्चर भी है। इंजीनियरिंग क्षेत्र के महत्वपूर्ण कोर्सेस में से आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग कोर्स एक है। इसमें कोर्स में एडमिशन लेने के लिए कैंडिडेट को जेईई की परीक्षा में शामिल होना होता है। आर्किटेक्चर के तौर पर आपका काम बिल्डिंगों के निर्माण, डिजाइन आदि से संबंधित होता है। बता दें कि देश के अलावा विदेशों में भी आर्किटेक्चर्स की डिमांड काफी बढ़ी है। 12वीं पास करने के बाद आप भी इस फील्ड में अपना करियर बना सकते हैं। इसमें प्रवेश लेने के लिए आपको प्रवेश परीक्षा पास करनी होती है।

## 4 साल का कोर्स

बीटेक इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग कोर्स 4 साल का होता है। इस कोर्स को 8 सेमेस्टर में डिवाइड किया गया है। इसकी पढ़ाई के दौरान छात्रों को प्लानिंग, डिजाइनिंग, निर्माण, टेक्नोलॉजी, इनोवेशन आदि के बारे में बताया जाता है। साथ ही सिविल इंजीनियरिंग के बुनियादी पहलुओं के बारे में भी स्टूडेंट्स को सिखाया बताया जाता है। इस कोर्स को करने वाले छात्रों में रचनात्मक, क्रिएटिविटी और कल्पना का होना जरूरी है।





## योग्यता

- बीटेक इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन लेने के लिए छात्र को 12वीं साइंस स्ट्रीम से पास करना जरूरी है।
- 12वीं कक्षा की अंतिम परीक्षा के दौरान आप इस कोर्स के लिए अप्लाई कर सकते हैं।
- इसमें एडमिशन के लिए छात्र के कम से कम 50% अंक होना जरूरी है।
- 12वीं पीसीएम में अंग्रेजी विषय की जानकारी होना आवश्यक है।
- आरक्षित श्रेणी के छात्रों को गाइडलाइन्स के हिसाब से 5% की छूट मिलती है।

## एडमिशन प्रोसेस

आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग में बीटेक कोर्स करने वाले छात्रों को प्रवेश परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए कैंडिडेट को कंडक्टिंग बॉडी द्वारा जारी किए आवेदन फॉर्म को भरना होता है। इस फॉर्म को भरने वाले कैंडिडेट को ई-मेल आईडी के जरिए अपनी शैक्षिक जानकारी और जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें। इसके बाद आपको आवेदन फीस देनी होगी। आवेदन होने के बाद प्रवेश परीक्षा में उम्मीदवारों अच्छा प्रदर्शन करना होता है। परीक्षा में रैंक के आधार पर काउंसलिंग प्रोसेस होता है। नंबर अच्छे आने के बाद छात्रों को सीट अलॉट की जाती है।

### प्रवेश परीक्षा

- जेईई मेन
- जेईई एडवांस
- डब्ल्यूजेईई
- वीआईटीईईई
- एसआरएमजेईई
- केईएएम
- एलपीयूएनईएसटी
- एनएटीए
- एपी ईएएमसीईटी

## पद

- आर्किटेक्चर – 2 से 3 लाख रुपये
- बिल्डिंग सर्वेयर – 3.5 से 4 लाख रुपये
- आर्किटेक्चूरल इंजीनियर – 4 से 5 लाख रुपये
- स्ट्रक्चुरल इंजीनियर – 5 से 6 लाख रुपये
- रूरल प्लानिंग – 5 से 6 लाख रुपये
- अबर प्लानिंग – 6 लाख रुपये
- इंटिरियर डिजाइन – 5 से 6 लाख रुपये
- बीटेक इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग कोर्स

- निर्माण उद्योग
- डिजाइन और वास्तुकला उद्योग
- इंटीरियर डिजाइनिंग
- नगर योजना आयोग
- एयरोस्पेस उद्योग
- भारतीय रेल
- नगर निगम
- भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)
- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन
- राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम लिमिटेड
- आइडिया
- शोवा सेकेई
- पलाफॉक्स एसोसिएट्स
- मोर्फोजेनेसिस
- औकेट स्वांके
- मूलरूप समूह
- प्रोगेटो सीएमआर
- बीटेक इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग कोर्स – उच्च शिक्षा
- एमटेक/एमई इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग
- एमबीए
- पीएचडी
- प्रतियोगिता परीक्षाएं

## कॉलेज और फीस

**इंदिरा गांधी प्रौद्योगिकी संस्थान**
कोर्स की फीस – 34,500 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 11,45,000 रुपये (सालाना)

**थंगल कुंजू मुसलियार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (टीकेएमसीई)**
कोर्स की फीस – 12, 425 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 8,00,000 रुपये (सालाना)

**चंडीगढ़ विश्वविद्यालय चंडीगढ़**
कोर्स की फीस – 1,60,000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 6,00,00 रुपये (सालाना)

**निम्स यूनिवर्सिटी जयपुर**
कॉलेज की फीस – 60,000 रुपये

**लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर**
कोर्स की फीस – 1,38, 200 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 20,00,000 रुपये (सालाना)

**इंडियाना इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, गोरखपुर**
कोर्स की फीस – 54, 000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 5,40,000 रुपये (सालाना)

**अखिल भारतीय प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान – [एआईआईटीएम] चेन्नई**
कोर्स की फीस – 60,000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 3,00,000 रुपये (सालाना)

**केसी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ऊना**
कोर्स की फीस – 70,000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 6,00,000 रुपये (सालाना)

**हिंदुस्तान प्रौद्योगिकी और विज्ञान संस्थान (एचआईटीएस) चेन्नई**
कोर्स की फीस – 2,87,000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 3,80,000 रुपये (सालाना)

**स्कूल ऑफ एरोनॉटिक्स नई दिल्ली**
कोर्स की फीस – 1,80,000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 4,80,000 रुपये (सालाना)

**आईआईटी, मद्रास**
कोर्स की फीस – 9.1 लाख रुपये

**एसआरएम विश्वविद्यालय**
कोर्स की फीस – 14 लाख रुपये

**एमआईटी मणिपाल**
कोर्स की फीस – 16 लाख रुपये

**अन्ना विश्वविद्यालय**
कोर्स की फीस – 5 लाख रुपये



# जेईई मेन की परीक्षा में फेल छात्रों के लिए ये हैं बेस्ट ऑप्शन

**जेईई मेन परीक्षा में कई छात्र फेल हुए हैं। फेल छात्र करियर को लेकर चिंतित हैं। इस परीक्षा में जो अभ्यर्थी फेल हुए हैं उनके लिए हम यहां पर करियर ऑप्शन बता रहे हैं।**

जेईई मेन परीक्षा में कई छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। जबकि कई छात्र फेल भी हुए हैं। फेल छात्र करियर को लेकर चिंतित हैं। ऐसे में हम बताते हैं कि जेईई मेन फेल छात्रों के लिए करियर ऑप्शन क्या हैं?

## दोबारा से करें तैयारी

अगर आप जेईई मेन की परीक्षा नहीं पास कर पाएं हैं तो दोबारा से तैयारी करें। क्योंकि कोई भी अभ्यर्थी इस परीक्षा को दो बार दे सकता है। ऐसे में तैयारी बेहतर और नई स्ट्रैटेजी के साथ करें। अगर तैयारी अच्छी होगी तो आपको सफलता पाने से कोई रोक नहीं पाएगा।

## इंजीनियरिंग परीक्षा दें

अभ्यर्थी स्टेट स्तर की इंजीनियरिंग परीक्षा दे सकते हैं। देश के लगभग सभी राज्यों की तरफ से स्टेट स्तर की परीक्षा आयोजित की जाती है। जिसके तहत विभिन्न ट्रेड में बीटेक में प्रवेश दिया जाता है। ऐसे में छात्र यूपी, दिल्ली, एमपी, हरियाणा सहित अन्य राज्यों की राज्य स्तरीय इंजीनियरिंग की परीक्षा दे सकते हैं।

## प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज में लें दाखिला

जो छात्र जेईई मेंस की परीक्षा नहीं पास कर पाएं हैं, वे प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज में भी दाखिला ले सकते हैं। देश में कई ऐसे प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज हैं, जो बीटेक कराते हैं। हालांकि, छात्रों को सलाह है कि वे प्राइवेट कॉलेजों में एडमिशन लेने से पहले वेरिफिकेशन जरूर कर लें।

## दूसरे क्षेत्र में भी बना सकते हैं करियर

अगर जेईई मेन की परीक्षा में फेल हुए हैं तो छात्र कोई अन्य कोर्स भी कर सकते हैं। जैसे पांच वर्षीय एलएलबी, पांच वर्षीय एमबीए सहित अन्य। कई ऐसे संस्थान हैं जो पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स कराते हैं।

## सरकारी नौकरी की करें तैयारी

अगर छात्र चाहें तो देश की सबसे प्रतिष्ठित नौकरी यूपीएससी की सिविल सर्विसेज की तैयारी कर सकते हैं। हालांकि, उन्हें ग्रेजुएशन में प्रवेश लेना होगा। क्योंकि बिना ग्रेजुएशन किए सिविल सर्विसेज की परीक्षा कोई नहीं दे सकता है। अगर छात्र अभी से सिविल सर्विसेज की तैयारी करेंगे तो तीन साल बाद जब ग्रेजुएशन कर लेंग तो सिविल सर्विसेज की परीक्षा देने पर आसानी से क्लियर कर लेंगे।

# कैसे करें इंग्लिश की तैयारी सिलेक्शन में होगी आसानी

डेली प्रैक्टिस से इंग्लिश की तैयारी बेहतर तरीके से की जा सकती है। जिन कैंडिडेट ने इंग्लिश का सब्जेक्ट चुना होगा, उम्मीद होगा कि अब तक उन्होंने इस टॉपिक को कवर कर लिया होगा। ए उन टॉपिक का ज्यादा रिवीजन करें जिनसे एग्जाम में प्रश्न पूछे जाएंगे। इंग्लिश के एग्जाम में कौन से टॉपिक्स से प्रश्न पूछे जाते हैं, यह बताने के लिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से तीन-तीन एक्सपर्ट्स को लेकर आए हैं। जिनके टिप्स की मदद से आप अपने इंग्लिश के सब्जेक्ट और अच्छे से इंप्रूव कर सकेंगे।

## क्या कहते हैं एक्सपर्ट

एक्सपर्ट प्रमोद ने बताया ने कि छात्रों के पास अब लिमिटेड समय है। इसलिए छात्रों को अब उन्हीं टॉपिक्स पर फोकस करना चाहिए, जिनमें वह खुद कंफर्टेबल हैं। जिनमें उनकी तैयारी पहले से है। लास्ट मौके पर नए टॉपिक्स को पढ़ कर खुद को कंफ्यूजन से बचाना चाहिए। इंग्लिश सब्जेक्ट एक्सपर्ट के अनुसार, कुछ टॉपिक ऐसे होते हैं, जिनसे हर एग्जाम में प्रश्न पूछे जाते हैं। यह टॉपिक भले ही कितने मुश्किल क्यों ने हों, छात्रों का उन्हें अच्छे से तैयार कर लेना चाहिए। इंग्लिश लैंग्वेज के पेपर में एक्टिव वॉइस-पैसिव वॉइस, नरेशन, टेंस, आर्टिकल, प्रीपोजिशन और कंजक्शन से जुड़े अधिकतर सवाल पूछे जाते हैं। इसलिए स्टूडेंट को इन टॉपिक के अच्छे से तैयार करना चाहिए।

## फॉलो करें ये टिप्स

- इंग्लिश में सिलेबस को लिटरेचर, फोनेटिक्स ग्रामर और कॉम्प्रिहेंशन में बांटकर तैयारी करें।
- ग्रामर के टापिक्स को क्लियर करने के लिए डिटेल में पढ़ने की जगह चैप्टर की थ्योरी को पढ़कर उसके मल्टीपल चॉइस के सवालों सॉल्व करें।
- साल्ट समय में ज्यादा से ज्यादा पैसेज सॉल्व कर प्रैक्टिस पर फोकस करें। प्रैक्टिस करने से पेपर में आपको फायदा मिलेगा।
- एग्जाम में वोकेबलरी के कुछ सवाल पूछे जाते हैं। वोकेबलरी की लिस्ट तैयार कर रिवीजन करें। वोकेबलरी अच्छी होने से आप एग्जाम में अच्छा स्कोर कर पाएंगे।
- स्टूडेंट्स को एग्जाम टाइम में सबसे पहले सोशल मीडिया से दूरी बना लेनी चाहिए। क्योंकि एग्जाम के दौरान एक गलत जानकारी आपके पूरे माइंडसेट को बिगाड़ सकता है।
- इंग्लिश में अनसीन पैसेज बहुत महत्वपूर्ण हैं।
- फोनेटिक्स की यूनिट में सिंबल्स को जरूर देखना चाहिए। पेपर में इस पोर्शन से सवाल आने की पूरी संभावना है।
- इंग्लिश लैंग्वेज में Tense से लेकर सभी भागों को कवर करना जरूरी है।
- पेपर में अनसीन पैसेज और कॉम्प्रिहेंशन का एक हिस्सा भी आता है।
- इंग्लिश में जो टॉपिक हैवी हैं, उन्हें छोड़ने की गलती नहीं करनी चाहिए। शर्ट नोट्स बनाकर इन टापिक्स की तैयारी करें।
- एग्जाम की तैयारी के दौरान हर पार्ट को अलग-अलग डिवाइड कर उसको सॉल्व करें।
- एग्जाम के दौरान एक ही पोर्शन में ज्यादा समय न लगाएं। क्योंकि इससे आपका पेपर छूट सकता है।
- मॉडल पेपर को सॉल्व करने के दौरान स्पीड पर भी ध्यान दें। क्योंकि एग्जाम की समय सीमा होता है।
- टेस्ट सीरीज के सवालों और लास्ट ईयर के पेपर को भी ज्यादा से ज्यादा सॉल्व करने की कोशिश करें।



## इन टिप्स को करें फॉलो

- इंग्लिश के प्रश्नों का लेवल मॉडरेट रहेगा इसलिए सिर्फ बेसिक पर ज्यादा फोकस करना चाहिए। ऐसे में प्रैक्टिस सेट से अपनी तैयारी को अधिक मजबूत करें। प्रैक्टिस सेट सॉल्व करने के बाद मॉडल पेपर का एनालिसिस करना न भूलें। क्योंकि जो गलतियां आप प्रैक्टिस सेट में करेंगे उन पर अधिक ध्यान देना चाहिए।
- पेपर में कुछ महत्वपूर्ण टॉपिक जैसे एक्टिव-पैसिव, डायरेक्ट-इनडायरेक्ट, टेंस, इवैल्यूएशन और प्रिंसिपल्स ऑफ टीचिंग इंग्लिश को अच्छे से तैयार करना चाहिए।
- प्रश्न-पत्र सॉल्व करते उसकी लैंग्वेज पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। कई बार लैंग्वेज समझ नहीं आने पर आपका आंसर गलत हो सकता है। इसलिए पेपर को अच्छे से पढ़कर तभी आंसर लिखें।
- पेपर में छात्र सभी प्वाइंट्स को ध्यान में रखकर अगर आंसर देते हैं तो उन्हें अच्छा स्कोर करने से कोई भी नहीं रोक सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे की कंपनी ने दिया बड़ा ऑर्डर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पावर सेक्टर से जुड़ी कंपनी टॉरेंट पावर ने शुक्रवार को कहा कि उसे ग्रिड से जुड़ी चौबीस घंटे उपलब्धता वाली रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट के लिए रेलवे एनर्जी मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (आरईएमसीएल) से आवंटन पत्र (एलओए) मिला है। टॉरेंट पावर ने कहा कि परियोजना बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर होने के 24 महीने के भीतर चालू हो जाएगी। लगभग 325 मेगावाट रिन्यूएबल कैपिसिटी इंस्टॉल करने की परियोजना लागत लगभग 2,700 करोड़ रुपये है। इसके तहत 100 मेगावॉट क्षमता रिन्यूएबल एनर्जी 24 घंटे की आपूर्ति के लिए है। कंपनी ने कहा कि 325 मेगावाट क्षमता की रिन्यूएबल कैपिसिटी में विंड, सोलर और बैटरी स्टोरेज शामिल है। परियोजना 25 साल की अवधि के लिए 4.25 रुपये प्रति किलोवाट (यूनिट) की दर पर हासिल किया गया है। इस खबर के बीच सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन टॉरेंट पावर के शेयर पर निवेशक टूट पड़े। शुक्रवार को यह शेयर 3.43 प्रतिशत चढ़कर 1116.65 रुपये पर बंद हुआ। ट्रेडिंग के दौरान शेयर की कीमत 1138.95 रुपये तक गई। बता दें कि यह शेयर एक साल में 120 फीसदी से ज्यादा चढ़ चुका है। शेयर ने दिसंबर 2023 में 1,235.10 रुपये के 52 वीक हाई को टच किया था। आपको बता दें कि टॉरेंट समूह की कंपनी टॉरेंट पावर अपने गैस आधारित पावर प्लांट से 38.8 करोड़ यूनिट बिजली की आपूर्ति के लिए सफल बोलीदाता के रूप में उभरी है। उसे यह परियोजना एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड (एनवीवीएन) से मिली है।

### सोनी के आवेदन पर 2 हफ्ते में जवाब दीजिए, एनसीएलटी ने जी एंटरटेनमेंट से कहा




**नईदिल्ली, एजेंसी।** जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज और सोनी समूह की मर्जर योजना के रद्द होने के बाद अब यह विवाद नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल के पास है। सोनी समूह की ओर से अलग-अलग मामले में जी एंटरटेनमेंट के खिलाफ आवेदन दायर किए गए हैं। अब एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने जी एंटरटेनमेंट को सोनी समूह की कंपनियों द्वारा दायर आवेदनों पर दो सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस बीच, शुक्रवार को बीएसई पर जी एंटरटेनमेंट के शेयर 3.54 प्रतिशत गिरकर 155.35 प्रति शेयर पर बंद हुए। बता दें कि सोनी समूह की इकाइयां कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट और बांग्ला एंटरटेनमेंट ने विलय योजना को लागू करने की मांग करने वाली जी एंटरटेनमेंट की याचिका की स्थिरता को चुनौती देते हुए दो आवेदन दायर किए हैं। इसके जवाब में उन्होंने मामले को 23 अप्रैल को आगे की सुनवाई के लिए स्थगित कर दिया है। 22 जनवरी 2024 को सोनी समूह ने जी एंटरटेनमेंट के साथ अपने प्रस्तावित विलय सौदे को समाप्त कर दिया था। सोनी ने विलय समझौतों के उल्लंघन को लेकर जी एंटरटेनमेंट से 90 मिलियन डॉलर की मांग करते हुए सिंगापुर अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र से भी संपर्क किया था।

# चौतरफा तेजी: चौथी बार केंद्र सरकार ने की सर्वाधिक कमाई; वाहन बिक्री मामले में कंपनियों ने काटी चांदी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार के नीतिगत सुधारों और विभिन्न उपायों का असर देश की अर्थव्यवस्था में सभी मोर्चों पर तेजी के रूप में पूरी तरह दिखन लगा है।तीसरी तिमाही में जीडीपी में उम्मीद से तेज बढ़ोतरी के बाद अब सरकार को फरवरी, 2024 में जीएसटी के जरिये चौथी बार सबसे ज्यादा 1.68 लाख करोड़ रुपये की कमाई हुई है।इसकी प्रमुख वजह घरेलू बिक्री और आयात का बढ़ना है। इसके साथ ही, चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में सकल जीएसटी संग्रह 18.40 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के कर संग्रह से 11.7 फीसदी अधिक है।

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को आंकड़े जारी कर कहा, चालू वित्त वर्ष में औसत मासिक सकल जीएसटी संग्रह 1.67 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष के 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। केंद्र सरकार ने एकीकृत जीएसटी संग्रह से केंद्रीय जीएसटी के लिए 41,856 करोड़ रुपये व राज्य जीएसटी के लिए 35,794 करोड़ का निपटान किया। इस तरह, फरवरी के नियमित निपटान के बाद सीजीएसटी संग्रह 73,641 करोड़ रुपये व एसजीएसटी 75,569 करोड़ रुपये रहा। केपीएमजी इंडिया के पार्टनर अभिषेक जैन ने कहा, अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी वृद्धि और जीएसटी राजस्व के आंकड़े भारतीय जीडीपी की मजबूती एवं घरेलू खपत में तेजी को दर्शाते हैं।



### सभी राज्यों में तेजी से बढ़ रहा उपभोग

डेलॉय इंडिया के पार्टनर एमएस मणि ने कहा, तीसरी तिमाही के लिए मजबूत जीडीपी आंकड़ों के बाद अच्छा जीएसटी संग्रह सभी क्षेत्रों में व्यापक खपत को दर्शाता है। उन्होंने कहा, लगभग सभी प्रमुख राज्यों में जीएसटी संग्रह में आठ से 21 फीसदी तक की प्रभावशाली वृद्धि हुई है। इससे पता चलता है कि सभी राज्यों में उपभोग बढ़ रहा है।

### वाहन बिक्री : उद्योग के लिएतीसरा सबसे अच्छा महीना

स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) की मजबूत मांग के दम पर वाहनों की थोक बिक्री के लिहाज से फरवरी, 2024 उद्योग के लिए अब तक का तीसरा सबसे अच्छा महीना साबित हुआ। इससे पहले जनवरी, 2024 में सबसे ज्यादा 3,94,500 और अक्तूबर, 2023 में 3,91,811 यात्री वाहन बिके थे। पिछले माह मारुति सुजुकी, ह्युंडई और टाटा मोटर्स ने बिक्री में तेजी दर्ज की।

मारुति सुजुकी इंडिया ने फरवरी, 2024 में थोक बाजार में 1,97,471 वाहन बेचे। यह आंकड़ा एक साल पहले की समान अवधि के 1,72,321 इकाइयों से 15 फीसदी अधिक है। घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री भी 9 फीसदी बढ़कर 1,60,271 इकाई पहुंच गई।

कारखानों में उत्पादन और बिक्री में तेज बढ़ोतरी के बीच देश के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर फरवरी, 2024 में पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इसमें घरेलू और बाहरी मांगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शुक्रवार को जारी मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) फरवरी में बढ़कर 56.9 पहुंच गया। जनवरी, 2024 में यह 56.5 रहा था। पिछले महीने का यह आंकड़ा इस बात की तस्दीक कर रहा है कि देश का विनिर्माण परिदृश्य बेहतर हुआ है। साथ ही, यह सितंबर, 2023 के बाद विनिर्माण क्षेत्र की सबसे अच्छी स्थिति है।

खरीद लागत महंगाई 43 महीने के निचले स्तर पर आ गई। इससे बिक्री शुल्क कुछ हद तक बढ़ गया। कच्चे माल की लागत में साढ़े तीन साल में सबसे धीमी वृद्धि देखी गई। मजबूत घरेलू मांग के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, ब्राजील, कनाडा, चीन, यूरोप, इंडोनेशिया, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात से मांग बढ़ने के कारण नए निर्यात ऑर्डर में भी 21 महीनों का सबसे मजबूत विस्तार देखने को मिला है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 फरवरी को समाप्त हफ्ते में 2.98 अरब डॉलर बढ़कर 619.07 अरब डॉलर पहुंच गया है। 16 फरवरी वाले सप्ताह में यह 1.13 अरब डॉलर घटकर 616.1 अरब डॉलर रहा था। आरबीआई के मुताबिक, विदेशी मुद्रा संपत्तियां 2.41 अरब डॉलर बढ़कर 548.19 अरब डॉलर रही है। सोने का भंडार 47.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 47.85 अरब डॉलर रहा है।

# सोने-चांदी के दाम में उछाल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोने की कीमत 350 रुपये उछलकर 63,320 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। पिछले कारोबार में कीमती धातु 62,970 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी भी 400 रुपये बढ़कर 74,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि पिछले बंद में यह 74,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में कमोडिटी के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, विदेशी बाजार में तेजी का संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 350 रुपये बढ़कर 63,320 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, कॉमेक्स पर सोना हाजिर 2,045 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद से 11 अमेरिकी डॉलर अधिक है। गांधी ने कहा, व्यक्तिगत उपभोग व्यय (पीसीई) मूल्य सूचकांक डेटा जारी होने के बाद, जिसने अमेरिका में मुद्रास्फीति में कमी के संकेत दिए और इस साल के अंत में फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति दर में कटौती की उम्मीदें बढ़ा दीं। उन्होंने कहा कि डेटा जारी होने के बाद पीली धातु की कीमतें चार सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं।

# एफआईयू ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर लगाया 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना, वित्त मंत्रालय ने बताया यह कारण

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट-इंडिया ने मनी लॉन्ड्रिंग के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। वित्त मंत्रालय की ओर से यह जानकारी दी गई है। मंत्रालय के अनुसार अवैध गतिविधियों में लिप्त इकाइयों की ओर से पेटीएम पेमेंट्स बैंक में रखे गए बैंक का इस्तेमाल किया गया।

एफआईयू-आईएनडी ने कुछ संस्थाओं और उनके व्यवसायों के नेटवर्क के संबंध में कानून प्रवर्तन एजेंसियों से जानकारी मिलने पर पेटीएम पेमेंट्स बैंक की समीक्षा शुरू की थी। ये संस्थान ऑनलाइन जुआ खेलने की सुविधा देने जैसे अवैध कार्यों को अंजाम दे रहे थे। वित्त मंत्रालय ने कहा कि इन अवैध परिचालनों से प्राप्त धन, यानी अपराध की आय का लेनदेन पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के खातों के माध्यम से किया गया।

वित्त मंत्रालय ने कहा, फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट-इंडिया (एफआईयू-आईएनडी) ने पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) के तहत नियमों के उल्लंघन के कारण पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड पर 5.49 करोड़ रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। एफआईयू ने 15 फरवरी को




जुर्माना लगाने का आदेश पारित किया था। एफआईयू ने यह कार्रवाई आरबीआई के 31 जनवरी के उस निर्देश के बाद की है, जिसमें पेटीएम पेमेंट बैंक को अपने ग्राहकों के खातों में 29 फरवरी से ताजा जमा स्वीकार करने से रोक दिया गया था। बाद में यह तिथि बढ़ाकर 15 मार्च कर दी गई।

### पेटीएम पेमेंट्स बैंक का बयान

वहीं, पेटीएम पेमेंट्स बैंक के प्रवक्ता का कहना है कि यह जुर्माना एक बिजनेस सेगमेंट के मामले से संबंधित है जिसे दो साल पहले बंद कर दिया गया था। उसके बाद, हमने वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) के लिए अपनी निगरानी प्रणाली और रिपोर्टिंग तंत्र को मजबूत किया है।

# त्योहार पर घर जाने के लिए नहीं मिली बस, जली दिमाग की बत्ती, फिर 5 लाख से बना डाली 7,000 करोड़ की कंपनी !

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फणींद्र सामा देश के जाने-माने उद्यमी हैं। वह रेडबस के संस्थापक हैं। रेडबस भारत की सबसे बड़ी ऑनलाइन बस टिकटिंग कंपनी है। इस कंपनी की नींव उन्होंने अपने दो दोस्तों के साथ रखी थी। तीनों ने मिलाकर इसमें सिर्फ 5 लाख रुपये की पूंजी डाली थी। बाद में यही 7,000 करोड़ रुपये की कंपनी में तब्दील हो गई। कंपनी को शुरू करने का आइडिया भी फणींद्र को तब आया जब त्योहार पर घर जाने के लिए वह बस में टिकट नहीं बुक करा पाए थे। बाद में इस कंपनी को इबिबो ग्रुप ने खरीद लिया था। आइए, यहां फणींद्र के सफर के बारे में जानते हैं।



### स्टार्टअप इकोसिस्टम में जाना-माना नाम

फणींद्र भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम में जाना-माना नाम हैं। हालांकि, बहुत से लोग इस बात से अनजान हैं कि उन्होंने तेलंगाना के चीफ इनोवेश ऑफिसर के रूप में भी काम किया है। वह बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के छात्र रहे हैं। कॉलेज के समय उनकी सुधाकर पसुपुनुरी और चरण पद्मराजू से मुलाकात हुई। फिर तीनों घनिष्ठ दोस्त बन गए। कई संस्थानों में काम का अनुभव पाने के बाद तीनों दोस्तों ने सिर्फ 5 लाख रुपये के शुरुआती निवेश के साथ रेडबस को शुरू करने का फैसला किया। यह बस टिकटिंग प्लेटफॉर्म है। इसका वर्तमान मूल्य करीब 7,000 करोड़ रुपये है।

2013 में रेडबस को दक्षिण अफ्रीका के नैस्पर्स और चीन के टेनसेंट के ज्वाइंट वेंचर इबिबो ग्रुप ने 828 करोड़ रुपये के सौदे में खरीद लिया था। फणींद्र के नेतृत्व में रेडबस ने भारत में बस टिकटिंग सिस्टम में क्रांति ला दी। इससे यह अधिक सुविधाजनक और पारदर्शी हो गई। रेडबस शुरू करने से पहले फणींद्र टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स में इंटीग्रेटेड सर्किट के डिजाइनर के रूप में काम करते थे। प्रमुख निवेशकों के समर्थन से रेडबस जल्दी ही उद्योग में मार्केट लीडर बन गई।

### परोपकार की गतिविधियों में भी आगे

बेशक, 2013 में रेडबस का अधिग्रहण हो गया। लेकिन, अधिग्रहण के बाद भी वह काफी समय तक रेडबस के साथ जुड़े रहे। सफल उद्यमी होने के साथ फणींद्र सामाजिक पहल और परोपकार गतिविधियों में भी सक्रिय हैं। तेलंगाना के चीफ इनोवेशन ऑफिसर के रूप में उनकी विशेषज्ञता ने शासन में इनोवेशन और टेक्नोलॉजी कार्यान्वयन को बढ़ाने में योगदान दिया है।

# सैलरी में इजाफा, 2 दिन का वीक ऑफ, मोदी सरकार कर्मचारियों को देगी तोहफा !

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार बैंक कर्मचारियों को बड़ा तोहफा देने की तैयारी में है। सरकार पहली छमाही में सप्ताह के 5 कार्यदिवस प्रपोजल को स्वीकार कर सकती है। प्रपोजल स्वीकार करने पर कर्मचारियों को 2 वीक ऑफ मिला करेगा। इसके अलावा कर्मचारियों की सैलरी में भी इजाफा हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वित्त मंत्रालय की मंजूरी के बाद बैंक कर्मचारियों को सप्ताह में पांच कार्य दिवस मिलने की संभावना है और जून में वेतन बढ़ोतरी होगी।



### वित्त मंत्री को मंजूरी के लिए पत्र

ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक बैंक कर्मचारी यूनियनों के संगठन यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बैंकिंग क्षेत्र के लिए 5-दिवसीय कार्य सप्ताह की अनुमति देने के लिए पत्र लिखा है। इसके साथ ही बैंक कर्मचारी यूनियन ने यह भी आश्वासन दिया कि ग्राहकों के लिए बैंकिंग घंटों या कर्मचारियों और अधिकारियों के कुल कामकाजी घंटों में कोई कटौती नहीं की जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक यूनियन ने वित्त मंत्री से इस मामले की सही समीक्षा करने और भारतीय बैंक संघ (आईबीए) को निर्देश देने का आग्रह किया है। आपको बता दें कि वर्तमान में बैंक शाखाएं दूसरे और चौथे शनिवार को बंद रहती हैं। लंबे समय से सप्ताह में दो अवकाश की मांग हो रही है लेकिन यह अब तक पूरी नहीं हो सकी है। हालांकि, अब अनुमान है कि जल्द ही कर्मचारियों को सप्ताह में दो वीक ऑफ या अवकाश मिला करेगा। बैंक कर्मचारियों की सैलरी बढ़ोतरी भी संभव है। आईबीए और बैंक कर्मचारी यूनियनों ने पिछले साल भारत के सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में 17 प्रतिशत वेतन वृद्धि के लिए समझौता किया था ।

# कंपनी के विलय का ऐलान, सुवेन फार्मा के शेयर को खरीदने की मची लूट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को एक बार फिर शेयर बाजार ने ऐतिहासिक छलांग लगाई। इस तेजी की बदौलत सेंसेक्स और निफ्टी ने अपने ऑल टाइम हाई को पार कर लिया। इस माहौल के बीच फार्मा सेक्टर से जुड़ी कंपनी सुवेन फार्मा के शेयरों में भी 12 प्रतिशत की तगड़ी तेजी देखने को मिली। ट्रेडिंग के दौरान शेयर की कीमत 712 रुपये पर पहुंच गई। कंपनी का मार्केट कैप 17,300 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। हालांकि, दोपहर के कारोबार में थोड़ी बहुत मुनाफावसूली भी देखी गई। बहरहाल, शेयर में यह तेजी कंपनी के एक ऐलान के बाद आई है।

दरअसल, सुवेन फार्मा ने कोहांस लाइफसाइंसेज के साथ विलय के लिए एकीकरण की योजना की घोषणा की है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि ट्रांजैक्शन अगले 12-15 महीनों में पूरा होने की उम्मीद है। प्रस्ताव शेयरधारक और नियामक मंजूरी के अधीन है। मतलब कि शेयरधारकों और नियामकीय मंजूरी जरूरी है। कोहांस लाइफसाइंसेज, कॉन्ट्रैक्ट डेवलपमेंट एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑर्गनाइजेशन और मर्चेंट एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट (एपीआई) प्लेटफॉर्म है। इस प्लेटफॉर्म की पहचान एंटीबॉडी-ड्रग कंजुगेट्स (एडीसी) प्लेटफॉर्म के रूप में भी है। बता दें कि यह दोनों ही कंपनियां निजी इक्विटी फंड, एडवेंट इंटरनेशनल के पोर्टफोलियो की हैं। एडवेंट ने दोनों कंपनियों सुवेन फार्मास्यूटिकल्स और कोहांस लाइफसाइंसेज के लिए विलय प्रक्रिया शुरू की है। कंपनी ने डील के अलग-अलग पहलुओं के लिए कोटक महिंद्रा कैपिटल और सिटी को एडवाइजर के रूप में चुना है।

# प्ले स्टोर से हटे करीब एक दर्जन ऐप, संस्थापकों ने गूगल की दादागिरी करार दिया !

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गूगल ने कई दिग्गज ऐप्स को प्ले स्टोर से हटा दिया है। इनमें शादी, नौकरी, 99एकड़ और मत्रीमानी सहित करीब एक दर्जन ऐप शामिल हैं। गूगल के इस एक्शन पर संस्थापकों की तीखी प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने गूगल के इस तरह से उनके ऐप को हटाने पर ताज्जुब जाहिर किया है। शादी के संस्थापक अनुपम मित्तल ने आज को भारतीय इंटरनेट के लिए काला दिन करार दयिा है। उन्होंने गूगल को नई डिजिटल ईस्ट इंडिया कंपनी बताया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, गूगल ने भारतीय डेवलपर्स के उन ऐप्स को हटाने का फैसला किया है जो उसकी बिलिंग पॉलिसी का पालन नहीं कर रहे हैं। ऐप्स पर एक्शन का यही कारण है।

इन्फो एज के संस्थापक संजीव बिखचंदानी ने कहा है कि ऐसा लगता है कि गूगल ने




भारतीय डेवलपर्स के लिए अपनी ऐप बिलिंग पॉलिसी को लागू करने के लिए यह कदम उठाया है। गूगल की ऐप पॉलिसी के खिलाफ एक मामले में सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश के बाद इन्फो एज के नौकरी और 99एकड़ ऐप 9 फरवरी से गूगल की ऐप पॉलिसी का पालन कर रहे थे। इसके बावजूद उन्हें गूगल प्ले स्टोर से हटा दिया गया है।

शादी के अनुपम मित्तल ने कहा, आज भारतीय इंटरनेट के लिए काला दिन है। गूगल ने अपने ऐप स्टोर से प्रमुख ऐप्स को हटा दिया है। यह और बात है कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग और सुप्रीम कोर्ट में मामला चल रहा है। गूगल के झूठे नैरेटिव और दुस्साहस से पता चलता है कि उसे भारत के प्रति बहुत कम सम्मान है। कोई गलती न करें। यह नई डिजिटल ईस्ट इंडिया कंपनी है। इस लगान को रोका जाना चाहिए!

डेटिंग ऐप के संस्थापक और सीईओ रवि मित्तल ने कहा कि गूगल की ओर से ऐप को बिना किसी पूर्व चेतावनी के अचानक डीलिस्ट करने से हैरानी है। कोर्ट में मामला लंबित होने के बावजूद गूगल की कठोर रणनीति के कारण हमारे पास उनकी मनमानी नीतियों का पालन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता है।

रवि मित्तल ने कहा कि उनके ज्यादातर यूजरबेस एंड्रॉइड पर हैं। जहां प्रतिदिन 25,000 से ज्यादा डाउनलोड होते हैं। गूगल प्ले स्टोर किसी भी कंपनी के लिए एंड्रॉइड इकोसिस्टम में मौजूद रहने का एकमात्र विकल्प है। यह कदम न केवल हमारे ऐप बल्कि पूरे स्टार्टअप इकोसिस्टम को खतरे में डालता है। उन्होंने भारत सरकार से हस्तक्षेप करने और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा की रक्षा करने की गुहार लगाई है।

# निया का सबसे बड़ा बैंक जेपी मॉर्गन, अब तक 1200 बैंक इसमें मर्ज हुए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के बैंकिंग इतिहास में जब-जब मुसीबत आई, सारे रास्ते जेपी मॉर्गन की ओर मुड़ गए। इस बैंक के बारे में कहा जाता है कि 225 सालों के इतिहास में यह कभी भी आपदाओं को अवसर में बदलने से नहीं चूका। इसमें अब तक 1200 बैंक और अन्य वित्तीय संस्थाओं का विलय/अधिग्रहण हो चुका है। मार्केट कैप के हिसाब से दुनियां का सबसे बड़ा बैंक जेपी मॉर्गन चेस एंड कंपनी अपने इसी आकार के कारण चर्चाओं में बना रहता है। अमेरिका में बैंकों की असफलताएं डराती रही हैं। यहां साल 2000 से अब तक हर साल 25 बैंक असफल हुए। ऐसे में आशंकाएं जताई जाती हैं कि जेपी मॉर्गन में आने वाली मुसीबत का असर आम लोगों पर भी पड़ सकता है। क्या है इसका इतिहास, इस हफ्ते की ब्रांड स्टोरी में पढ़ते हैं।

मॉर्गन लाइब्रेरी एंड म्यूजियम की नींव वर्ष 1902 में जेपी मॉर्गन ने रखी थी। वह खुद कला प्रेमी और आर्ट कलेक्टर थे। वर्ष 1890 से ही मॉर्गन ने ऐतिहासिक किताबें, पांडुलिपियां, क्लासिक पेंटिंग्स और प्रिंट का संग्रह शुरू कर दिया था। न्यूयॉर्क स्थित यह लाइब्रेरी और म्यूजियम 175 हजार वर्ग फीट में फैला हुआ है। जेपी मॉर्गन चेस भी आर्ट कलेक्शन करती है।




जेपी मॉर्गन चेस की मौजूदा शक्ल पिछले 225 सालों में हुई कई सर्जरी के बाद लगातार बदली। कहानी की शुरुआत होती है साल 1799 में, जब न्यूयॉर्क में एरन बर ने मैनहट्टन बैंक बनाया। बाद में उनके साथ जुड़े अमेरिकी अर्थव्यवस्था के फाउंडर एलेक्जेंडर हेमिल्टन। इस बीच अमेरिकी अर्थव्यवस्था में जेपी मॉर्गन का दौर शुरू हो गया। 1871 में उन्होंने असेट मैनेजमेंट, इन्वेस्मेंट बैकिंग के लिए जेपी मॉर्गन एंड कंपनी बनाकर अर्थव्यवस्था को कई मुश्किल हालात से बाहर निकाला। इनमें 1903 और 1907 के आर्थिक संकट प्रमुख हैं। वहीं 1877 में चेस नेशनल बैंक की शुरुआत हुई। साल 1955 में बैंक ऑफ मैनहट्टन और चेस बैंक का विलय हो गया। जेपी मॉर्गन चेस एंड कंपनी मार्केटिंग और अपनी बाकी सब्सिडरी कंपनियों की सहूलियत और ब्रांडिंग के उद्देश्य से खुद को जेपी मॉर्गन नाम से पुकारती है। इसने बिजनेस को मोटे तौर पर दो हिस्सों में बांटा है। अमेरिकी ग्राहकों और कमर्शियल बैंकिंग के लिए चेस ब्रांड है। वहीं इन्वेस्टमेंट बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विस, फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन, असेट मैनेजमेंट मॉर्गन के हवाले है। अमेरिका के 4,715 बैंकों में नंबर-1 जेपी मॉर्गन मार्केट कैप के साथ दुनिया का सबसे बड़ा बैंक बना हुआ है। मुनाफा, ब्रांच की संख्या में भी नंबर-1 है। हालांकि असेट्स के लिहाज से ये दुनिया का पांचवां बड़ा बैंक है, पहला इंडस्ट्रीयल एंड कमर्शियल बैंक ऑफ चाइना है। साल 2008 में जब दुनिया में मंदी का दौर आया तो जेपी मॉर्गन चेस के लिए यह अवसर साबित हुआ। चूंकि तब इसके पास कुल अमेरिकी डिपॉजिट का दस फीसदी था, ऐसे में इसे आपात स्थिति को छोड़कर बैंक खरीदने की अनुमति नहीं थी। पर 2008 में मौका मिलते ही इसने वॉशिंगटन म्यूचुअल और द बियर स्टर्स को खरीद लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### पोलार्ड ने पाकिस्तान को दिखाया ठेंगा पीएसएल के बीच पहुंच गए भारत



**नईदिल्ली,एजेंसी।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के धाकड़ ऑलराउंडर कायरन पोलार्ड अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री वेडिंग कार्यक्रम के लिए भारत पहुंच गए हैं। पोलार्ड एक दिन पहले तक पाकिस्तान के कराची में थे। वह पाकिस्तान सुपर लीग 2024 में कराची किंग्स की तरफ से खेल रहे हैं। 29 फरवरी को कराची किंग्स का क्वेटा ग्लेडियेटर्स के साथ मैच था। इस मैच के बाद वह 1 मार्च को देर शाम गुजरात के जामनगर पहुंचे हैं। हालांकि माना यह जा रहा था कि पोलार्ड पाकिस्तान सुपर लीग में व्यस्तता के कारण शायद वह प्री वेडिंग कार्यक्रम में नहीं आ पाएंगे, लेकिन उनकी टीम कराची किंग्स का अगला मैच 3 मार्च को है। ऐसे में उन्होंने भारत का आने का फैसला किया है।

आईपीएल से संन्यास ले चुके हैं पोलार्ड

बता दें कि कायरन पोलार्ड इंडियन प्रीमियर लीग में लंबे समय तक मुंबई इंडियंस के खेल चुके हैं। पोलार्ड ने कई बार अकेले दम पर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। हालांकि आईपीएल में पिछले कुछ सीजन से उन्हें मौका नहीं मिल रहा था जिसके कारण उन्होंने इस लीग से ही उन्होंने संन्यास लेने का फैसला कर लिया।

### श्रीलंका ने चला बड़ा दांव, 3 साल बाद इस खिलाड़ी की हुई टीम में वापसी



**कोलंबों, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 से ठीक तीन महीने पहले श्रीलंकाई टीम ने अपने स्क्वॉड में एक बड़ा बदलाव किया है। स्क्वॉड में उस खिलाड़ी को जगह दी गई है जो पिछले तीन साल से टीम से बाहर चल रहा है। यह खिलाड़ी और कोई नहीं बल्कि विकेट कीपर बल्लेबाज निरोशन डिकवेला है। डिकवेला ने श्रीलंकाई टीम के लिए आखिरी टी20 2021 में खेला था। उन्हें कुसल परेरा की जगह स्क्वॉड में जगह दी गई है जो बीमारी के चलते बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। बताया जा रहा है कि परेरा श्वसन संक्रमण से पीड़ित हैं। डिकवेला बांग्लादेश के खिलाफ सोमवार को होने वाले पहले टी20 मैच से पहले शनिवार को बाकी टीम के साथ जुड़ेंगे। टी20 विश्व कप से पहले श्रीलंका का यह एक दिलचस्प फैसला है और उनका ये फैसला यह बताता है कि डिकवेला टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने के दावेदारों में से एक हैं।

हार्दिक पांड्या के समर्थन में उतरे पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा, कहा-

# जब कोई गलती नहीं की तो सजा क्यों मिले



**नईदिल्ली,एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने हार्दिक पंड्या को केंद्रीय अनुबंध देने के भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के फैसले का समर्थन किया। बीसीसीआई ने 28 फरवरी, बुधवार को 2023-24 के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची की घोषणा की। हार्दिक को ग्रेड ए श्रेणी में शामिल किया गया था और श्रेयस अय्यर और इशान किशन जैसे खिलाड़ियों को अनुबंध से बाहर कर दिया गया था।

सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने बीसीसीआई के कदम पर सवाल उठाते हुए तर्क दिया कि पंड्या ने विश्व कप 2023 में चोट लगने के बाद से न तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला है और न ही घरेलू क्रिकेट, तो उन्हें केंद्रीय अनुबंध में ए ग्रेड में क्यों शामिल किया गया। यह बात सही भी है कि पांड्या ने पिछले कुछ साल में नियमित रूप से घरेलू क्रिकेट में हिस्सा नहीं लिया है। हालांकि पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने बीसीसीआई के फैसले का बचाव किया। अपने यूट्यूब चैनल पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि हार्दिक को प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेलने के लिए दंडित नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह भारत की टेस्ट टीम में जगह के लिए प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहे हैं।

आकाश चोपड़ा ने कहा कि हार्दिक पंड्या का मामला बहुत सरल है और अगर उसने कोई गलती नहीं की है तो आप उसे सजा क्यों देंगे?



वह रेड-बॉल क्रिकेट नहीं खेल रहा हैऔर किसी भी टेस्ट सीरीज के लिए बिल्कुल भी उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए यदि आप टेस्ट के लिए ऑडिशन नहीं दे रहे हैं, तो कोई भी आपको प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलने के लिए नहीं कहेगा। आप चार दिवसीय मैच क्यों खेलेंगे जब आपके शरीर में इतने ओवर फेंकने की ताकत नहीं है और चोट की समस्या है।

हार्दिक का बचाव करते हुए आकाश चोपड़ा ने कहा कि आइए क्रोनोलॉजी को थोड़ा समझने की कोशिश करें। इससे आपके दिमाग में यह बात साफ हो जाएगी कि उनके लिए अलग नियम क्यों रखा गया है और उन्हें ईशान और श्रेयस के साथ शामिल करना गलत क्यों है। वह अक्टूबर-नवंबर में विश्व कप के दौरान चोटिल हो गए थे उस वक्त सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खत्म हो गई थी। वह उस समय भारत के लिए विश्व कप खेल रहे थे। बड़ौदा ने विजय हजारे ट्रॉफी में आखिरी मैच 5 दिसंबर को खेला था और उस समय वह फिट और उपलब्ध नहीं थे। वह कहीं भी अभ्यास नहीं कर रहे थे लेकिन एनसीए में अपनी चोट से उबर रहे थे।



## पापा का सीना चौड़ा तो मां के चेहरे पर खुशी... बेटे ध्रुव जुरेल ने माता-पिता को दिया खास गिफ्ट

**नईदिल्ली,एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल इस वक्त चर्चा में बने हुए हैं। उनकी इंग्लैंड के खिलाफ रांची टेस्ट के बाद से जमकर सरहाना हो रही है। वहीं अब जुरेल ने अपने परिवार के साथ एक खास तस्वीर शेयर की है। मौजूदा समय में भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैच की रोमांचक टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। रोहित सेना ने शुरुआती 4 टेस्ट में ही 3-1 से अजेय बढ़त लेकर सीरीज अपने नाम कर ली है। भारत ने रांची टेस्ट जीतकर इस सीरीज पर कब्जा किया। वहीं रांची टेस्ट में टीम इंडिया की जीत में सिर्फ दूसरा टेस्ट ही खेल रहे ध्रुव जुरेल ने अहम भूमिका निभाई। उनकी बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग ने सबका दिल जीत लिया। जुरेल ने 2 टेस्ट में ही सबको अपना दीवाना बना लिया। अब उनकी हर जगह प्रशंसा हो रही है। हालांकि अब जुरेल ने अपने माता-पिता के साथ एक फोटो शेयर की है, जिसे देख आप इमोशनल भी हो सकते हैं।

23 साल के ध्रुव जुरेल ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने माता-पिता के साथ दो फोटो शेयर की है। उन तस्वीरों में जुरेल अपने माता-पिता के बीच में बैठे हैं। उनके पिता के हाथ में एक अवॉर्ड था। दरअसल, वो अवॉर्ड ध्रुव जुरेल का था जो उन्हें रांची टेस्ट के बाद मिला था। वो अवॉर्ड जुरेल ने लाकर अपने पिता के हाथ में दिया। बराबर में बैठी उनकी मां भी काफी ज्यादा खुश लग रही थी। बता दें कि जुरेल ने रांची टेस्ट की पहली पारी में 149 गेंद का सामना कर 90 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली थी, जिसमें 6 चौके और 4 छक्के शामिल थे। इसके अलावा दूसरी इनिंग में ध्रुव जुरेल ने नाबाद 39 रन बनाए और भारत को मैच जिताकर ही वापस ड्रेसिंग रूम में लौटे। जुरेल को उनके इस शानदार प्रदर्शन के चलते प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से भी नवाजा गया। जुरेल दूसरे टेस्ट में ही पूरी तरह से छा गए।

## युवराज सिंह ने चुनाव लड़ने की खबरों को बताया अफवाह, फैंस ने कहा- बढ़िया फैसला लिया है

**नईदिल्ली,एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के आते-आते कई बड़े नाम राजनीति का रुख कर लेते हैं। इन दिनों कई क्रिकेटर्स और नेताओं के लोकसभा चुनावों के लड़ने की अफवाहें हैं। इस लिस्ट में भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह का नाम भी शामिल हैं। हालांकि इस वर्ल्ड चैंपियन खिलाड़ी ने इसे गलत बताया है।



मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि युवराज सिंह लोकसभा चुनाव में पंजाब के गुरदासपुर से लड़ने वाले हैं। इस सीट से पहले सनी देओल चुनाव लड़े थे और जीते थे। यह भी कहा जा रहा था कि बीजेपी चाहता है कि इस बार युवराज सिंह वहां से चुनाव लड़ें। दावा यह भी किया गया कि युवराज सिंह ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकारी से मुलाकात की थी।

युवराज सिंह ने खबरों से किया इनकार

युवराज ने सभी दावों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी राजनीति से जुड़ने की इच्छा नहीं है। वह समाज के लिए काम करना चाहते हैं लेकिन इसके लिए राजनीति में उतरना जरूरी नहीं है। युवराज सिंह ने कहा, 'मीडिया रिपोर्ट्स गलत हैं। मैं गुरदासपुर से चुनाव नहीं लड़ रहा हूं। मैं लोगों की मदद करना चाहता हूं। मैं यह काम अपनी फाउंडेशन यूवी कैन के जरिए करूंगी। अपने स्तर पर किसी को ऐसा करने की कोशिश करनी होगी।'

फैंस युवराज सिंह के इस फैसले से काफी खुश हैं। एक यूजर ने लिखा, 'शुक्रिया युवी। शानदार फैसला। हम सब आपसे प्यार करते हैं। राजनीति में मत आना।' एक अन्य फैन ने लिखा, 'शुक्रिया युवी, हम राजनीति के कारण एक स्पोर्ट्स हीरो को खोना नहीं चाहते।'

## आयरलैंड ने रचा इतिहास, टेस्ट में पहली जीत के साथ भारत-न्यूजीलैंड जैसी दिग्गज टीमों को छोड़ा पीछे

**अबुधाबी, एजेंसी।** आयरलैंड क्रिकेट टीम ने अफगानिस्तान को एकमात्र टेस्ट मैच में 6 विकेट से हराकर इतिहास रच दिया। आयरलैंड की टेस्ट क्रिकेट में यह पहली जीत है। आयरलैंड को साल 2017 में आईसीसी ने टेस्ट नेशन दर्जा दिया था। इसके बाद से टीम ने कुल 7 टेस्ट मैच खेले जिसमें उसे सभी में हार मिली, लेकिन 8 वें मैच में टीम ने अफगानिस्तान को हराकर पहली जीत का स्वाद चखा है। इस जीत के साथ ही आयरलैंड ने भारत और न्यूजीलैंड जैसी धाकड़ टीमों को पीछे छोड़ दिया है, जो मौजूदा समय में विश्व क्रिकेट पर राज कर रही है। आयलैंड छठी ऐसी टीम बनी है जो 10 मैच से पहले टेस्ट में जीत हासिल करने में सफल रही है।

### भारत को 25वें टेस्ट में मिली थी जीत

भारतीय क्रिकेट टीम ने अपना पहला टेस्ट मैच 1932 में खेला था, लेकिन टीम इंडिया को लाल गेंद क्रिकेट में पहली जीत का स्वाद 25 वें मैच में मिली थी। इस लिहाज से आयरलैंड की टीम भारत से काफी आगे है। इसके अलावा न्यूजीलैंड की टीम सबसे अधिक मैचों में के बाद पहली टेस्ट जीत हासिल की थी। न्यूजीलैंड ने अपने 45वें मैच में पहली जीत हासिल की थी।



आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में अफगानिस्तान की टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया था। अफगानिस्तान की टीम की अपनी पहली पारी में 155 रन ही बना सकी। इसके जवाब में आयरलैंड ने 263 रन बनाकर 108 रन की मजबूत बढ़त बना ली। ऐसे में अफगानिस्तान को मैच की तीसरी पारी में एक बड़ी चुनौती मिल गई।

अफगानिस्तान अपनी दूसरी पारी में जब बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरी तो वह आयरलैंड के खिलाफ सिर्फ 218 रन बनाकर ढेर गई। ऐसे में आयरलैंड को मैच में जीत के लिए सिर्फ 111 रनों का लक्ष्य मिला जिसे टीम ने सिर्फ 4 विकेट गंवाकर हासिल लिया।

# अडानी की टीम लगातार तीसरा मैच हारी

**बैंगलुरू, एजेंसी।** सोफी एकलेस्टन (20 रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद ग्रेस हैरिस की 33 गेंद में 60 रन की नाबाद पारी के बूते यूपी वॉरियर्स ने महिला प्रीमियर लीग 2024 मैच में शुक्रवार,1 मार्च को गुजरात जायंट्स को छह विकेट से शिकस्त दी। यूपी वॉरियर्स ने गुजरात की टीम को पांच विकेट पर 142 रन पर रोकने के बाद 15.4 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। यूपी वॉरियर्स की यह चार मैचों में दूसरी जीत है। गौतम अडानी की टीम गुजरात की यह तीन मैचों तीसरी हार है।

प्लेयर ऑफ द मैच हैरिस ने अपनी पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाने के अलावा पांचवें विकेट के लिए दीप्ति शर्मा (14 गेंद में नाबाद 17) के साथ 30 गेंद में 53 रन की अटूट साझेदारी की। उन्होंने डब्ल्यूपीएल में पदार्पण कर रही श्रीलंका की अनुभवी चमारी अटापट्टू (11 गेंद में 17 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 21 गेंद में 36 रन की साझेदारी की। कप्तान एलिसा हीली ने 21 गेंद में सात चौके की मदद से 33 रन बनाकर टीम को ताबड़तोड़ शुरुआत दिलायी। गुजरात जायंट्स के लिए तनुजा कंवर ने 23 रन देकर दो विकेट लिये। इससे पहले फोबे लिचफील्ड (35) और एश्लीघ गार्डनर (30) की आक्रामक पारियों और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 31 गेंद में 52 रन कर तेजतर्रार साझेदारी कर टीम सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। सत्र का पहला मैच खेल रही लॉरा वुलफार्ट (28) और कप्तान बेथ मूनी (16) ने 40 रन की साझेदारी कर गुजरात को अच्छी शुरुआत दिलाई,लेकिन यूपी ने

यूपी वॉरियर्स ने 6 विकेट से हराया



बीच के ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी करते हुए तेजी से रन बनाने का मौका नहीं दिया।

यूपी वॉरियर्स के लिए एकलेस्टन ने चार ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट चटकाये। राजेश्वरी गायकवाड को एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए हीली ने तीसरे ओवर में मेघना सिंह के खिलाफ चार चौके जड़ अपने इरादे जाहिर कर दिये। पांचवें ओवर में तनुजा ने मुंबई इंडियन्स के खिलाफ पिछले मैच में अर्धशतक जड़ने वाली किरण नवगिरे की आठ गेंद में 12 रन की पारी को खत्म किया। अटापट्टू ने इसी ओवर में चौके के साथ खाता खोला। कैथरीन ब्राइस ने इसके बाद हीली को आउट कर गुजरात को बड़ी सफलता दिलायी।

तनुजा ने नौवें ओवर में अटापट्टू को आउट किया

हैरिस ने क्रीज पर आते ही इस ओवर में दो चौके जड़कर दबाव को कम किया। उन्होंने पदार्पण कर रही मन्नत कश्यप के के ओवर में दो चौके और छक्का जड़ रन गति को तेज किया। तनुजा ने नौवें ओवर में अटापट्टू से दो चौका खाने के बाद इस दिग्गज बल्लेबाज को चलता किया। हैरिस ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मैदान के चारों ओर चौके जड़े। उन्होंने 14वें ओवर में गार्डनर की गेंद पर दर्शनीय छक्का जड़ा। इसी ओवर में दीप्ति ने आखिरी दो गेंदों पर दो चौके लगाये।

हैरिस ने 15वें ओवर में मेघना सिंह के खिलाफ दो चौके जड़ 30 गेंद में गुजरात के खिलाफ तीसरा अर्धशतक पूरा किया। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर वुलफार्ट ने दूसरे ओवर में अंजली सरवानी के खिलाफ हैट्रिक चौका लगाया। पावरप्ले के आखिरी ओवर में गेंदबाजी के लिए आयी एकलेस्टन ने मूनी की 16 गेंद में 16 रन की पारी को खत्म किया। इस विकेट के बाद यूपी के गेंदबाजों ने रन गति पर अंकुश लगाया और इसका फायदा उन्हें 10वें ओवर में वुलफार्ट के विकेट के साथ मिला।

वुलफार्ट ने एकलेस्टन की गेंद पर आउट होने से पहले 26 गेंद में चार चौके लगाये। हरलीन देओल जहां तेजी से रन बनाने में संघर्ष कर रही थी तो वहीं क्रीज पर आयी लिचफील्ड ने 11वें ओवर में अटापट्टू के खिलाफ दो चौके जड़ दिये। राजेश्वरी ने हरलीन की 24 गेंद में 18 रन की पारी को खत्म किया। लिचफील्ड को इसके बाद 15वें ओवर में जीवनदान मिला।एकलेस्टन की गेंद पर दीप्ति शर्मा ने उनका आसान कैच टपकाया। उन्होंने 16वें ओवर में ग्रेस हैरिस के खिलाफ चौका जड़कर इसका जश्न मनाया। इसी ओवर में गार्डनर ने पारी का पहला छक्का जड़ टीम के स्कोर को 100 के पार पहुंचाया। लिचफील्ड ने 17वें ओवर में दीप्ति के खिलाफ छक्का लगाकर गार्डनर के साथ अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। 19वें ओवर में एक्लेस्टन की गेंद पर रिवर्स स्कूप शॉट खेलने की कोशिश में गर्डनर गेंद को अटापट्टू के हाथों में खेल बैठी।

विमेंस प्रीमियर लीग

## फैन ने आरसीबी की श्रेयंका पाटिल को दिया शादी का प्रपोजल, डगआउट में खिलाड़ियों की नहीं रुकी हंसी

विमेंस प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने धमाकेदार शुरुआत की है। स्मृति मंधाना के नेतृत्व वाली टीम ने अपने शुरुआती दोनों मैच जीते हैं। मंगलवार को आरसीबी ने गुजरात जायंट्स को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करके गुजरात जाइंट्स को सात विकेट पर 107 रन पर रोक दिया। आरसीबी की टीम ने 45 गेंद शेष रहते ये लक्ष्य हासिल कर लिया है और पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंच गई है। बैंगलोर की पारी के दौरान एक फैन ने प्लेकार्ड पर श्रेयंका पाटिल को शादी के लिए प्रपोजल दिया था, कैमरे पर प्लेकार्ड दिखते ही आरसीबी के खेमे में खिलाड़ी मुस्कुराते हुए नजर आए।



भारतीय ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल जारी सीजन में ज्यादा प्रभावित नहीं कर सकीं हैं। लेकिन वह दोनों मैचों में टीम का हिस्सा रहीं हैं। बैंगलोर की पारी के 7वें ओवर में टीवी पर कुछ फैंस दिखाई दिए, जिसमें से एक ने प्लेकार्ड ले रखा था, जिस पर लिखा क्या तुम मुझसे शादी करोगी श्रेयंका पाटिल। प्लेकार्ड जैसे ही टीवी पर दिखा डगआउट में बैठे आरसीबी के खिलाड़ी मुस्कुराते हुए नजर आए। मैच की बात करें तो स्मृति मंधाना ने 27 गेंद में आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 43 रन बनाए।



# मैं वही फिल्में करना चाहता हूं, जो लोगों को टच करे

**बॉलिवुड में सनम तेरी कसम जैसी चर्चित फिल्म देने वाले एक्टर हर्षवर्धन राणे ने साउथ में काफी काम किया है। जिंदगी और करियर में संघर्ष करने वाले हर्ष इन दिनों चर्चा में हैं अपनी नई फिल्म दंगे से।**

**आपने अपने करियर की शुरुआत सनम तेरी कसम जैसी फिल्म से की, साउथ में काफी काम किया, मगर हिंदी फिल्म जगत में आप चुनिंदा काम क्यों करते हैं?**
जहां तक चुनिंदा काम की बात है, तो मैं वही फिल्में देखना चाहता हूं, जो लोगों को टच करें। तारा वर्सेज बिलाल में मेरी परफॉर्मेंस ने कई लोगों को छुआ। तैश में भी लोगों को मेरा काम पसंद आया। सनम तेरी कसम में तो लोगों ने मुझे पसंद किया। मैं उम्मीद करता हूं कि दंगे में भी ऐसा ही हो। सच कहूं, तो मैं वेब सीरीज इसलिए भी नहीं कर पाया, क्योंकि वो मैं वो परिवार के साथ बैठकर देखना चाहता हूं। मैं गाली-गलोच वाला ऐसा कॉन्टेंट नहीं देना चाहता, जो मुझे अपने पैरेंट्स या किसी और के सामने शर्मिंदा होना पड़े या आंखें चुरानी पड़े।
**आप भले कॉलेज नहीं जा पाए, मगर हाल ही में आपने सायकॉलजी में डिप्लोमा लिया? आप अपनी फिल्म में कॉलेज बॉय का रोल प्ले कर रहे हैं।**
जी, मैंने हाल ही में कैंब्रिज से एक डिप्लोमा किया इमोशनल सायकॉलजी का। मैं मानता हूं कि एजुकेशन बहुत अहम हैं, मगर जो लोग पढ़ाई-लिखाई में अव्वल नहीं होते, इसका मतलब ये नहीं कि वे नकारा हैं। उस डिप्लोमा के बाद मुझे पता चला कि 9 तरह के इंटेलिजेंस होते हैं। स्कूल में हमें दो तरह के इंटेलिजेंस से वाकिफ कराया जाता है। एक है वर्बल और दूसरा है न्यूमेरिक। मैथ्स और लैंग्वेज, जबकि इसके अलावा स्पेस, म्यूजिकल, इंडक्टिव रीजनिंग जैसे 9 इंटेलिजेंस होते हैं। आप जब कहते हैं कि हमारा बच्चा स्कूल में अच्छे नंबर नहीं लाता, तो हो सकता है कि उसके पास कोई और विशेषता हो। मैं स्कूल में पढ़ाई-लिखाई में उतना मजबूत नहीं था। मगर बाद में मुझे पता चला कि मैं दूसरी चीजों में होशियार था। ये डिप्लोमा करके मुझे अच्छा लगा और आगे भी मैं पढ़ता रहूंगा। हालांकि निजी जिंदगी में तो मैं 12 वीं तक ही पढ़ा और उसके बाद घर से भाग गया था।
**रिलेशनशिप के मामले में आप कितने लकी हैं?**
मैं इतना ही कहूंगा कि मैं रिलेशनशिप के मामले में बेइंतेहा लकी हूं। भगवान, मेरे पैरेंट्स और मरहूम डैड का हाथ है इसमें। वो जो कहते हैं न दिल का मरहम, वो है मेरे पास। मैं इस बारे में बात करना पसंद नहीं करता, क्योंकि रिलेशनशिप की बातें करने के बाद आपको एक हफ्ते की अटेंशन मिलती है, मगर उसका आपकी फिल्म और करियर को कोई फायदा नहीं होता। मैं सोचता हूं कि क्या मैं यहां इसीलिए आया था? छुपाने वाली बात नहीं है, बस मैं सोचता हूं, इससे मेरे काम को क्या फायदा मिलेगा? मुझे नहीं करनी इस पर बात।
**अगर आपकी आगामी फिल्म दंगे की बात करूं, तो इसमें आपके लिए क्या खास है?**
मेरे लिए इसमें सबसे पहला आकर्षण बिजॉय नाम्बियार थे। उनके साथ मैं तैश में पहले भी काम कर चुका हूं। क्रिएटर के रूप में मैं उनसे बहुत मोहब्बत करता हूं। मैं उन फिल्मकारों से ज्यादा कनेक्ट कर पाता हूं, जो अपने काम को लेकर पागल हैं, जुनूनी हैं। जो पसीना बहाकर, रो कर बाल नोच कर फिल्में बनाते हैं, मुझे उनसे प्यार हो जाता है। बिजॉय सर में वही पागलपन है। वे चाहते तो इस फिल्म को साउथ एक्टर अर्जुन दास और कालिदास के साथ बना सकते थे, मगर उन्होंने अलग-अलग कास्टिंग करके शॉर्टकट नहीं अपनाया।



# औरतों को जब बॉडी शेमिंग किया जाता है तो बहुत दुख होता है

अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा इन दिनों अपने पॉडकास्ट व्हॉट द हेल नव्या के दूसरे सीजन को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही बातचीत में उन्होंने अपने इस शो के अलावा महिलाओं की बॉडी शेमिंग से लेकर बच्चन परिवार की सदस्य होने का प्रेशर और एक्टिंग छोड़ आंत्रप्रन्योर बनने का क्यों सोचा, इस पर बात की।

**आप बच्चन परिवार की विरासत के साथ-साथ खूबसूरत और प्रतिभाशाली भी हैं, तो लोगों को लगता था कि ये तो हीरोइन ही बनेगी, मगर आपने आंत्रप्रन्योर बनने की राह चुनी?**
मेरे पिता के तरफ का परिवार सालों से बिजनेस करता आया है। हमारा फैमिली बिजनेस भी है। हम ट्रैक्टर्स बनाते हैं। मेरे दादा, परदादा, दादी सभी फैमिली बिजनेस में हैं। ददिहाल की तरफ से बिजनेस है तो ननिहाल की तरफ से एंटरटेनमेंट। मगर मेरा रुझान हमेशा से बिजनेस की तरफ रहा, यही वजह है कि मैंने इस क्षेत्र को चुना। मुझे कभी भी हीरोइन नहीं बनना था। मैं खुश हूं कि मुझे वो चुनने का मौका मिला, जो मैं करना चाहती थी।आपने जैसा कहा कि मैं खूबसूरत हूं, तो मुझे हीरोइन बनना चाहिए था, मगर मेरा मानना है कि हर खूबसूरत लड़की हीरोइन नहीं बनती।
**आप लगातार महिला मुद्दों पर बातें करती आ रही हैं, मगर आपको लड़कियों से जुडी क्या बात सबसे ज्यादा परेशान करती है?**
हम लोग अपनी फाउंडेशन नवेली में एजुकेशन, हेल्थ, आंत्रप्रेन्योरशिप, लीगल अवेयरनेस जैसे चार पहलुओं पर काम करते हैं और हमने देखा है कि इन पहलुओं पर और ज्यादा काम करने की जरूरत है। हालांकि इन सभी क्षेत्रों में महिलाएं काफी आगे बढ़ी हैं। आज हमारे पास कई रोल मॉडल्स हैं, मगर मैं चाहती हूं कि ज्यादा से ज्यादा महिलाएं आगे बढ़ें। हम इस तरह की औरतों को सपोर्ट करना चाहते हैं। जैसे कि हमारा वुमन आईपीएल शुरू हो रहा है। हमारी वुमन एथलीट भी काफी कमाल कर रही हैं। मैं चाहती हूं सोशल मीडिया पर लोग बॉडी शेमिंग न करें। महिलाओं के रूप या शेप पर बात न करें। हम सभी अलग-अलग तरीके से सुंदर हैं। हम वूमनहुड को सेलिब्रेट करें। उस पर कमेंट्स न करें। जब भी किसी औरत की बॉडी पर कमेंट्स होते हैं, दुख होता है। मुझे ऑनलाइन अब्यूज बहुत परेशान करता है।
**लड़कियों को लेकर आपको कौन -सी बात हीनता का अहसास कराती है? कई बार वो हीनता डायरेक्ट नहीं होती।**
हमारे फाउंडेशन की शुरुआत मेंस्ट्रुअल हाइजीन से हुई थी। जो लोग इस पर बात नहीं करते थे। माहवारी खून को गंदा कहते थे। लड़कियां स्कूल या किचन में नहीं जा पाती थीं। इसे लेकर कई मिथ और टैबूज थे। इसे लेकर बहुत हीन महसूस करवाया जाता रहा है लड़कियों को। यह एक बड़ा मुद्दा है, जिस पर हम बदलाव लाने की कोशिश करते आ रहे हैं। हालांकि काफी बदलाव हुआ है।
**व्हॉट द हेल नव्या के दूसरे सीजन की क्या खास बात है?**
पहले सीजन को बहुत प्यार मिला। वो सीजन लोगों तक ऑडियो के माध्यम से पहुंचा था और इसमें नई बात ये है कि इसमें विडियो भी है। इस सीजन में हमने कोशिश की है कि पहले सीजन में हमने जिन मुद्दों पर बात की थी, इसमें हम उनकी गहराई में जाएं। इसके अलावा हमने आज की पीढ़ी को जोड़ने वाले विषयों पर भी बात की है। हमारे नए सीजन में नानी (जया बच्चन) और मॉम (श्वेता नन्दा) से जो बातचीत हुई है, उम्मीद है उससे नई जनरेशन और लोगों को नया नजरिया मिले।



# अगली फिल्म वेट्टैयान से सामने आया रजनीकांत का लुक, पुलिस की वर्दी में दिखे

साउथ सुपरस्टार रजनीकांत फिर से दर्शकों के लिए कुछ नया और खास लेकर आ रहे हैं। और शायद इस बार भी वह पुलिस का किरदार निभा रहे हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म वेट्टैयान से एक्टर का लुक लीक हुआ है। एक्टर टीजे ग्नानवेल की डायरेक्टेड फिल्म की शूटिंग के लिए देशभर में घूम रहे हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वह वर्दी में दिखाई दे रहे हैं। जैसे ही एक्टर रजनीकांत कार से बाहर निकलते हैं, फैन्स की भीड़ उन्हें घेर लेती है। उनके साथ फोटोज क्लिक करने लगते हैं। लेकिन एक्टर एक मिनट भी रुकते नहीं। वह सीधे उतरकर अंदर चले जाते हैं। अब एक्टर के इस लुक को देखकर लोग बेहद एक्साइटेड हो गए हैं। वह इंतजार कर रहे हैं कि कब वह दोबारा उन्हें बड़े पर्दे पर देखेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वेट्टैयन सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक एंटरटेनिंग एक्शन फिल्म है। बताया जा रहा है कि रजनीकांत एक मुस्लिम पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाएंगे। इसके पहले उन्हें फिल्म लाल सलाम में, रजनीकांत को मोइदीन भाई नाम के एक मुस्लिम व्यापारी की भूमिका निभाते हुए देखा गया था।

# बड़े मियां छोटे मियां की रिलीज से पहले सोनाक्षी के हाथ लगी एक और फिल्म



सोनाक्षी सिन्हा जल्द ही फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में नजर आएंगी। इस बीच उनके हाथ एक और फिल्म लगी है। जल्द ही वह विशाल राणा की फिल्म में नजर आएंगी। फिल्म का शीर्षक अभी तय नहीं है। इसका निर्देशन करण रावल करेंगे। विशाल राणा और सोनाक्षी दोनों ने इस आगामी प्रोजेक्ट को लेकर अपनी खुशी जताई है। इकोलोन प्रोडक्शंस के प्रमुख विशाल राणा अभिनेत्री सोनाक्षी के साथ अपनी आगामी रोमांटिक थ्रिलर फिल्म बनाने जा रहे हैं। करण रावल ने इसके निर्देशन की जिम्मेदारी संभाली है। सोनाक्षी सिन्हा ने नए प्रोजेक्ट को लेकर कहा, इकोलोन प्रोडक्शंस के साथ यह मेरी पहली फिल्म है। मैं हमेशा नए और शानदार किरदार अदा करने के लिए उत्साहित रहती हूं। यह फिल्म इस कड़ी में मेरी अगली यात्रा तय करेगी। इस फिल्म में थ्रिलिंग भूमिका अदा करने के लिए मैं बहुत खुश और बहुत उत्साहित हूं। इस फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होगी। फिल्म को लेकर बाकी जानकारी भी जल्द साझा की जाएंगी। बात करें फिल्म बड़े मियां छोटे मियां की तो यह फिल्म अप्रैल में रिलीज होने जा रही है। इसमें अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। दोनों अपने एक्शन का दम दिखाते नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है।

# दो पत्ती से फिल्म निर्माण में कदम रख रही हैं एक्ट्रेस कृति सेनन



अपकमिंग फिल्म दो पत्ती में अपने किरदार को लेकर एक्ट्रेस कृति सेनन ने खुलकर बात की। साथ ही कहा कि यह बतौर निर्माता उनकी पहली फिल्म है। कृति दो पत्ती से फिल्म निर्माण के क्षेत्र में कदम रख रही हैं, जिसमें काजोल भी हैं। अभिनेत्री ने अपना होम बैनर ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स शुरू करने के पीछे का कारण बताया। उन्होंने कहा कि इससे अधिक अवसर पैदा होंगे। कृति ने कहा, फिल्म मिमी के बाद मैं कुछ अलग करने की कोशिश कर रही थी। एक कलाकार के रूप में मैं संतुष्ट हूं लेकिन उन चीजों को करने के लिए खुद को प्रेरित कर रही हूं, जो मैंने पहले कभी नहीं किया। उन्होंने आगे कहा, मैं काफी समय से ऐसे मौके की तलाश में थी। एक एक्ट्रेस और निर्माता दोनों के रूप में दो पत्ती मेरे लिए वही अवसर है। शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित, दो पत्ती उत्तर भारत की पहाड़ियों पर आधारित एक मिस्ट्री थ्रिलर है। यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



# स्टेट वर्सेस आहूजा के किरदार से काफी जुड़ाव महसूस किया

अभिनेता अश्मित पटेल ने अपने करियर के एक छोटे से ब्रेक के बाद वॉचो एक्सक्लूसिव सीरीज़ स्टेट वर्सेस आहूजा के साथ स्क्रीन पर वापसी की, जिसमें उन्होंने नायक अंश आहूजा का किरदार निभाया है, जो एक बॉलीवुड अभिनेता है, जिस पर उसकी नौकरानी दीपा के बलात्कार का आरोप लगाया है। दीपा सावंत का यह किरदार अनुरेखा भगत द्वारा अभिनीत है। अभिनेता ने हाल ही में उन्हें किस चीज ने सीरीज़ का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया और उनका बाकि कलाकारों के साथ काम करने का अनुभव कैसा था, इस बारे में चर्चा की। अश्मित को जिस चीज़ ने इस सीरीज़ में भूमिका स्वीकार करने के लिए प्रेरित किया, उसके बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मैंने मेरे इस किरदार से कई चीज़ें सीखी हैं, क्योंकि यह एक ऐसे अभिनेता की भूमिका है, जिस पर कुछ चीज़ों का झूठा आरोप लगाया गया है, जो तुरंत मुझे मेरे कहानी के साथ जोड़ता है। मैंने मेरे किरदार के साथ जुड़ाव महसूस किया और मुझे लगा कि मैं यह किरदार निभाने के लिए एक सही कलाकार हूँ। मेरे किरदार की कई परतें थीं और यह कहानी भी अद्भुत थी। इसलिए, मैंने सोचा कि इसे स्वीकार करना मेरे लिए एक दिलचस्प चुनौती होगी। उन्होंने आगे कहा, इसके अलावा, जब मैं सीरीज़ के निर्माता सुरेश थॉमस से मिला, जिन्हें मैं कई वर्षों से जानता हूँ, तो मुझे काफी अच्छा लगा। सुरेश थॉमस मेरे पिताजी के पुराने व्यावसायिक सहयोगी हैं और उनके बीच वर्षों से व्यावसायिक संबंध रहे हैं। मैं उन्हें बचपन से जानता हूँ। जब वे इस प्रोजेक्ट के लिए मेरे पास पहुँचे, तो मुझे काफी आश्चर्य हुआ यह देखते हुए कि वे केवल संगीत व्यवसाय में थे और इस प्रोजेक्ट का निर्माण उनके पहले उपक्रमों में से एक था। पारिवारिक संबंध होने के कारण मुझे यह प्रोजेक्ट स्वीकार करना ही था। इसके अलावा, निर्देशक तरुण चोपड़ा ने मुझे पूरी स्क्रिप्ट सुनाई और मुझे वह बहुत पसंद आई। इसलिए, मेरे लिए यह प्रोजेक्ट एक जीत हासिल करने की तरह था और मेरे पास न कहने का कोई कारण ही नहीं था।

स्टेट वर्सेस आहूजा की टीम के साथ काम करने के अनुभव के बारे में बात करते हुए, अशिमत ने शेयर किया, सीन के बीच यदि कोई अत्यधिक भावनात्मक या गंभीर सीन नहीं रहता था, जिसके लिए गंभीर माहौल की आवश्यकता थी, तो वहाँ मौज-मस्ती वाला माहौल रहता था। निर्देशक तरूण चोपड़ा एक युवा और खुशमिजाज व्यक्ति हैं, जिनके साथ मेरी काफी अच्छी दोस्ती रही और मेरे सह-कलाकारों की वजह से भी सेट पर काफी पॉजिटिव माहौल रहता था। हालाँकि, वहाँ कोई बड़ी शरारतें नहीं थी, फिर भी एक पॉजिटिव माहौल था। उन्होंने आगे कहा, ईमानदारी से कहूँ, तो हम पूरे शो को सही समय सीमा के भीतर शूट करने में कामयाब रहे। कुछ छोटे-मोटे रीशूट के अलावा, सब कुछ सही तरह से आगे बढ़ा। हमने बैकअप की तैयारी भी रखी थी, लेकिन निर्धारित समय सीमा के भीतर हमारा काम पूरा हुआ। शुरुआत से ही सेट का माहौल इतना पॉजिटिव था कि मैं उस माहौल को आज भी भूल नहीं पाता। मैं और मेरी ऑनस्क्रीन पत्नी के साथ मैंने अपना पहला सीन शूट किया, जिसके बाद की शूटिंग बहुत अच्छे से और आसानी से खत्म हुई। एक हेवी सीन की शुरुआत से हमारे आत्मविश्वास को बढ़ने में मदद भी मिली। मैंने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा रहे सभी लोगों के साथ अच्छा समय बिताया।